समीक्षक कॉपी

978-2-3798-4166-8

डिज़ाइन द्वारा भविष्य के पुनर्मानवीकरण के लिए

द ओपन जर्नल ऑफ रीफ्यूचरिंग

शतवार्षिकी विशेषांक

वसंत 2131

ओपन डिज़ाइन सोसायटी, ओस्लो

विषय सूची:

04 **संपादकीय टीम के नोट्स**

09 **1. ग्लोकल (वैश्विक-स्थानीय) एनर्जी कल्चर्स: 22स्वीं सदी में विलक्षण स्वदेशिता के परे**

इरजा आओकी, परवे जेनलनि और मैनुएला कैडोगन द्वारा

1. चुराए हुए समय में जीना: जलवायु आपातकाल के विरोधाभास
    1.1 स्थान और समय में जलवायु आपातकाल
    1.2 जीवाश्म उपयोग करने वाले राष्ट्र का अपराधबोध
    1.3 ऊर्जा मिश्रण का हरित स्थानांतरण

2. जीवाश्म उन्मूलन और जलवायु सुधार
    2.1 कॉमन्स को फिर से सक्रिय करना
    2.2 सामाजिक रूप से उपयोगी ऊर्जा उत्पादन (2045-2076)
        2.2.1 जलवायु अवसंरचना और नगरपालिका माइक्रोग्रिड
        2.2.2 कार्बन पृथक्करण (सीक्वेस्टरिंग) समुदाय
        2.2.3 बढ़ती जैविक बैटरियाँ
        2.2.4 3डी ऑप्टिकल सौर सेल
    2.3 देशज ऊर्जा संस्कृतियों का उदय: मसीसी लोग (2076 के बाद)
        2.3.1 मसीसी ऊर्जा अनुष्ठान
        2.3.2 बायोऑर्गेनिक ऊर्जा में देशज हाई-टेक विकास

3. चर्चा

ग्रंथ सूची

35 **2. दुनियावी बनना: जलवायु लोचदार इलाक़े, सिम्बायोटिक फैब्रिकेशन और पारिस्थिकीय तंत्र के पुनर्जनन के बारे में**

के'एक्स अ, स्वाहिली और कैंटोनीज़ से अनुवादित

1. ब्रेकिंग लाइफ
    1.1 जैविक विनाश: जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाएं
    1.2 खिलाने वाले हाथों को काटना
    1.3 लैंड बैंक: टूटी हुई संधियाँ और स्वदेशी विलोपन
    1.4 वैधता का संकट

2. जीवन को पुनर्जीवित करना: वैश्विक जलवायु कार्यवाही के लिए सामाजिक स्वतंत्रता का नवीनीकरण
    2.1 पृथ्वी के अर्थशास्त्र पर पुनर्विचार
    2.2 रिक्लेमिंग कम्यूनिटी: सामाजिक जीवन का नवीकरण
    2.3 भूमि का विऔपनिवेशीकरण: स्वदेशी संप्रभुता को साकार करना

2.4 दीर्घकालीन कार्बन ड्राडाउन: रिवाइल्डिंग, जैव विविधता और कृषि पारिस्थितिक (2028-2054)
2.4.1 क्लाइमेट रेजिलिएंस जोन (सीआरज़ेड) के रिवाइल्डिंग नेटवर्क
2.4.2 न्यू मोम्बासा सीआरज़ेड के गुरिल्ला सीडर्स
2.5 परिवर्तनकारी लचीलापन: अखिल-देशज स्वायत्त क्षेत्र (2054 के बाद)
2.5.1 सहजीवी पारस्परिकता का उद्भव: एक आत्म-जागरूक अभ्यास
2.5.2 सीआरज़ेड के भीतर सहजीवी निर्माण

3. चर्चा

ग्रंथ सूची

67 **3. वेपरवेयर के परे: ब्लू रिपेरेशंस कार्यक्रम का स्मरण**
रज़िया जलदास, टन कोंपा और मौंग सॉ चौधरी द्वारा

1. नीले ग्रह पर जीवन: निरंतर प्रचुरता से अचानक असंगति तक
1.1 क्रायोस्फीयर गतिकी (डायनेमिक्स)
1.2 हाइड्रोडायनामिक्स
1.3 समुद्री जैव विविधता
1.4 पेयजल की तंगहाली और असल मानवीय लागतों के बारे में
1.5 कल्पना का संकट: ना आगे, ना पीछे का, ना कोई बाहर का रास्ता

2. जल ही जीवन है: नाम अनुरूप क्षतिपूर्ति
2.1 टेक्नोलॉजिकल कॉमन्स और ओपन टेक्नोलॉजी का सवाल
2.1.1 बायोरेमेडियल फैब्रिकेशन तकनीकें: बायोमिनरलाइज़र्स
2.1.2 डाउन टू अर्थ: सामुदायिक (सिम्बियोमेटलर्जी) सहजीवी-धातुकर्म का उद्भव
2.1.3 रेनमेकर्स, बर्फ़ीले स्तूप और कृत्रिम ग्लेशियर
2.2 हल्के नीले बिंदु से संबंध बनाना
2.2.1 विद्युत प्रवाल पुनर्वास परियोजना
2.2.2 सुंदरवन के काले मूंगे के दलदल

3. चर्चा

ग्रन्थ सूची

105 **4. उपसंहार**
ग्रन्थ सूची

110 **5. प्रौद्योगिकियों का परिशिष्ट**
ग्रन्थ सूची

संपादकीय टीम के नोट्स

‘द ओपन जर्नल ऑफ रीफ्यूचरिंग’ का शतवार्षिकी संस्करण आपके हाथों में है। हमारे प्रथम संस्करण के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में, हमारी संपादकीय टीम ने एक प्रयोग करने का फ़ैसला किया जिसमें विगत सदी में जलवायु क्षतिपूर्ति के लिए की गई ऐतिहासिक घटनाओं का लेखा-जोखा दिया जाना था। सन् 2121 के वसंत में, इस अवसर को दर्ज करने के लिए ओस्लो में ‘सेंटर फॉर रीफ्यूचरिंग स्टडीज़’ द्वारा एक शताब्दी व्याख्यान श्रृंखला की मेजबानी की गई। इस व्याख्यान श्रृंखला ने जलवायु को लेकर की गई कार्यवाही और निष्क्रियता की पिछली शताब्दी का अध्ययन करने हेतु एक अनुशासनात्मक गठबंधन बनाकर आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किए। इन व्याख्यानों में भविष्य के लिए दांव पर लगे मुद्दों को याद रखने और समझने की ख़ातिर अपने अतीत की ओर देखने पर ज़ोर दिया गया। नए जीवन का उत्साह जगाने वाले इन व्याख्यानों में, सह-वक्ताओं ने इस प्रकाशन में नई ऊर्जा और चर्चाओं को प्रेरित किया। हालाँकि, वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत मुद्दों की जटिलताओं से इत्तेफ़ाक रखते हुए, हमें इस विशेष शतवार्षिकी संस्करण के लिए स्थापित परंपराओं को तोड़ना पड़ा। छात्रवृत्ति की विशिष्ट प्रकृति के मद्देनज़र, हम वैसे तो आमतौर पर लेख प्रकाशित करते हैं, परंतु इस बार हमें यहाँ अपने ‘जर्नल’ की रवायत पर पुनर्विचार करके, सम्मेलन से उत्पन्न निष्कर्षों के दायरे में प्रतिक्रिया देने के लिए बाध्य होना पड़ा। यही कारण रहा कि हमने इस संस्करण के लिए तीन लंबे प्रारूप वाले अध्यायों के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया। हालाँकि, परंपरा के अनुरूप, यह अंक एक साथ कई वैश्विक भाषाओं में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी के तहत, प्रस्तुत संस्करण यहाँ हिंदी भाषा में प्रस्तुत है।

शुरुआती 21स्वीं सदी का अध्ययन करने वाले कई अध्येता सामाजिक परिवर्तनों की अपरिहार्यता को मानते हैं, जबकि इसमें ‘अपरिहार्य’ जैसा कुछ नहीं था। इस संस्करण में प्रस्तुत अध्यायों के माध्यम से, यहाँ उस वक़्त के संकटों को समझने का प्रयास किया गया है। जैसे, उस वक़्त क्या ज्ञात था और क्या नहीं, और कि लोगों ने चुनौतियों को समझने के बाद, अपने ज्ञान के साथ किस प्रकार की क्रियाओं या निष्क्रियताओं को अंजाम दिया। उस वक़्त में स्थापित मानव जीवन, प्राकृतिक वातावरण से अलगाव पर निर्भर था — अपनी ही पूँछ को खा जाने वाले सर्प की भाँति। वह व्यवस्था अपने आप में विरोधाभासी थी, अर्थात जिस प्रकृति की वह मरम्मत और देखभाल करने का दावा करती थी, उसी को नष्ट करने पर आमादा थी। ये विरोधाभास उन क्षणों में भी स्पष्ट नज़र आते थे, जब उन्होंने इन व्यवस्थाओं को बार-बार तहस-नहस किया और लगभग तुरंत ही उन्हें फिर से खड़ा कर दिया, जो कि विस्मयकारी बात थी, मानो कोई अन्य हल समाज की परिकल्पना के परे हो। सामाजिक परिकल्पना के इस तथाकथित ‘कैल्सीफिकेशन’ या ‘कल्पना की दरिद्रता’ ने, हमारे ग्रह पर जीवन को भारी क्षति पहुँचाई। जलवायु दहलीज़ का उल्लंघन इसमें प्रमुख था। इसी कारण, प्रस्तुत प्रकाशन आज के दौर में इन प्रवृत्तियों को संचालित करने वाली तर्कशीलता के विरुद्ध, ऐतिहासिक पुनर्निर्माण के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। हमें आज तक ऐसे समाज की परिकल्पना करना मुश्किल लगता है, जिसने जानते-बूझते हुए भी प्रसुप्त परंतु प्रकट स्वतंत्रताओं का अनुसरण करने की संभावनाओं की उपेक्षा की। योगदानकर्ताओं में से एक ने, इस प्रवृत्ति को “सभ्यता के अनुपात की एक विशाल मूर्खता” के रूप का नाम दिया। परंतु अकल्पनीय बाधाओं के बावजूद, जीवाश्म उन्मूलन और जलवायु सुधार हेतु संघर्ष करने वालों ने एक अलग समाज की कल्पना करने के रचनात्मक ‘दुस्साहस’ को जारी रखा। प्रस्तुत अध्याय ऐसे ही कुछ संघर्षों, जिनका हमारे पूर्वजों ने सामना किया और क्रूर दमन को झेला, को उजागर करने का प्रयास हैं।

इस प्रकार कभी-कभी यह भूलना सहज हो जाता है कि ‘क्लाइमेट रिपेरेशसन्स’ (जलवायु क्षतिपूर्ति) और ‘ब्लू रिपेरेशसन्स’ परियोजनाएं भी सुधार आंदोलन थे। इस दौर में रोजमर्रा के जीवन के पुनर्मानवीकरण ने कई मौलिक स्वतंत्रताओं को जीवित संस्कृतियों में परिपक्व होते देखा। दैनिक जीवन में जलवायु न्याय पर मोल-भाव संभव नहीं था। संरक्षण और सामाजिक स्वतंत्रता के संस्थानों का विस्तार उस समय स्वीकार्य ‘क्लाइमेट रेसिलयंस’ (जलवायु लचीलापन) आंदोलनों के लिए अतुलनीय रूप से अधिक सहजीवी साबित हुआ। शायद हमें इस अंक में लेखकों द्वारा वर्णित ‘सामाजिक स्वतंत्रता’ के अनुपस्थित रूपों की पुनर्कल्पना करनी पड़े। जिन स्वतंत्रताओं ने दुनिया पर एक ठोस प्रभाव डाला है, उनमें : क्लाइमेट

रेज़िलियंस ज़ोन से लेकर सर्व-देशज पुराने-विकास तक; नेटवर्क वाले 'म्यूनिसिपल माइक्रोग्रिड' से लेकर रेडियोधर्मी परिदृश्यों में उभरने वाली ऊर्जा संस्कृतियों के स्वदेशीकरण तक; दुस्साहस भरे रेनमेकर्स का सपना देखने की स्वतंत्रता से लेकर सिंबियोमेटालर्जिकल प्रेक्टिसेस की सफलताओं तक; तथा सभी ब्लैक कोरल रीफ़ (काली प्रवाल भित्तियों) की विशाल कोरल पुनर्वास परियोजनाओं तक शामिल हैं।

हम उम्मीद करते हैं कि इस प्रकाशन के पाठक, इसमें व्यक्त विचारों पर उतना ही ग़ौर करेंगे, जितना हमने इसे तैयार करने में किया है।

संपादकीय टीम
सेंटर फ़ॉर रीफ्यूचरिंग स्टडीज़
ओपन डिज़ाइन सोसाइटी, ओस्लो

ग्रहीय बोध

चित्रण: सेफिन अलेक्जेंडर

“ऊर्जा का संकट कभी था ही नहीं, जो था वो सभ्यता का संकट था।”

— नोम आपिहा (2016) मसीसी एल्डर्स द्वारा ओल्ड वर्ल्ड को लिखे पहले ख़त से

Vestas

1. ग्लोकल (वैश्विक-स्थानीय) एनर्जी कल्चर्स: 22स्वीं सदी में विलक्षण स्वदेशिता के परे

स्वीडिश, सामी, पुरुबोरा और पुर्तगाली भाषा से अनुदित

इरज़ा ऐइओकी

डिज़ाइन थीओरिसट,
ओपन साईंस इंस्टीट्यूट, इनारी

पार्वे ज़ेनलिन

सोशल एंथ्रोपोलोजिस्ट,
ओपन एंथ्रोपोलोजिकल सोसायटी, स्टॉकहोम

मैन्वेला कांडोगन

हिस्टोरियन ऑफ़ कलाईमेट चेंज
ओपन एंथ्रोपोलोजिकल सोसायटी, स्टॉकहोम

परिचय

बाईसवीं सदी में पिछली सदियों के जीवाश्म ईंधन की दीर्घकालिक विरासतों के चलते, ग्रहीय पारिस्थितिकीय तंत्र की तबाही बदस्तूर जारी है। औद्योगिक सभ्यता के उदय के साथ, पृथ्वी पर जीवन और यहाँ तक कि उसके स्वयं के लिए भी अस्तित्व का ख़तरा उत्पन्न हो गया है। प्रस्तुत अध्याय 22स्वीं सदी तक की इस अवधि की तकनीकी-ऐतिहासिक विरासतों की पड़ताल करता है, जो उस समय के हमारे पूर्वजों की वैश्विक ऊर्जा संस्कृतियों को समझने में मददगार साबित हो सकता है। सदियों से "सस्ते" जीवाश्म हाइड्रोकार्बन ईंधन का, पृथ्वी और समुद्र की गर्भ से दोहन के लिए वही संस्कृतियाँ ज़िम्मेदार थीं। लिहाजा, इस प्रक्रिया में संस्कृतियों ने सभ्यता को लगभग विनाश के कगार पर ला खड़ा किया। लेकिन, यह भी सच है कि साथ ही 22स्वीं सदी ने, इससे उबरने के कुछ आशाजनक संकेत भी दिखाए।

जबकि कई विद्वान इस अवधि को राजनीतिक, सामाजिक-आर्थिक और पारिस्थितिक संघर्षों के अभिलेखों के अंदर खोजते हैं। इसके उलट, यह अध्याय कुछ अक्षय ऊर्जा उदाहरणों के माध्यम से पुनर्योजी (रिजेंनरेटिव) एवं सामुदायिक लचीलेपन के व्यवहार की अधिक सुसंगत समझ बनाने के लिए कुछ दृष्टिकोणों की पड़ताल करता है। पिछली सदी में, दुनिया भर में अक्षय ऊर्जा के बुनियादी ढाँचे के परिवर्तन को सक्षम बनाने में अन्य क़िस्म के चलन भी उभरे। कुछ उपकरणों जैसे 'ऑर्गेनिक बैटरी प्रिंटर' और '3डी प्रिंटेड फाइबर-ऑप्टिक सौर सेल्स' को नगरपालिका माइक्रोग्रिड में एकीकृत किया गया। हम उन्हें यहाँ इसे मुमकिन बनाने वाले उनके संदर्भों में फ्रेमबद्ध करेंगे। इनसे विशिष्ट क्षेत्रों में उभरने वाले 'विलक्षण स्वदेशिता' के विकल्प निकल सकते हैं, जिन्होंने पुन: हमारे लिए ऊर्जा उत्पादन और खपत की अधिक सहजीवी धारणाओं को मौलिक रूप से परिभाषित किया। जैसे-जैसे जलवायु सुधार के लिए बहुल सामाजिक-सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय मार्ग विकसित होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे सांप्रदायिक जीवन के तकनीकी-सामाजिक क्षेत्रों का आमूल-चूल स्वदेशीकरण भी हो रहा है। एक नई संभावना है कि औसत ग्लोबल वार्मिंग ख़तरनाक दो डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरना शुरू हो सकता है।

कीवर्ड:

नवीकरणीय ऊर्जा

जलवायु परिवर्तन

जीवाश्म उन्मूलन

कार्बन असमानता

स्वदेशीकरण

1. चुराए हुए समय में जीना: जलवायु आपातकाल के विरोधाभास

स्वाभाविक तौर पर स्थान और समय की निरंतरता से पृथक, 22स्वीं सदी की चुनौतियाँ उससे पहले की सदी से भिन्न हैं। हालाँकि, इस सवाल का जवाब आज भी नहीं है कि हमारी सभ्यता का लगभग विनाश कैसे संभव हुआ? 22स्वीं सदी को लेकर की गई 'हॉटहाउस अर्थ' की भविष्यवाणी आज भी प्रासंगिक बनी हुई है (स्टीफन एवं अन्य, 2018; उबुम्वे, 2114)। जबकि, हाल ही में देखी गई वैश्विक ऊर्जा फुटप्रिंट में भारी कमी आना, संभावना के दायरे में आता है (रिचर्डसन, एवं अन्य, 2129)। परंतु इसके बावजूद, यह बदलाव बहुत उथल-पुथल भरा हो सकता है। इस दौरान पुनर्योजी, नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमणों के लिए आवश्यक नकारात्मक उत्सर्जन लूप लगातार बना रह सकता है । इन परिवर्तनों के उद्भव को समझने का प्रयास करने हेतु, उन्हें इस संदर्भ में समझना चाहिए कि वे आए कैसे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हॉटहाउस से परे भी मानवता के लिए एक स्थिर जीवमंडल संभव है।

1.1 स्थान और समय में जलवायु आपातकाल

दशकों से, इन सरोकारों की जांच करने वाली अंतर-सरकारी समितियाँ सर्वसम्मति से इस निष्कर्ष पर पहुँची कि संगठित मानव जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन लाने की आवश्यकता थी। उन्होंने जीवाश्म कार्बन उत्सर्जन को समाप्त करने और समूचे पारिस्थितिकीय तंत्र के सुविचारित विनाश' को रोकने के आह्वान के साथ-साथ, सरकारों से पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करने हेतु कठोर उपाय करने की सिफ़ारिश की (आईपीसीसी, 2018; आईपीबीईएस, 2019)। ऐसे प्रस्तावों के सार्वजनिक होते ही, सामाजिक-आर्थिक आधिपत्य वालों ने इन प्रस्तावों की उपेक्षा की। राष्ट्र-राज्यों और उनके शासकों ने मानव प्रगति की आड़ में, इंतेहाई आर्थिक विकास के लिए उल्लेखनीय रूप से विनाशकारी और तर्कहीन रास्ते को चुना। मानव सभ्यता, जहाँ एक ओर ग्रह के बेहद आवश्यक थर्मोडायनामिक थ्रेसहोल्ड को लाँघा जा रहा था; वहीं दूसरी ओर, मूल रूप से संकट के लिए ज़िम्मेवार तंत्र और संरचनाएं, हल प्रस्तावित करने में लगीं थीं (चित्र 1ए)।

कमरे में बंद हाथी की बड़ा हो जाने पर अनदेखी नहीं की जा सकती थी। पूर्व-औद्योगिक युग की तुलना में, कुल ऊर्जा खपत और उत्सर्जन में भारी वृद्धि देखी गई (चित्र 1बी)। नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, वैश्विक ऊर्जा प्रणाली (चित्र 2) में मौजूद जीवाश्म ईंधन के उपयोग फीके पड़ गए थे, यहाँ तक कि इस दौर में इसके



चित्र 1 सन् 2020 के आसपास के आँकड़ों से वैश्विक तापमान परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के कारणों के बारे में क्या ज्ञात था। ए) वैश्विक सतह के तापमान में परिवर्तन पुराजलवायु अभिलेखागार और प्रत्यक्ष टिप्पणियों से पुनर्निर्माण किया गया। बी) मानव और प्राकृतिक चालकों (भूरा), और केवल प्राकृतिक चालकों (सौर और ज्वालामुखीय गतिविधि (हरा) से वैश्विक सतह के तापमान में परिवर्तन। साभार: (आईपीसीसी, 2021)



चित्र 2 21स्वीं सदी की शुरुआत में नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण पथ ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने पर केंद्रित था, फिर भी वैश्विक कार्रवाई में अंतिम मिनट तक देरी हुई। यह एक चूक थी क्योंकि उस समय सभी ऊर्जा उपयोग का विद्युतीकरण नहीं किया जा सकता था और इनमें से कोई भी परिवर्तन होने से पहले समय अच्छा चल रहा था। छवि: अवर वर्ल्ड इन डेटा, 2019।

रुकने के कोई संकेत भी नहीं दिखाई दे रहे थे। जलवायु प्रणाली में इस जड़ता को देखते हुए, उत्सर्जन के 'वार्मिंग' प्रभाव लगभग तीन दशकों तक दिखाई नहीं देने थे। इस 'कार्बन अंतराल' के कारण, जितनी वार्मिंग क़ैद होनी थी पहले ही हो चुकी थी। अगर रातों-रात भी वैश्विक उत्सर्जन शून्य कर दिया जाता तब भी कोई फ़र्क़ पड़ने वाला नहीं था। हालाँकि, यह उस समय संभव नहीं लगता था (रऊफ, 2064)। दुनिया ने राहत कार्यवाही करने में जितनी देर लगाई, उत्सर्जन में भारी कमी के लिए किया जाने वाला वक्र उतना ही ऊँचा होता गया (चित्र 2)। इन परिस्थितियों में, 'बिज़नेस-एज़-यूज़ुअल' के चलते ऊर्जा प्रणाली के ऐतिहासिक जीवाश्म उत्सर्जन को, अक्षय ऊर्जा संबोधित नहीं कर सकी। वैश्विक ऊर्जा मिश्रण में मौजूदा जीवाश्म ईंधन बुनियादी ढाँचे के हिस्से को मौलिक रूप से अनुबंधित करना पड़ा (चित्र 2)। दूसरे, आवश्यक सभ्यता संबंधी कार्यों के लिए जो ऊर्जा आवश्यक थी, उन्हें इसे बनाने में लगने वाले समय के एक अंश से भी कम समय में नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता थी (चित्र 2)।

1.2 जीवाश्म उपयोग करने वाले राष्ट्र का अपराधबोध

इन आर्थिक व्यवस्थाओं के तहत् 'विकसित' राष्ट्रों की संपत्ति औपनिवेशिक, उत्तर-औपनिवेशिक और नव-औपनिवेशिक शासन काल की पांच शताब्दियों से अधिक की विरासतों पर निर्भर थी। आर्थिक संकेतकों पर निर्भर लिविंग बायोस्फ़ीयर' या जीवमंडल को "पूँजी संचय का वर्चस्व" क़ायम करने वाला, सामाजिक-आर्थिक प्रयोगों की सफलता का मानदंड माना जाता था। पिछली कुछ सदियां कोयले, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की बदौलत, शायद, हमारी चर्चा के लिए अधिक प्रासंगिक है (उबुम्वे, 2114), जब जीवाश्म ईंधन के 'सस्तेपन' के कारण निष्कर्षण संचय के लिए क्षमताओं में तेजी से वृद्धि हुई है। इन संसाधनों की प्रचुरता और सब्सिडी वाले निष्कर्षण ने, उन्हें ऊर्जा के "सस्ते" स्रोत बना दिया था। समय के साथ, इसने शोषण और वर्चस्व विस्तार के नव-औपनिवेशिक रूपों को सक्षम करके लचर निर्भरता भी पैदा की (पटेल और मूर, 2017; उबुम्वे, 2114)।

ईंधन के इस सस्तेपन से प्रेरित होकर, 'राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था' नामक एक अमूर्त इकाई अस्तित्व में आई। बीसवीं सदी की शुरुआत में यह इकाई अधिशेष युद्ध उत्पादन के योजना प्रबंधन एवं संकटों से बचाव के लिए, मौद्रिक वितरण के नियंत्रण में उपयोग में लाई गई। मैक्रो-इकोनॉमी के साथ शुद्ध विनिमय मूल्य की ऐसी अर्थव्यवस्था को मापने के लिए, संकेतक और उपकरण विकसित किए गए। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अब अप्रचलित मानदंड उस समय प्रमुख राज्य-पूंजीवादी प्रणालियों की स्थिति को मापने हेतु विश्वसनीय उपकरणों में से एक था और इसे इसी तरह समझा गया था। भले ही ये उपाय, केवल मनगढ़ंत सार थे (मैथिली और तेनजिंग, 2106)।

हालाँकि, इन आर्थिक मॉडलों ने गुणवत्ता से भरे जीवन के लिए समाज की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद की या नहीं, यह एक अलेह्दा मसला था (मुंडा, 2058; उबुम्वे, 2114)। दुनिया भर में राष्ट्रों के बीच इसने कुछ 'विशेषाधिकार प्राप्त राष्ट्रों' का गठन किया, जिनका उत्सर्जन गरीब राष्ट्रों से कहीं अधिक था (अल्थोर एवं अन्य, 2016; दून, 2035; आईपीबीईएस, 2043; ऑक्सफैम, 2015)। इन असमानताओं को ऐतिहासिक औपनिवेशिक लूट की नाजायज विरासतों पर क़ायम किया गया था और यह इसी शोषण पर आधारित था (हिकेल, 2018)। इसके अलावा, यह भी एक सवाल था कि किन सामाजिक-आर्थिक वर्गों को अपनी जीवन शैली के उत्सर्जन को बदलना है। कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि जीवनशैली उत्सर्जन की जिम्मेदारी, आर्थिक पदानुक्रम से तय होती है (अल्थोर एवं अन्य, 2016; चांसल और पिकेटी, 2015; दून, 2035; उबुमवे, 2114)। वैश्वीकृत आर्थिक क्रम में सभी महाद्वीपों में फैले शीर्ष के 10 प्रतिशत उत्सर्जक देशों के उत्सर्जन, निम्नतम आय समूह के उत्सर्जन के लगभग दो हजार गुना के लिए जिम्मेदार थे (चांसल एंड पिकेटी, 2015)। इसके अलावा, शीर्ष के 10 प्रतिशत वाले ये "समृद्धि के उत्सर्जन", कुल वैश्विक उत्सर्जन के 45 प्रतिशत उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार थे; और निचले क्रम के 50 प्रतिशत में सबसे गरीब लोगों में "निर्वाह उत्सर्जन" का वैश्विक उत्सर्जन मात्र 13 प्रतिशत था (चित्र 3)।

जबकि 'उत्तर-औपनिवेशिक काल' ने इन संबंधों में कुछ ठोस पुनर्व्यवस्था देखी थी। फिर भी, तथाकथित "वैश्विक उत्तर" से पारिस्थितिक के कई पैटर्न, विकास के एक ढर्रे के रूप में "वैश्विक दक्षिण" के भीतर गहरे समा गए थे। इस प्रकार, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि तो हुई, लेकिन निष्कर्षण ने प्राकृतिक आवासों का बेरोकटोक इस्तेमाल भी किया (रेमंड, 2044)। जहाँ भी ऐसी व्यवस्थाएँ उभरीं, संक्षिप्त चक्रीय अवधियों में एक अभूतपूर्व मुनाफ़ा कमाया गया। इतना मुनाफ़ा जो सभ्यता ने पहले कभी नहीं देखा था। यह मानवीय संबंधों और प्राकृतिक संसार से निचोड़ा हुआ मुनाफ़ा था। हालाँकि, इस मुनाफ़े का अधिकांश भाग इन व्यवस्थाओं के तहत् सृजित 'विकास' के रूप में प्रकट हुआ, जिसका इस्तेमाल तुरंत ही आगे की 'वृद्धि' को तेज़ करने के लिए किया गया (मैथिली और तेनजिंग, 2106)। इक्कीसवीं सदी की औद्योगिक दुनिया इसी तरह की विरासत से उत्पन्न हुई थी। इसने यह यात्रा हाशिए के लोगों और तथाकथित 'जंगली प्रकृति' (हिकेल, 2018; मुंडा, 2058; थेकेकारा, 2019) की पीठ पर चढ़कर तय की थी। मुनाफ़ाखोरी और जीवमंडल एक-दूसरे के दुश्मन हो चुके थे। लिहाजा, एक राष्ट्र की संपत्ति में, भूमि और लोगों की तिलांजलि दी गई (मुंडा, 2058; उबुम्वे, 2114)।

जीवाश्म ईंधन के सस्ते होने के साथ, विविध मौसमी ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर समाजों के पास अब अपनी जरूरतों को



चित्र 3 सन् 2015 में दुनिया में शीर्ष 10, मध्य 40 और निचले 50% उत्सर्जकों का विश्लेषण। दुनिया की सबसे अमीर आबादी, गरीबों की तुलना में कहीं अधिक उपभोग कर रही थी। शीर्ष 10% वैश्विक उत्सर्जकों में भी, कार्बन डायआक्साइड उत्सर्जन का 40% अमरिकी नागरिकों, 20% यूरोपीय संघ और 10% चीन से था। साभार: (चांसल और पिकेटी, 2015)

पूरा करने के लिए अधिक ऊर्जा-घने जीवाश्म स्रोतों तक पहुँच थी। हालाँकि, ये नए स्रोत मौजूदा क्षमताओं से बढ़कर काम कर रहे थे ।इसका नतीजा यह हुआ कि अंततः वे सभी मोर्चों पर खपत बढ़ा रहे थे। उनके द्वारा बनाए गए भौतिक अधिशेष के बावजूद, अनंत आर्थिक विकास के प्रतिमान के तहत् कार्य करते हुए, वैश्विक ऊर्जा मिश्रण के लिए जीवाश्म ईंधन के बुनियादी ढाँचे ने तौर-तरीकों में खपत को और तेज कर दिया। इसने संसाधनों के लिए नए कृत्रिम बाजारों की खोज की और निष्कर्षण क्षमता में वृद्धि की (पोलिमेनी, 2008; उबुम्वे, 2114; यॉर्क, 2017)। यह प्रवृत्ति, जिसे 'जेवन्स' विरोधाभास कहा जाता है, वायुमंडलीय ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्यों को और अपनी पटरी से उतारने का काम करेगी।

सन् 1970 के दशक में, इन जीवाश्म ईंधन संस्थानों और उनके संरक्षक राष्ट्र-राज्यों के ऊँचे पदों पर बैठे लोगों को उन रिपोर्टों से अवगत कराया गया था। इन रिपोर्टों में कहा गया था कि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के रुख से पृथ्वी की पारिस्थितिकीय वहन क्षमता टूटने के कगार पर पहुँच सकती है (स्पेथ, 2021)। वैश्विक सामाजिक चेतना में आने वाले संकटों की गंभीरता से बहुत पहले, अपरिहार्य की प्रकृति को जानने के बजाय, इस ज्ञान को विज्ञान के बारे में संदेह बोने और सार्वजनिक धारणाओं को धूमिल करने के साथ-साथ, नाजायज लाभ को बढ़ाने के लिए नियोजित किया गया (हॉल, 2015; स्पीथ, 2021)। इस अवधि में नवउदारवादी अर्थशास्त्र के तहत् सामाजिक अनुबंधों का और अधिक विघटन हुआ और सरोकारी सामाजिक संस्थानों को नष्ट कर दिया गया। प्रत्येक बीतती पीढ़ी के साथ, समाज का उज्ज्वल भविष्य धूमिल होता चला गया।

वास्तविक और काल्पनिक क़िस्म के मँडराते खतरों के सामने दुनिया के लिए जलवायु चिंता और भय की इस पृष्ठभूमि में, अधिनायकवादी तंत्र से गुहार लगाना आम हो गया था। जलवायु स्थिति को लेकर बड़े पैमाने पर दुष्प्रचार की हथियारबंदी ने असंगत और अतिशयोक्तिपूर्ण मनगढ़ंत अफ़वाहों को बढ़ावा दिया। जीवाश्म ईंधन के पैरोकार, इन सस्थानों ने (पैटरनो-नेशनलिस्टिक) संरक्षक-राष्ट्रवादी आंदोलनों को बढ़ावा देते हुए असंतुष्ट आबादी के गुस्से को, सबसे कमजोर तबक़ों के खिलाफ दमन चक्र चलाने में संचालित किया (माल्म और द ज़ेटकिन कलेक्टिव, 2021; मिश्रा, 2017; रॉबिन्सन, 2019; ज़ुबॉफ़, 2019)। असल में, यह प्राकृतिक विच्छेदन (इकोसाइडल), जलवायु निषेध का विस्तृत रुप था, जिसे जलवायु कार्यवाही के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इस प्रकार, मानवता के अब तक के इतिहास में वायुमंडल में उत्सर्जित होने वाले आधे से अधिक जीवाश्म कार्बन के दुष्परिणामों से मानवता पूरी तरह से अवगत थी (वालेस-वेल्स, 2019)।

1.3 ऊर्जा मिश्रण का हरित स्थानांतरण

हालात की तात्कालिकता को देखते हुए, जलवायु संकट की कुछ चुनौतियों के सामने आने के बाद मिटिगेशन रणनीतियों को आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण हो गया था। हालाँकि, सर्वशक्तिमान जीवाश्म ईंधन कार्टेल के कारण, उस समय अक्षय ऊर्जा संक्रमण में व्यवस्थित महत्वपूर्ण निवेश नाकाफ़ी बना रहा। इस पृष्ठभूमि में नवीकरणीय ऊर्जा, वैश्विक ऊर्जा ग्रिड का विद्युतीकरण केवल बिजली उत्पादन तक ही सीमित थी, जो कुल ऊर्जा उपयोग (रेमंड, 2044) का एक बहुत छोटा सा अंश था। नवीकरणीय ऊर्जा के साथ, ऊर्जा के बुनियादी ढाँचे को समान दरों पर विद्युतीकरण करने के लिए वैश्विक स्तर पर घातक जीवाश्म ऊर्जा खपत की समग्रता को भी संबोधित करना होगा (चित्र 4ए)। वैश्विक राजनीतिक हलकों में से कईयों ने जीवाश्म ईंधन स्रोतों (गोर, 2016) की तुलना में इन नवीकरणीय ऊर्जा के विकास और इसके भारी 'सस्तेपन' पर भी आश्चर्य व्यक्त किया। यह 'सस्तापन' शोषित, गुलाम, और हाशिए पर पड़े निकायों और पारिस्थितिक के माध्यम से गठित एक नव-औपनिवेशिक आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर करता था, जो उनके अनुसार हिंसा और पारिस्थितिकीय विनाश के निशान छोड़गा (दून, 2035)।

समृद्ध खपत के समान स्तरों पर एक पूर्ण नवीकरणीय संक्रमण, वैश्विक ऊर्जा ग्रिड के किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव से पहले, सभी महत्वपूर्ण संसाधनों की कमी को सुनिश्चित करने वाला होगा (गार्सिया-ओलिवारेस एंड सोल, 2015)। इस बात को इंगित किया गया कि अकेले यही तथ्य पहले से चल रही तत्कालीन पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं को ध्वस्त कर देने वाला साबित होगा (गार्सिया-ओलिवारेस एंड सोल, 2015)। वैज्ञानिकों (रिपल एवं अन्य, 2017, 2019) के कई चेतावनी संकेतों के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग बेरोकटोक जारी रही (डियाज़, एवं अन्य, 2019), जबकि "हरित विकास" की संभावनाएं असंभव जान पड़ती थीं (हिकेल और कैलिस, 2019)। वैश्विक स्तर पर, ये अदूरदर्शी लक्ष्य थे, जो आवश्यक सामाजिक बुनियादी ढाँचे के बजाय किराए पर लिए जाने वाली वस्तु के रुप में ऊर्जा पर केंद्रित थे, और जो पारिस्थितिक लागतों को और अधिक बढ़ा रहे थे।

इसी दौरान, दुनिया भी कल्पित 'नकारात्मक उत्सर्जन प्रौद्योगिकी' के पक्ष में खड़ी थी। चुनांचे, उत्सर्जन लक्ष्यों को



चित्र 4 ए) वैश्विक ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा जीवाश्म ईंधन की खपत की तुलना में बहुत कम था। बी) वैश्विक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन की घातीय वृद्धि (2020 से)। छवि: हैनसेन (2020)

पूरा करने का समय तेज़ी से निकला जा रहा था (आईपीसीसी, 2018, 2028)। कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज (सीसीएस) प्रौद्योगिकी के तकनीकी-फिक्स समाधान, अक्सर जिम्मेदारी से बचने के लिए जीवाश्म ईंधन संस्थानों द्वारा पेश किए जाते थे, जो कभी भी आवश्यक पैमाने पर उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा, तेजी से डीकार्बोनाइजेशन तकनीकों के काम करने हेतु, उन्हें उत्पादन, संचालन और गति के अभूतपूर्व वैश्विक पैमानों पर लागू किया जाना आवश्यक था। इसके अतिरिक्त, इन प्रणालियों के उत्पादन, कार्य और रखरखाव के लिए आवश्यक ऊर्जा कार्बन-नकारात्मक स्रोतों से आने के लिए आवश्यक था ताकि जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने का कोई अवसर मिल सके (दून, 2035)। उस समय औद्योगिक समाज के मौजूदा भौतिक पदचिह्न (ज़ालासिविक्ज़, एवं अन्य, 2016) को देखते हुए, यह अकल्पनीय लग रहा था कि कार्बन पृथक्करण कार्यक्रमों को बड़े पैमाने पर अपनाना आवश्यक पैमानों के लिए पर्याप्त होगा, जैसा कि चित्र 4बी में दिखाया गया है।

कुछ समय के लिए यह साफ़ था कि एक सतत आर्थिक विकास कार्यक्रम के भीतर, ये उत्सर्जन पथ पृथ्वी के वातावरण की भलाई के साथ बुनियादी रूप से असंगत थे। इस प्रकार, जबकि ग्लोबल वार्मिंग के रुझान में तेजी जारी रही (जू एवं अन्य, 2018), वैश्विक औसत तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने देने के तमाम रास्ते बचकाने जान पड़ते थे (श्वार्ट्ज, 2018)। हमारे पूर्वज तेज़ी से विनाश की ओर बढ़ रहे थे। भले ही उनके मुताबिक़ यह स्थिति अनजाने में उनके वंशजों के भविष्य की आर्थिक संभावनाओं को नष्ट करने की कीमत पर आया हो (गार्सिया-ओलिवारेस और सोले, 2015; उबुमवे, 2114)। आज, हम जानते हैं कि अस्तित्वगत खतरा, ख़तरों के मूल में अभी तक अनउत्तरित, सभ्यतागत प्रश्न का एक लक्षण था, जो आज एक सदी बाद भी उस युग के इतिहासकारों को ग़लत साबित करने वाला था।

2. जीवाश्म उन्मूलन और जलवायु सुधार

सन् 2020 तक, जलवायु लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस के बजाय 2 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की ओर अग्रसर होने लगे थे। साल-दर-साल प्रत्येक जलवायु शिखर सम्मेलन में वादे तो किए गए, लेकिन जिन्हें कभी अमल में नहीं लाया गया। इससे समाज में व्यापक स्तर पर उपजे ग़ुस्से ने वैश्विक जलवायु विद्रोह आंदोलनों को जन्म दिया। ये आंदोलन लगातार उग्र होते चले गए। इन उग्र होते आंदोलनों के चलते सामाजिक जीवन का सैन्यीकरण और उस पर आने वाली लागत बढ़ती चली गई (वेमुला, 2116)। लोगों का गुस्सा साफ़ था, जब यह महसूस किया गया कि उनके पास अब पर्याप्त समय नहीं बचा था और कठोर विकल्पों से कम कुछ भी जलवायु न्याय (आईपीसीसी, 2028) के लिए वैध नहीं रह गया था। नई जलवायु संधियों के विकसित होने के बावजूद, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संरचनाओं के लिए अपनी वैधता बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा था। जब यूनिवर्सल क्लाइमेट जस्टिस (यूसीजे) संधि को एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौते के रूप में 170 से अधिक देशों द्वारा पारित किया गया, तब तक इसका प्रभाव स्पष्ट नहीं था, या शायद चुनौती और आवश्यक तात्कालिकता के लिए यह पर्याप्त नहीं था (अचिबे, 2029)।

जल्द ही इस संधि पर, जीवाश्म उन्मूलन आंदोलन के रहस्योद्घाटन हावी हो गए। मुकदमेबाजी के लंबे दशकों के बाद, अंततः "जीवाश्म-फासीवाद मीडिया कॉम्प्लेक्स" की कोशिश की गई और इसे मानवता और पारिस्थितिक (आईसीसी, 2039) के खिलाफ अपराधों का दोषी पाया गया। डोंजीगर आयोग की रिपोर्ट ने ख़ुलासा किया कि "जीवाश्म-फासीवाद-मीडिया कॉम्प्लेक्स" ने राष्ट्रवाद, बौद्धिकता-विरोध, सेंसरशिप, निष्कासन, और किलेबंद (माल्म एंड द ज़ेटकिन कलेक्टिव, 2021) के लिए हताश अपीलों के माध्यम से वैश्विक जलवायु परिवर्तन को नकारने में आधी सदी से अधिक तक ज़लवायु संकट को बढ़ाने में योगदान दिया। इस प्रतिक्रियावादी गठजोड़ ने जानबूझकर जनता के मन में संदेह का बीज बोकर तथा निराशा का माहौल पैदा करके, जलवायु कार्यवाही को ध्वस्त किया। उन्होंने "राजनीतिक पटल पर उदारवादी रणनीतियों की एक विशाल एवं जटिल श्रृंखला को संगठित किया, जो कत्तई भी स्थिरता के लिए प्रयासरत नहीं थी, क्योंकि यही असंगतता इसकी शक्ति थी" (आईसीसी, 2039)। इसकी पारिस्थितिकी संबंधी कार्यवाही ने मानव समाज को सामाजिक विनाश के खतरनाक कगार पर ला खड़ा किया था, जो भीषण मानवीय पीड़ा का सबब बनी और हमारे ग्रह पर सभी तरह के जीवन खतरे में पड़ गए (उबुमवे, 2114)। इन जीवाश्म ईंधन संस्थागत सांठगांठ को पारिस्थितिकीय विनाश के आरोप लगाकर भंग कर दिया गया, और उनकी संपत्ति को जलवायु सुधार (आईसीसी, 2039; उबुमवे, 2114) के लिए इस्तेमाल में लाया गया।

बेशक, यह फैसला अपने आप में पर्याप्त नहीं था। जीवाश्म उन्मूलन आंदोलन को दुनिया भर में निरंतर सामाजिक और राजनीतिक कार्यवाही द्वारा आगे बढ़ाया गया। इसके लिए जीवाश्म-चालित परियोजनाओं के बहिष्कार और विनिवेश के लिए मजबूर किया गया। उन्हें वैश्विक बाजारों से व्यवस्थित रुप से मिटा दिया गया। विश्व स्तर पर, जलवायु सभाएं और लोकतांत्रिक जनमत संग्रह, राष्ट्र-राज्यों को जवाब देने के लिए मजबूर और प्रवर्तन सुनिश्चित कर रहे थे। ये कार्यवाहियाँ विश्व स्तर पर जीवाश्म ऊर्जा अवसंरचना के ताबूत में अंतिम कील साबित हुई। विगत में किसी समय यह समय असंभव प्रतीत होता था (दून, 2035; उबुमवे, 2114)। क्लाइमेट रिपेरेशंस कार्यक्रम का इस्तेमाल, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की संपत्तियों के पुनर्वितरण और वापसी, मानवता के इतिहास में सामाजिक वित्त पोषण कार्यक्रमों का सबसे बड़ा पूल बनाने (दून, 2035), पर्यावरण-विनाश के लिए देशज समुदायों की क्षतिपूर्ति, देखभाल कार्य करने और जलवायु-लचीले बुनियादी ढाँचे के लिए संसाधन सुनिश्चित करने के लिए तुरंत पुनर्निर्देशित किया गया (वेमुला, 2116)।

2.1 कॉमन्स को फिर से सक्रिय करना

सन् 2030 के दशक के अंत तक, शायद ही कोई अंतरराष्ट्रीय जीवाश्म ईंधन संरचना बची हो। उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक चुकी थी। जीवाश्म संरचना के प्रयोग में ना आने पर और उनके बाजारों को समाप्त किए जाने के साथ, उनकी स्वामित्व वाली प्रौद्योगिकियों और बुनियादी ढाँचे को यूसीजे संधि के अनुसार 'ओपन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर' अनुच्छेद के तहत् खोल दिया गया और सामाजिक रुप से उपयोगी उत्पादन और पुनर्निर्माण के लिए पुनर्वितरित किया गया (क्यूएंटस एवं अन्य, 2029; देवी, 2035)। संधि के कई पहलुओं में से एक बिना शर्त, सार्वभौमिक रहने योग्य आय थी, जो वैश्विक समानता के साथ प्रत्येक जीवित व्यक्ति के लिए मौलिक आर्थिक स्वतंत्रता की गारंटी देने वाली थी (यूएनडीपी, 2029)। ग्लोबल साउथ और बाक़ी दुनिया भर में मानव विकास सूचकांकों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने में आई। एक झटके में वैश्विक गरीबी को कम कर दिया गया था (दून, 2035)। पुनर्मूल्यांकन फंड ने सामुदायिक बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने के लिए संसाधनों को वापस करने में भी मदद की। सहभागी निर्णय लेने पर स्थापित सहकारी संस्थागत स्वामित्व एक पूर्वापेक्षा थी। जीवन-यापन योग्य आय के कई समर्थकों और विरोधियों की अपेक्षाओं के विपरीत, दुनिया की आधी से अधिक आबादी अब दुर्बलता, गरीबी और काम करने की आवश्यकता से मुक्त हो चुकी थी। वह बेकार नहीं बैठी थी (दून, 2035; उबुम्वे, 2114; वेमुला, 2116)। पुराने 'ग्लोबल साउथ' के कई हिस्सों में, लोग स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, आवास और पारिस्थितिक अनुकूल खेती के सामाजिक, भागीदारी बुनियादी ढाँचे जैसे कार्यक्रमों को बनाने में व्यस्त हो गए।

मानव प्रगति आँकने की जीडीपी-आधारित मूल्यांकन पद्धति अब अप्रचलित हो चली थी। मानव और पारिस्थितिकीय कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना तथा जीवन की गुणवत्ता को अधिकतम करना अब प्राथमिकता बन चुका था। जीवाश्म सब्सिडी का इस्तेमाल पुनर्मूल्यांकन कार्यक्रमों को निर्देशित करने में किया जाने लगा था (ग्रेबर, 2014, 2018), जो तब तक, बड़े पैमाने पर अवैतनिक देखभाल कार्य के रुप में लिया जाता था (इलिच, 1980)। समाज के हाशिए पर रहने वाली महिलाओं और अन्य आबादी द्वारा किया जाने वाला यह काम तक ना समझे जाने वाला' 'देखभाल कार्य', समाज के पुनरुत्पादन के लिए आवश्यक बना रहा (दून, 2035)। इस फ्रेमिंग ने अर्थव्यवस्था के कहीं अधिक समग्र, 'पारिस्थितिक' दृष्टिकोण को समेकित किया। इसने कार्बन पदचिह्न को कम करके उत्सर्जन को सीधे प्रभावित किया और किसी भी अन्य नीति की तुलना में, सामाजिक-आर्थिक कल्याण में सुधार किया। हालाँकि, यह केवल

21स्वीं सदी की शुरुआत में एक हाशिए की घटना के रूप में जाना जाता था और इसे ज्यादातर आर्थिक संस्थाओं, गारंटीशुदा रहने योग्य आय, साप्ताहिक कार्य (फैबरे, 2032) दिवसों को तीन दिनों तक सीमित किया जाना था (पॉल, 2019)। औद्योगिक और आर्थिक बुनियादी ढाँचे, ढहने की बजाय डिजाइन द्वारा छोटे हो रहे थे। अतिरिक्त क्षमताओं को, सामाजिक स्वतंत्रता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं के पुनरुद्धार के लिए मोड़ दिया गया। कई अन्य अविकसित संचालित अर्थव्यवस्थाओं को सिकोड़ और संसाधनों को ज़रूरतमंद समुदायों को स्थानांतरित कर दिया गया।

यद्यपि विनियमित आर्थिक गतिविधियाँ नाटकीय रूप से धीमी हो गईं थीं, परंतु सामाजिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता के विस्तार ने समुदायों को अधिक जीवंत और लचीला बना दिया। सर्वांगीण कल्याण के दीर्घकालिक टिकाऊ सामाजिक सुरक्षा जाल की गारंटी दी गई (लाई, 2056)। 22स्वीं शताब्दी में 'कार्य सप्ताह' की धारणा हमें बेतुकी लग सकती है क्योंकि इस अवधि में सामाजिक क्षितिज का विस्तार चार-दिवसीय सप्ताहांत से शुरू हुआ, जो तथाकथित 'बकवास नौकरियों' से समाजों को मुक्त करता था (ग्रेबर, 2018)। इस प्रकार, समुदायों के पास बिना किसी दबाव के अपने जीवन और हितों को आगे बढ़ाने के लिए पहले से कहीं अधिक खाली समय था। जीवन-यापन योग्य आय कार्यक्रमों के खिलाफ कई घोषित चिंताओं के विपरीत, शायद ही 'उद्देश्य से रहित आलसी श्रमिक वर्ग में बोरियत की महामारी' थी। पारस्परिक सहायता के लिए समुदायों के एक साथ आने के साथ, सार्वजनिक कल्याण और सामाजिक सामंजस्य में उल्लेखनीय सुधार हो रहे थे। पारिस्थितिकीय तंत्र की बहाली, नदियों की सफाई, या सामुदायिक फार्म-टू-किचन कार्यक्रम स्थापित करने जैसी परियोजनाएं लागू की गईं थीं। इस तरह की कई पहलों ने पीपुल्स क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम (फैब्रे, 2032) के वैश्विक एकजुटता नेटवर्क में अपने स्वैच्छिक प्रयासों का समन्वय किया। सदी के अंत तक, 'काम' करने का मतलब, अन्य संबंधों की देखभाल के प्रति जिम्मेदारी थी। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति किसी ऐसे व्यक्ति को उपहार में दे सकता है जिससे वह अपनी रुचि का आनंद ले सके, जिससे वह संतुष्टि प्राप्त करने की आशा रखता हो। यह इतना आगे बढ़ा कि इनमें से कुछ कार्यों ने पहले से निष्क्रिय बौद्धिक ताकतों को ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी आंदोलनों के साथ उन्नत सामाजिक पुनरुद्धार और जलवायु लचीलेपन के लिए मुक्त कर दिया था (कुएंटस एवं अन्य, 2029)।

हालाँकि, इन चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक पटल पर उच्च स्तर के समन्वय की आवश्यकता थी। नई संधियों के शुरुआती दिनों में, आबादी में स्थापित सत्ता संरचनाओं से जमीन को स्वीकार करने का बहुत ज़बर्दस्त प्रतिरोध हुआ था। जिसे कभी नागरिक विज्ञान कहा जाता था, उसमें भागीदारी में इज़ाफ़ा देखा गया (वाइल्डशूट, 2017)। यह जल्द ही जलवायु कार्यवाही कार्यक्रमों को लोकतांत्रिक निर्णय लेने और लोकप्रिय भागीदारी के साथ जोड़ने वाली क्षेत्रीय और वैश्विक कार्यवाही का एक अभिन्न अंग बन गया। अति आवश्यक पारिस्थितिकीय और सामाजिक संक्रमणों को समन्वय के आधार पर, क्रमबद्ध लोकतांत्रिक जलवायु विधानसभाओं द्वारा संचालित किया गया। भौतिक रूप से, संपूर्ण औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं को सामाजिक रूप से प्रासंगिक जलवायु संरचना का निर्माण करने के लिए एक स्पष्ट जनादेश के साथ सामुदायिक नेतृत्व में लोकतांत्रिक रूप से स्थानांतरित कर दिया गया। इस "सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादन" के लिए स्थानीय, नगरपालिका स्तर पर परिष्कृत उच्च तकनीक विशेषज्ञता की आवश्यकता थी (कुली, 1987; देवी, 2035; स्मिथ, 2014)। जीवाश्म संरचना, भूमि जोत और तकनीकी संरचना, उन्नत प्रौद्योगिकियों को पुनः प्राप्त करने वाले स्थल बन गए। 'टेक्नो स्फीयर' के निर्माण स्थलों और युद्ध की अर्थव्यवस्थाओं पर उन लोगों का कब्जा था, जिन्होंने उनमें काम किया था और उन्हें सामुदायिक लचीलापन परियोजनाओं में फिट करने के लिए पुन: 'कॉन्फ़िगर' किया था (दून, 2035)।

स्थानीय सामाजिक-आर्थिक और औद्योगिक क्षमताओं की ओर निर्देशित संसाधनों ने, आवश्यक संस्थानों और सहकारी ढाँचे का निर्माण किया। इन ढाँचों ने सामुदायिक कृषि विज्ञान, जलवायु लचीलापन क्षेत्र (सीआरज़ेड), जल प्रबंधन और पारिस्थितिकीय तंत्र पुनर्जनन जैसी, अधिक प्रत्यक्ष-क्रिया जलवायु लचीलेपन वाले कार्यक्रमों का समर्थन किया। नई औद्योगिक संस्थाओं को स्रोत पर कार्बन नकारात्मक होने और आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन के पुनर्योजी साधनों पर निर्माण करने के लिए अनिवार्य किया गया। इन संस्थानों द्वारा नागरिक विज्ञान, खुले ज्ञान आंदोलनों और अकादमिक शोध निकायों को एकजुट करने वाले देशज कार्यवाही समूहों के साथ मिलकर होने वाले प्रयासों का समन्वय भी किया गया। यह उच्च तकनीक उत्पादन क्षमताओं के विकेंद्रीकरण और वितरण, अक्षय ऊर्जा कैप्चर तथा भंडारण द्वारा संचालित पुनर्योजी स्थानीय खपत चक्रों को बढ़ाने वाला था। अतीत की पुनर्योजी सामग्री संस्कृतियाँ मुख्यधारा में उभरी थीं, जो नगरपालिका फैबलैब्स के सिंडिकेटेड नेटवर्क द्वारा मजबूत की गईं, जो पहले कभी हाशिए पर थे (कोहटाला, 2016; अत्तियास एवं अन्य, 2017; केमेरे और करण, 2018)। मध्य शताब्दी तक बड़े पैमाने पर औद्योगिक उत्पादन की जगह, नागरिक विज्ञान और ओपन टेक पुस्तकालयों को स्वेच्छा से स्थापित किया जा रहा था (क्रेट्स, 2048)। पहले, ये प्रमुख तकनीकी-सामाजिक सफलताओं के स्थल बनने वाले थे, क्योंकि 'सामाजिक

रूप से उपयोगी उत्पादन' नागरिक और सांस्कृतिक पुनरुद्धार के लिए अधिक महत्वपूर्ण प्रयासों के भीतर शैक्षिक परिवर्तनों के साथ शामिल थे (न्गाटा, 2076)। अपने नगरपालिका कार्यकर्ता-संचालित संस्थानों और सामुदायिक निर्माण कार्यशालाओं के साथ, ये पुन: कॉन्फ़िगर किए गए संस्थान अर्थव्यवस्था के अधिक महत्वपूर्ण संक्रमण में महत्वपूर्ण साबित हुए। जबकि, उस समय यह जानना असंभव था कि क्या यह उत्सर्जन में कमी के लिए आवश्यक पैमानों पर ये काम कर सकते हैं या नहीं। सामाजिक-आर्थिक युगचटन से लैस ज्ञानी, निष्कर्षण के पुराने तर्क से पीछे हट रहे थे और आवश्यक मानवीय जरूरतों के लिए सहयोग के वैकल्पिक तर्क स्थापित कर रहे थे। इस दौरान फुरसत वाले समाज में: सीखने, खेलने, मनोरंजन और सहचर्य में सामाजिक खेलों को आगे बढ़ाने की समुदाय की क्षमता के साथ समकालिक सार्थक सामग्री बहुतायत में गहन छलांग लेती देखी जा सकती थी (देवी, 2035)। सामाजिक कल्याण का यह पहलू 'ग्रीन न्यू डील' आंदोलन के इर्द-गिर्द चलने वाली परिचर्चा से बुरी तरह गायब था (बर्न्स, 2019)।

दूसरी ओर, जटिल संस्कृतियों को खोजना ऐतिहासिक रूप से असामान्य नहीं था, जो पहले के भौतिक रूप से पूर्ण जीवन की तुलना में कम ऊर्जा पर रहते थे (ब्राउन, 2012)। सन् 2034 तक वैश्विक जीवाश्म अर्थव्यवस्था के अंतिम अवशेषों के ढहने और वैश्विक स्तर पर एक बंद-लूप शून्य/निम्न ऊर्जा प्रतिमान में स्थानांतरित होने के साथ, इन विकासों की भयावहता वैश्विक स्तर पर चौंका देने वाली थी।

2.2 सामाजिक रूप से उपयोगी ऊर्जा उत्पादन (2045-2076)

सन् 2040 के दशक के आसपास दुनिया ने, पारस्परिक सहकारी आंदोलनों की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संभावनाओं के रूप में सांस्कृतिक जीवन के नवीकरण के उद्भव को देखा; तथा, वैश्विक सामुदायिक कार्यवाही की तात्कालिकता पर आम सहमति के साथ, जलवायु लचीलेपन के लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर कदम बढ़ाया था। नतीज़तन, खपत में गिरावट के बावजूद मानव कल्याण में सुधार हुआ और कार्बन उत्सर्जन में भारी गिरावट देखी गई। संग्रहीत वायुमंडलीय कार्बन के उपयोग योग्य सामग्री रूपों में, अनिवार्य रूप से मानव गतिविधि और निष्क्रियता का व्यापक प्रभाव पड़ा (देवी, 2035)। एक लंबी और कठिन प्रक्रिया के बावजूद, लौटाई गई भूमि के क्षतिग्रस्त पारिस्थितिकीय तंत्र को देशी तरीक़े से ठीक करना मुमकिन हुआ (मुंडा, 2058)।

म्यूनिसिपल फैब्रिकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर ने स्थानीय स्तर पर संकलित फैब्रिकेशन केंद्र बनाने हेतु, अक्षय तकनीकी हस्तांतरण तंत्र को व्यापक पैमाने पर अपनाये जाने के प्रयास किए।(न्गाता, 2076)। बाजार प्रोत्साहन से परे, इसने आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं के लिए वैकल्पिक उत्पादन और वितरण चैनल बनाने हेतु नागरिक विज्ञान समूहों, मौलिक अनुसंधान केंद्रों और अन्य संस्थानों को जोड़ा (देवी, 2035)। ये लोकतांत्रिक संस्थान, स्थानीय नगरपालिका माइक्रोग्रिड्स के उत्पादन, वितरण, मरम्मत और रखरखाव जैसे जलवायु लचीलेपन के बुनियादी ढाँचे के तकनीकी प्रसार के केंद्र बना दिए गए। ग्रीन केमिस्ट्री और ओपन साइंस पर आधारित स्थानीय रूप से उपलब्ध उपकरणों और तकनीकी की मदद से ऊर्जा ग्रिड जैसे आवश्यक जलवायु लचीलेपन के बुनियादी ढाँचे का विकास, रेट्रोफिटिंग, अनुकूलन और विस्तार किए जाने की योजना बनाई गई। नगरपालिका स्तरों पर समुदायों को राजनीतिक और आर्थिक शक्ति के पुनर्वितरण के बाद, जीवाश्म ईंधन के नए तरीक़े के इस्तेमाल के बुनियादी ढाँचे और प्रौद्योगिकियों का विकास किया गया (देवी, 2035)। इस प्रकार ऊर्जा ग्रिडों का स्वामित्व और संचालन उन समुदायों द्वारा किया जाने लगा, जिन्हें प्लेटफ़ॉर्म सहकारी समितियाँ कहा जाता है (श्नाइडर, 2018)।

2.2.1 जलवायु अवसंरचना और नगरपालिका माइक्रोग्रिड

नगरपालिका ग्रिडों की रेट्रोफिटिंग सदियों से जीवाश्म ईंधन के कृत्रिम सस्तेपन से अधिक प्रचुर एवं पुनर्योजी रूपों में स्थानांतरित हो गई। माइक्रोग्रिड रेट्रोफिटेड सिस्टम का उद्देश्य सौर विकिरण को कैप्चर करना और स्रोत पर थर्मल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और जैविक ऊर्जा का उत्पादन करना था। ऊर्जा की मांग में भारी कमी आने के साथ, ऊर्जा ग्रिड को सामुदायिक स्वामित्व वाली सहकारी समितियों में बदलने से जलवायु शॉक के जवाब में विविध ऊर्जा स्रोतों और भंडारण की अनुमति देने वाली स्थानीय जरूरतों के लिए कहीं अधिक संगत किए गए समाधान प्राप्त हुए। इसके अलावा, बौद्धिक संपदा की मुक्ति से समुदायों के समग्र विकास के लिए अधिकांश आवश्यक उपयोगिताओं वाली वस्तुओं और सेवाओं को स्थानीय रूप से प्राप्त करना संभव हो गया (क्रेट्स, 2048)। इस प्रकार, ये अत्याधुनिक निर्माण प्रणालियों के परीक्षण स्थल बन गए और इसने कम ऊर्जा खपत वाली, सौम्य एवं स्थानीय सामग्री तकनीकों की खोज करना जारी रखा (देवी, 2035)। इन अवसंरचनाओं के निर्माण के लिए बहुत कम या कोई सन्निहित ऊर्जा नहीं होने के कारण, वे दीर्घजीवी थे। उन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी मरम्मत और पुन: उपयोग के साथ डिज़ाइन किया गया था। हरित रसायन पर आधारित इस बुनियादी ढाँचे ने पिछले दशकों से मौजूदा सौर बुनियादी ढाँचे को भी समायोजित किया,

जो ख़त्म होने के कगार पर थे और जिन्हें बचाव, रखरखाव और मरम्मत की जरूरत थी (देवी, 2035)।

प्रारंभिक चुनौतियों में से एक महत्वपूर्ण जलवायु-लचीली ऊर्जा अवसंरचना को आवश्यकता के बिंदु पर पुन: संयोजित करना, ऊर्जा उत्पादन, शहरी कृषि पारिस्थितिक, जल और स्वच्छता प्रणालियों को नगरपालिका स्तर पर बंद करना था (चित्र 5)। इस आधारभूत संरचना ने अति स्थानीयकृत कचरा प्रबंधन संचालन और ऊर्जा प्रबंधन को कई चरणों में उत्पन्न ऊर्जा के साथ सक्षम बनाया। पारंपरिक सिलिकॉन सौर पैनलों और अधिक उन्नत 3डी मुद्रित ऑप्टिकल सौर-कोशिकाओं के माध्यम से सौर-विकिरण को सीधे बिजली में परिवर्तित किया गया। फीडस्टॉक के रूप में स्थानीय कृषि पारिस्थितिक प्रयासों के लिए आवश्यक मिट्टी पोषक तत्वों को कैप्चर करने के लिए, बायोरिएक्टर को फ़रमेंटेशन-आधारित सेनिटेशन प्रणालियों से जोड़ा गया। माइक्रोवेव-संचालित प्लाज्मा-पायरोलिसिस को, इस जैविक कचरे को संसाधित (प्रोसेस) करने हेतु, मिट्टी पुनर्जनन के एक जैव सक्रिय माध्यम से 'सिन-गैस' और कार्बोनाइज्ड पदार्थ के रूप में किया जाने लगा (देवी, 2035)। इन थर्मल प्रबंधन प्रणालियों ने प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में प्रतिवर्ती (रिवर्सिबल) हीट पंपों का उपयोग किया ताकि, यदि आवश्यक हो तो, अक्षय ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु थर्मो-इलेक्ट्रिक अनुक्रमों के बीच बचे थर्मल ग्रेडियेंट में बदला जा सके। लंबे समय से पहले, इन ऊर्जा माइक्रोग्रिड्स को शहरी और ग्रामीण घरेलू ऊर्जा चक्रों (साइकिल) के जैव-ऑप्टो-रासायनिक-यांत्रिक साइकिल से जोड़ा गया और उत्पादन चक्र में अतिरिक्त चक्र लगाए गए।

इस चक्र ने ना केवल फोटोवोल्टिक्स और तापीय ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा को कैप्चर किया, बल्कि इसने ऐसा एकीकृत "बायोडायनामिक" नेटवर्क के भीतर कार्बन स्रोत पर ही प्रच्छादन (सीक्वेस्ट्रेशन-एट-सोर्स') के शुद्ध परिणाम के साथ किया (चित्र 5)। इनके साथ, ऊर्जा माइक्रोग्रिड के लिए एक वितरित, सामुदायिक मानक आकार ले रहा था। यूसीजे संधि के भीतर खुले प्रौद्योगिकी हस्तांतरण खंड के तहत् , सार्वजनिक डोमेन के लिए तकनीकी पेटेंट और अनुसंधान खोले गए (कुएंटास एवं अन्य, 2029)। नागरिक जुड़ाव और खुले शैक्षणिक अनुसंधान की बदौलत, प्रेरक विकास और सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादन को अपनाना आम हो गया। इन कार्यों ने बायोफिलिक फैब्रिकेशन सिस्टम, शैवाल-आधारित कार्बनिक बैटरी, बायोकार्बन अल्ट्रा-कैपेसिटर, संयुक्त गर्मी और बिजली प्रणालियों में



चित्र 5 योजनाबद्ध डायाग्राम यह दर्शाते हुए कि एक विशिष्ट नगरपालिका माइक्रोग्रिड कैसा हो सकता है, जो जलवायु अवसंरचना में कार्बन और पोषक तत्वों के चक्रों को बंद करने पर केंद्रित हो और यह मंच सहकारी समितियों के रूप में चलता हो। (देवी 2035)

थर्मो-ध्वनिक जनरेटर और यहाँ तक कि सौर फाइबर-ऑप्टिक ट्रांसमिशन सिस्टम के विकास में कई सफलताओं का नेतृत्व किया (नगाता, 2076)।

जैविक कचरे के किण्वन (फरमेंटेशन) ने सुनिश्चित किया कि यह अधिक ग्रीनहाउस गैसों, जैसे मीथेन और कार्बन डायआक्साइड में विघटित ना हो और इसके बजाय यह मिट्टी सुधार के लिए नाइट्रोजन और फास्फोरस युक्त उर्वरक में खाद फरमेंट करे। ये घरेलू और नगरपालिका प्रवाह (एफलुएंट) से माइक्रोबियल जैव ईंधन उत्पादन से समेकित हैं, जो पुनर्योजी उद्देश्यों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले जैविक उर्वरकों के साथ क्षेत्रीय जलवायु लचीलेपन क्षेत्रों (सीआरज़ेड) में नगर कृषि वानिकी ढाँचे के लिए पोषक तत्वों से भरपूर उर्वरक प्रदान करते हैं। स्थलीय पारिस्थितिकीय तंत्र अपस्ट्रीम, पोषण और स्वस्थ माइक्रोबियल गतिविधि में कमी, और जीवाश्म उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मीठे पानी और महासागर पारिस्थितिकतंत्र में जलीय मृत क्षेत्रों को पुनर्जीवित कर भर दिया गया। इन माइक्रोग्रिड्स को लागू करने वाले क्षेत्रों में ऊर्जा और पोषक तत्वों के लूप के बंद होने से मिट्टी की पोषक जैवक्षमता और मीठे पानी के पारिस्थितिकीय तंत्र की पानी की गुणवत्ता में उल्लेखनीय बदलाव आया है (मिन एंड देवी, 2052)।

2.2.2 कार्बन पृथक्करण (सीक्वेस्टरिंग) समुदाय

पहले से कम काम करने वाले लोगों और श्रम के 'बाजार' मूल्य से अलग होने, सार्वभौमिक रहने योग्य आय, स्थानीय उत्पादन और आवश्यक वस्तुओं की खपत के समन्वय के कारण, अर्थव्यवस्था का ध्यान मानव कल्याण को अधिकतम करते हुए काफी हद तक अनुबंधित संसाधन निष्कर्षण और कार्बन उत्सर्जन कम हुआ। वास्तव में, मानव कल्याण की खोज में शोषण और पारिस्थितिकीय तबाही के परिचित ढर्रे पर वापस लौटे बिना, समुदाय भौतिक रूप से खुद को बनाए रख सकते थे और सामाजिक रूप से फल-फूल सकते थे। म्युनिसिपल माइक्रोग्रिड्स ने जो करके दिखाया वह सब पहले से ही ज्ञात था। 21स्वीं सदी की शुरुआत की पौराणिक कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन तकनीकें बिल्कुल भी तकनीक नहीं थीं (आईपीसीसी, 2018), बल्कि यह एक जीवित संस्कृति थी (देवी, 2035)। कार्बन-नकारात्मक संस्कृति की संभावनाएं मानव इतिहास में अज्ञात नहीं थीं (ग्लेसर एवं अन्य, 2001)। जलवायु परिवर्तन और कार्बन कैप्चर के संदर्भ में इतिहास में बहुत पहले ही बात की जाती रही है (बेट्स एंड ड्रेपर, 2019)। जलवायु सुधार कार्यक्रमों के तहत्, कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियाँ अब सार्वजनिक हैं और ऐतिहासिक जीवाश्म उत्सर्जन को कम करने वाली नई भौतिक संस्कृति का निर्माण कर रही हैं।

बंद-लूप म्युनिसिपल माइक्रोग्रिड सिस्टम के भीतर, फरमेंटेड और संसाधित घरेलू और नगर निगम के कचरे को स्थानीय 'फार्म टू टेबल' कृषि वानिकी कार्यक्रमों और मिट्टी पुनर्जनन प्रयासों के लिए पुनर्निर्देशित किया गया। कई धाराओं से कार्बनिक पदार्थों के पायरोलाइटिक उपोत्पाद (बाई-प्रोडक्ट) बायोचर (सूखे पेड़-पौधों को खेतों में सड़ाना) और जैव-तेल के रूप में शुद्ध कार्बन प्रदान करते हैं। नगरपालिका सहकारी उत्पादन सुविधाओं जैसे सांप्रदायिक सौर फाउंड्री में विशिष्ट इलेक्ट्रो-मैकेनिकल गुणों के लिए समायोजित ये पाइरोलाइज्ड फीडस्टॉक्स आज भी उच्च गुणवत्ता वाले अनुक्रमित ग्रेफाइटिक उत्पादों और रीसाइक्लिंग धातुओं का निर्माण जारी रखे हुए हैं। इन सामग्रियों के जीवन के अंत के छोरों को बंद करने से अत्यधिक वितरित, स्थानीयकृत, स्केल-आउट भौतिक पारिस्थितिक, बढ़ते उत्सर्जन और आवश्यक बुनियादी ढाँचे के उपभोग के पदचिह्न बनाने में मदद मिली।

हमें मान लेना चाहिए कि ओपन टेक और ओपन साइंस समुदायों के काम सहित, ओपन नॉलेज मूवमेंट, अर्थव्यवस्था में तकनीकी सफलताओं के बारे में बदलाव के अग्रदूत बन गए थे। उस समय इन्हें सार्वजनिक धन के माध्यम से, ज्यादातर, युद्ध बजट के तहत् सब्सिडी दी जाती थी। बौद्धिक संपदा अधिकारों के दौर में, शुरुआती बाधाओं के बावजूद, 21स्वीं शताब्दी के अंत तक तकनीकी लोकतांत्रीकरण के लिए खुले प्रौद्योगिकी ढाँचे सबसे महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में उभरे। ओपन टेक आंदोलनों के तहत्, नगरपालिका कार्यशाला सहकारी संघों के रूप में स्थानीय विशेषज्ञों को इन तकनीकी सामानों को कम मात्रा में उत्पादन क्षमताओं के साथ डिजाइन और निर्मित करने का आदेश दिया गया था। गुणवत्ता के लिए, वस्तुओं को समुदाय की जरूरतों के अनुरूप होना आवश्यक था, जो भौगोलिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ पर आधारित था। बाज़ार में प्रतिस्पर्धा के बजाय, इन तकनीकों को जलवायु के अनुकूल और लगातार बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया जाना था। ओपन टेक समुदाय, नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमणों के लिए लक्षित 22स्वीं सदी की तकनीकी चुनौतियों में से अधिकांश को हल करने हेतु एक मौलिक कदम के रूप में माइक्रोग्रिड पहल के साथ ऊर्जा अवसंरचना के विकेंद्रीकरण को बनाए रखते हैं।

2.2.3 बढ़ती जैविक बैटरियाँ

वैश्विक ऊर्जा मांग में गिरावट के साथ, आवश्यक महत्वपूर्ण सामाजिक अवसंरचनाओं को छोड़कर, ऊर्जा प्रणालियों को मौसमी ऊर्जा उत्पादन पैटर्न के साथ अधिक सिंक्रनाइज़ किया गया था। इस चुनौती के लिए असंख्य रूपों से ऊर्जा भंडारण की पुनर्कल्पना की आवश्यकता थी। ऊर्जा माइक्रोग्रिड में वापस जोड़ने के लिए, शैवाल और चिटोसन-आधारित बायोपॉलिमर्स से जैविक बैटरी निर्माण के लिए एक 3डी निर्माण उपकरण विकसित किया गया।

साओ पाउलो शहर ने सन् 2042 की गर्मियों में, एक नागरिक विज्ञान उत्सव, खुले पेटेंट अभिलेखागार के साथ काम करने के लिए, डिजाइनरों और प्रौद्योगिकीविदों को आमंत्रित किया। नगरपालिका कारख़ानों में, प्रौद्योगिकी विकसित की गई और थोड़े समय के भीतर इसे खुले विज्ञान समुदाय के भीतर निखारा गया। "बायोमा" परियोजना (चित्र 6 ए और बी), कार्बन-नकारात्मक प्रक्रियाओं और सौम्य रसायन विज्ञान एवं जैविक फीडस्टॉक्स जैसे तालाब के शैवाल और चिटोसन बायोपॉलिमर्स से, जैविक बैटरी विकसित करने के लिए तैयार किया गया था; और, जिसे माइसेलियम अर्क (ईनास, 2045) से लिया गया था।

व्यावहारिक रूप में, बायोमा माइक्रोग्रिड से उगाए गए शैवाल के स्टॉक पर निर्भर थे और उन्हें संसाधित करते थे। इस उपकरण को शैवाल और चिटोसन बायोपॉलिमर का एक विशिष्ट मिश्रण तैयार करना था तथा ध्वनिक रूप से उन्हें एक मोर्फोजेनेटिक संरचना बनाने हेतु त्रि-आयामी अंतरिक्ष में तैराना था। उसी दौरान, एक पराबैंगनी लेजर द्वारा परिणामी बायो-कम्पोजिट को जैविक बैटरी में बदला जाना था (इयोनस, 2045)। खुले ज्ञान और उस समय तक पहले से मौजूद नगरपालिका कार्यशाला के बुनियादी ढाँचे को देखते हुए, यह अवधारणा दूर-दूर तक फैल गई क्योंकि डिजाइन में सुधार काफी हद तक परिष्कृत थे। इस प्रकार, ये जैविक बैटरियाँ तेजी से नगरपालिका माइक्रोग्रिड्स के भीतर एकीकृत हो जाती हैं और माइक्रोग्रिड्स की बायो-बैटरी अवसंरचना को आधुनिक बनाती हैं।

माइक्रोग्रिड शैवाल बायोरिएक्टरों ने इलाक़े के स्थानीय शैवाल के विशिष्ट जीनोटाइप के बढ़ने के लिए पोषक तत्वों की स्थिति को ट्यून किया और उन्हें कार्यशाला सिंडिकेट में संसाधित किया। व्यावहारिक रूप से सभी मामलों में, इनका उत्पादन करने के लिए उनकी अंतर्निहित ऊर्जा, कम ऊर्जा मांग वाले मौसमों में की गई। उच्च गुणवत्ता वाले बायोकार्बन इलेक्ट्रोड के लिए पायरोलिसिस प्रक्रियाओं में सकारात्मक तथाकथित "कार्बन कैस्केड" में अपसाइकिल किए गए जैविक कचरे का उपयोग किया गया (बेट्स और ड्रेपर, 2019; हसन एवं अन्य, 2019)। परिणामी अवशिष्ट

चित्र 6 ए) बायोमा में उगाई गई जैविक शैवाल-चिटोसन बायोपॉलिमर बैटरियों के शुरुआती निम्न रिज़ॉल्यूशन संस्करण। बी) बायोमा बैटरी निर्माण उपकरण, स्थानीय उत्पादन और शैवाल बैटरी की खपत के लिए डिज़ाइन्ड है, जिसे नगरपालिका माइक्रोग्रिड्स हेतु वैश्विक नागरिक विज्ञान अध्यायों द्वारा अनुकूलित किया गया है। ओपन पब्लिक आर्काइव्स द्वारा छवियां, (2052)

चित्र 7 ए) 3डी प्रिंटेड ऑप्टिकल सोलर सेल और, बी) मौजूदा शहरी बुनियादी ढांचे पर रेट्रोफिटेड सेल। छवि: ओपन पब्लिक आर्काइव्स 2052

सिनगैस और बायो-ऑयल को इन कार्बन-सीक्वेस्टरिंग समुदायों के भीतर पारस्परिक रूप से मजबूत सामग्री कल्चर में मिट्टी के संशोधन, बैटरी और बायोपॉलिमर में नए अनुप्रयोग मिले (देवी, 2035)।

2.2.4 3डी ऑप्टिकल सोलर सेल

ओपन टेक आंदोलनों में सबसे आम परियोजनाओं में से एक सौर थर्मोइलेक्ट्रिक रीजेनरेटर्स, और 3डी प्रिंटेड सौर कोशिकाओं (चित्र 7ए) के उद्देश्य से विकास पर केंद्रित है। बायोमा जैसे निर्माण उपकरणों के विकास से बहुत पहले ऐसा नहीं था कि खुले विज्ञान समुदाय ने इसके साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया था एक प्रासंगिक मामले में, इसे सौर कोशिकाओं के निर्माण हेतु पुन: कॉन्फ़िगर किया गया था। बायोमा के साथ इन व्यापक पैमाने के प्रयोगों ने फाइबर ऑप्टिक सौर संरचनाओं के निर्माण को गति प्रदान की। वे विलुप्त होते सिलिकॉन वेफर सेल तकनीक को बदलने में मदद करने के लिए आगे बढ़े। सौम्य रसायन विज्ञान और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और ओपन फ्रेमवर्क के साथ कम थ्रेशोल्ड प्रोडक्शन के साथ, ये 3डी प्रिंटेड फाइबर-ऑप्टिक सोलर सेल तेजी से फैलने लगे।

इन सौर प्रौद्योगिकियों के लिए मूलभूत शोध, जैसे कि 3डी प्रिंटेड फाइबर ऑप्टिक स्ट्रक्चर एयरोसोल को पेरोसाइट्स के साथ लेपन, पहले से ही ज्ञात था (बैग, एवं अन्य, 2017)। इन ऑप्टिकल संरचनाओं को उकेरा और पेरोसाइट हाइब्रिड 'सौर स्याही' के साथ लेपित किया गया था और ये फोटोवोल्टिक प्रभावों के लिए दुर्लभ पृथ्वी खनिजों (रेयर अर्थ) से पूरी तरह स्वतंत्र रहे। इन कोशिकाओं में उनकी सौर क्षमता की तुलना में कई गुना छोटे पदचिंह थे, जो महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे की मरम्मत की आवश्यकता के बिना, सीमित छत (रूफटॉप) सौर पदचिह्न के पूरक के रूप में मौजूदा सीधे खड़े शहरी स्थानों को जल्दी से सौर संग्राहकों में बदल देते हैं (चित्र 7बी)। इस कदम से कम ऊर्जा या निष्क्रिय ऊर्जा-आधारित समुदाय कार्बन-सीक्वेंसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी बहुत मदद मिली। इन कोशिकाओं ने 22स्वीं सदी की फोटोनिक कोशिकाओं के विकास में एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में काम किया।

2.3 देशज ऊर्जा संस्कृतियों का उदय: मसीसी लोग (2076 के बाद)

सन् 2076 में वसंत की एक शाम, दो सेवामुक्त लो अर्थ ऑर्बिट (एलइओ) उपग्रह, लो अर्थ ऑर्बिट में टकरा गए। आज इस टकराव को 'केसलर घटना' के नाम से जाना जाता है (चक्रवर्ती एवं अन्य, 2076)। इस टक्कर के मलबे ने एक घातीय 'बटरफ़्लाई प्रभाव' पैदा किया, जिसने अंततः पृथ्वी को अंतरिक्ष मलबे और उच्च-वेग छर्रे में जकड़ लिया। इन प्रक्षेप्यों (प्रोजेक़टाइल) ने उपग्रह संचार प्रक्रिया को बाधित कर दिया और सभी लो अर्थ ऑर्बिट उपग्रहों में से लगभग दो-तिहाई को नष्ट कर दिया। अंतरिक्ष में इस मलबा क्षेत्र ने मलबे को ग्रह की ओर भेजकर आने वाले दशकों

में उपग्रह प्रक्षेपण को असंभव बना दिया (चक्रवर्ती, एवं अन्य, 2076)। इस घटना के कारण पहले से मौजूद उपग्रहों पर निर्भर कई संचार प्रणालियों में महत्वपूर्ण सिस्टम विफलताएं हुईं। कई समुदाय जुड़ाव के साधन के अभाव में, बाकी दुनिया से कट गए। कुछ समुदायों ने एक ही स्थान पर रहकर, अस्तित्व बनाए रखने की कोशिश की; और, कुछ ने शहरी बस्तियों को पूरी तरह से छोड़ दिया। वे सब एक अस्थायी कम्यून में बंधे, जीने योग्य परिस्थितियों में बदलाव के साथ आगे बढ़े। 21स्वीं सदी की शुरुआत में, सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल का एक महत्वपूर्ण कारण, जलवायु प्रभावित यात्रियों में अप्रत्याशित वृद्धि का था।

प्रारंभिक 21स्वीं सदी के जलवायु आंदोलनों ने सामाजिक स्वतंत्रता का विस्तार किया। हमारे समय के अप्रत्याशित जलवायु परिदृश्यों के जवाब में वैश्विक मानव गतिशीलता के अधिक मानवीय रूपों को संशोधित किया गया (जोलो, एवं अन्य, 2127)। उभरते हुए सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों ने लोगों को दूर जाने और निर्जन परिवेश से बचने की स्वतंत्रता पर जोर दिया। सन् 2126 में ओपन बॉर्डर्स समझौते के अंतिम समर्थन के अनुसार, इन समुदायों को सभी नगरपालिका संधियों के तहत् आंदोलन और एकीकरण की स्वतंत्रता का आश्वासन दिया गया, जो मानव इतिहास के अधिकांश समय में हमारे पूर्वजों द्वारा आनंदित स्वतंत्रता के कुछ रूपों की वापसी को चिह्नित करता है। इन स्वायत्त समुदायों ने, क्षेत्रीय देशज समूहों के साथ अधिक व्यापक सहयोग का गठन किया; तथा आश्रय की पेशकश की, प्रयोगात्मक अंतर-पीढ़ीगत समुदाय बनाए, और लगातार पारस्परिक संपन्नता के अभ्यास के रूप में सचेतन रूप से सामाजिक व्यवस्थाओं को पुनर्व्यवस्थित किया।

ऐसा ही एक समुदाय मासीसी लोगों का है, जिसके बारे में मान्यता है कि वे स्वालबार्ड के उत्तरी क्षेत्रों के एक समुदाय के वंशज हैं। माना जाता है कि वे केसलर घटना के ठीक बाद चेरनोबिल के बहुत समय से परित्यक्त क्षेत्र में चले गए थे (जेनलिन, 2109)। यह कभी इंसानों के लिए अनुपयुक्त रेडियोधर्मी क्षेत्र था। इस क्षेत्र ने इस समुदाय को मूल निवासी के रूप में फलते-फूलते देखा गया। रेडियोधर्मी पारिस्थितिकीय तंत्र के साथ उनके संबंधों ने रेडियोधर्मी मिट्टी में फैले बायोरेमेडिएशन के स्पष्ट संकेतों को छोड़ा। एकीकृत बंद-लूप म्युनिसिपल माइक्रोग्रिड्स के विपरीत, सांस्कृतिक चलन के रूप में ऊर्जा अनुष्ठान दुनिया भर में घुमंतु समुदायों से सुने जाने के बावजूद हालिया घटना है। मसीसी समुदाय के ऊर्जा अनुष्ठान, 21स्वीं सदी के शुरुआती वैज्ञानिक ज्ञान में निहित पृथ्वी-बद्ध आस्था प्रणालियों का एक गतिशील मिश्रण दिखाते हैं, जो इतिहास में काफी अनोखे रास्ते पर विकसित हुआ लगता है (जेनलिन, 2109)।

इस समुदाय के बारे में उल्लेखनीय अनूठी चीजों में से एक यह है कि कैसे उन्होंने तकनीकी के साथ एक संबंध विकसित किया, जिसे उनकी ऊर्जा को लेकर समझदारी के माध्यम से बेहतर समझा जा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि वे अपने 'ऊर्जा अनुष्ठानों' को लागू करते हुए सचेतन रूप से ज्ञानमीमांसा विज्ञान के चौखटे के साथ खेल



चित्र 8 मसीसी लोगों द्वारा वर्णित चेरनोबिल में मसीसी कबीले के ऊर्जा अनुष्ठान की योजना। क्षेत्र में विकिरण का स्तर छवियों के संचरण और प्रसंस्करण को संसाधित करने के लिए कठिन बना देता है, इसलिए रिकॉर्ड सीमित हैं। चित्रण: (जेनलिन, 2109)

रहे थे (चित्र 8)। लगता है इस आत्म-जागरूकता अभ्यास का उद्देश्य उनके सीखने के अभ्यास में निहित है। उनके युवा पूरी तरह से जीवंत और खतरनाक रेडियोधर्मी वातावरण का पता लगा लेते हैं। इस समुदाय के लिए, स्थलीय पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करना उनकी विश्वदृष्टि के केंद्र में रोजमर्रा की जिंदगी के भीतर एक समग्र अभ्यास के रूप में विद्यमान रहता है। यह विदित है कि उनके अभ्यास में 'सांस्कृतिक बायोरेमेडिएशन' के रूप शामिल हैं, जिसका उद्देश्य अतीत को भविष्य के साथ जीवंत अभ्यास के साथ फिर से जोड़ना है (अपियाह, 2106)। जमीनी रिपोर्ट बताती है कि क्षेत्र के आसपास की मिट्टी में रेडियोधर्मिता में उल्लेखनीय कमी आई है और वनस्पतियों और जीवों का पुनरुत्थान हो रहा है, जो इंसानी बसावट के लिए सुरक्षित हो सकता है (जेनलिन, 2109)।

2.3.1 मसीसी ऊर्जा अनुष्ठान

प्रारंभिक सूचना के अनुसार, समुदाय कर्मकांड "ऊर्जा फसल" (चित्र 8) में विकसित हो गए बायोरेमेडिएशन का अभ्यास करता है, जिसमें पूरा समुदाय भाग लेता है (जेनलिन, 2109)। यह प्रथा एक सदी से भी पहले के माइक्रोबियल अनुसंधान की एक जिज्ञासु बहुसांस्कृतिक व्याख्या पर आधारित प्रतीत होती है, जो माइसेलियम के साथ जहरीली मिट्टी को कैप्चर करने के लिए प्रस्तावित तंत्र है (जोशी एवं अन्य, 2011; व्हाइटसाइड एवं अन्य, 2019)। आश्चर्यजनक रूप से, मसीसी समुदाय ने रेडियोधर्मी भूमि की सफाई करते समय खोज की कि माइसेलियम भी घातक विकिरण से ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है। आज हमें मालूम है कि यह बहुत पहले ज्ञात था (दादाचोवा, एवं अन्य, 2007) लेकिन मसीसी समुदाय की पहली रिपोर्ट तक सांस्कृतिक अभ्यास के रूप में कभी भी दर्ज नहीं किया गया था। यह युवा पीढ़ी को अपने ज्ञान को "ग्रहों की शिक्षा" के रूप में वर्णित करने के माध्यम से पारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनके परिप्रेक्ष्य में, "यह समुदाय और पारिस्थितिकीय समग्रता के आधार पर, सीखने का विस्तार करने के लिए युवा समूहों को शामिल करता है" (अपियाह, 2106)।

जैसा कि पहले भी ज़िक्र किया जा चुका है, "यह ऊर्जा हारवेस्ट युवा पीढ़ी को संबंधपरक पारिस्थितिकीय और सामुदायिक ज्ञान प्रदान करने के लिए उनका अभ्यास प्रतीत होता है (जेनलिन 2109)। ऐसा लगता है कि इस 'ऊर्जा अभियान' को युवाओं को नुकसान से बचाने एवं विकिरण के खतरनाक स्तर तक पहुँचने से रोकने के लिए चलाया गया, जिसके लिए उन्होंने अपने 'बायो सूट' में माइसेलियम से प्राप्त मेलेनिन पैडिंग को सावधानी से डिजाइन किया, जो उन्हें उनके आवास के बाहर काम करने के दौरान विकिरण से बचाता है" (चित्र 9ए)। रेडियोधर्मी क्षेत्रों में ये अभियान एक शैक्षिक कार्यक्रम है, जिसे युवाओं को अपने बड़ों के साथ आसपास के पारिस्थितिकीय तंत्र का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डिज़ाइन किया गया; और, जिसे मसीसी समुदाय 'ग्रहों की समझ-निर्माण' कहते हैं।



चित्र 9 ए) मसीसी बायो-सूट जो रेडियोधर्मिता से रक्षा करता है, माइसेलियल मेलेनिन यौगिकों से बना है। बी) समुदाय के बायोडोम के साथ मसीसी के लिए ऊर्जा हारवेस्ट में सहायता करने वाला एक होवरक्राफ्ट। छवियां और चित्रण: (जेनलिन, 2109)

'ऊर्जा स्टाफ़' और एक स्वायत्त 'लेविटेटिंग' शिल्प का उपयोग करके पारिस्थितिकीय तंत्र सुधार के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को एक खोजपूर्ण अनुष्ठान अधिक बनाता है।

स्वायत्त होवरक्राफ्ट (चित्र 9बी) सूर्य के प्रकाश, हवा और रेडियोधर्मिता के सर्वोत्तम संयोजनों की टोह लेने के बाद नतीजों के लिए श्रेष्ठतम स्थितियों की व्यवस्था करता है; और वायरलेस माइक्रोवेव ऊर्जा हस्तांतरण के माध्यम से जैव-सौर ऊर्जा को बेस स्टेशन पर वापस स्थानांतरित करता है। स्टाफ़ रोपने के बाद, काला कवकजाल रेडियोधर्मी मिट्टी को खाता है और चार से पांच सप्ताह तक गर्भ धारण करता है। उल्लेखनीय रूप से, मेलेनिन-उत्पादक माईसीलियल स्ट्रेन के विकिरण पर पनपते हैं और स्टाफ़ में इलेक्ट्रोड द्वारा कब्जा कर ली गई अवशिष्ट ऊर्जा को छोड़ते हैं। स्वायत्त शिल्प जरूरत पड़ने पर ऊर्जा को सूट में प्रसारित करता है या बाद में उपयोग के लिए संग्रहीत करता है, जबकि ऊर्जा स्टाफ़ सूर्य और हवा से ऊर्जा का उपयोग करते हैं। यह "हारवेस्ट" भी काफी शाब्दिक है, क्योंकि वे इन स्टाफ़ से अत्यधिक पके मशरूम को तोड़ते हैं, जो सीज़ियम, आर्सेनिक, सीसा, कैडमियम और अन्य दुर्लभ पृथ्वी खनिजों जैसे अत्यधिक रेडियोधर्मी तत्वों को जैव-संचयित करने में कामयाब रहे हैं (जेनलिन, 2109)। क्षेत्र का मसीसी नेतृत्व मानवीय और गैर-मानवीय जीवों के साथ क्षेत्रीय संबंधों का पोषण करता है। उनकी उपचारात्मक प्रथाएं अब पूरे क्षेत्र में फैल गई हैं और अभी तक मसीसी को ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में तकनीकी रूप से जटिल बुनियादी ढाँचे को विकसित करने की अनुमति दी है। ये अभ्यास बायोरेमेडिएशन में काफी सफल साबित हुए हैं, रेडियोधर्मिता के बहुत कम स्तर दिखाते हैं और साथ ही साथ इन क्षेत्रों के लिए जैव विविधता के रेडिकल पुनर्जनन को दर्शाते हैं।

2.3.2 बायोऑर्गेनिक ऊर्जा में देशज हाई-टेक विकास

हमारी चर्चा के लिए, मसीसी द्वारा अपने ऊर्जा अनुष्ठान में उपयोग में लाए जाने वाले प्रमुख 'आर्टिफ़ैक्ट' को लेकर अंतर्दृष्टि प्राप्त करना आवश्यक है। उनका सामुदायिक बुनियादी ढांचा लगातार आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट बताती है कि उनका तकनीकी आधार 20स्वीं सदी के किसी अन्य खुले विज्ञान अभिलेखागार की तरह उत्पन्न हुआ लगता है। हालाँकि, वे अभिलेखागार की थोड़ी पुरानी भौतिक प्रतियों के संग्रह साझाकरण के अनौपचारिक नेटवर्क पर निर्भर प्रतीत होते हैं। संभवत: केसलर घटना के बाद, दुनिया के बाकी हिस्सों से कट जाने के कारण उन्हें अपनी खोज में संलग्न होने के लिए मजबूर होना पड़ा। वैज्ञानिक सामग्री के आधार पर वे अपने ओपन टेक जर्नल के लेखों में संदर्भ के रूप में पा सकते थे। फाइबर-ऑप्टिक पर अध्ययन के लिए वे रेडियोधर्मिता (क्यू, एवं अन्य, 2019) पर निर्भर सौर सेल (बोरज़ैक, 2009), ग्राफीन फोटोवोल्टिक और कभी कवक माइक्रोबियल ईंधन सेल, पर 'डेटिंग' करते थे। ऐसा लगता है कि ये अध्ययन उन्हें इन शुरुआती अध्ययनों की व्याख्या की ओर ले गए और अनुष्ठान ऊर्जा 'स्टाफ़' (चित्र



चित्र 10 मसीसी समुदाय के ऊर्जा अनुष्ठान सातफ का योजनाबद्ध आरेख। चित्रण (जेनलिन, 2109)

10) के भीतर सम्मिलित किया। मसीसी इन्हें अपने ऊर्जा अनुष्ठान और सर्वोत्तम स्थलाकृतिक विन्यास में लगाते हैं।

स्टाफ़ में तीन कार्य शामिल हैं: सौर, पवन और रेडियोधर्मी ऊर्जा संचयन। वे सौर ऊर्जा के व्यापक वर्णक्रमीय प्रकीर्णन की अनुमति देते हैं, जिसे फाइबर्स एक फोटोवोल्टिक प्रभाव और पारदर्शी सौर स्याही-लेपित और चेलेटेड ग्राफीन फाइबर के साथ एक थर्मोइलेक्ट्रिक प्रभाव बनाने हेतु अवशोषित करते हैं। कार्बन 'विंड मसल' क्षेत्र में, अशांत हवाओं का उपयोग करता है। साथ ही, स्टाफ़ के लगाए गए हिस्सों में माईसेलियल इलेक्ट्रोड होते हैं जो मिट्टी में रेडियोधर्मिता पर निर्भर होते हैं और इसे आगे प्रयोग करने योग्य ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं। इसके अलावा, ये स्टाफ़ एक 'पदानुक्रमित बायोमिमेटिक' पैटर्न का पालन करते हैं, जिसे मसीसी समुदाय ने कई पैमानों पर बढ़े हुए विकिरण अवशोषण के लिए अनुकूलित करने का दावा किया है (जेनलिन, 2109)। यद्यपि स्टाफ़ एक इकाई में ऊर्जा संचयन के कार्यों को समेकित करते हैं, परंतु यह केवल एक उपयोगितावादी वस्तु नहीं है। उनकी भौतिक संस्कृति और तकनीकी ज्ञान की पृथ्वी से जुड़ी प्रकृति ने एक अद्वितीय 'बायोफिलिक' संस्कृति का निर्माण किया है, जो प्राकृतिक दुनिया को पुनर्जीवित करने के लिए एक प्रकृतिवादी दृष्टिकोण अपनाती है। प्राकृतिक दुनिया से संबंधपरक सीख का शायद यही कारण है कि ग्रह पर सबसे कठोर परिस्थितियों में रहने के बावजूद वे एक समुदाय के रूप में इतने लचीले हैं।

इस क्षेत्र में समुदायों के विकासात्मक रुख का अनुकरण किया गया और उसे दुनिया भर में उस पारिस्थितिकीय तंत्र के लिए परस्पर सम्मान के सिद्धांत के आधार पर फैलाया गया, जिसमें समुदाय फलने-फूलने का इरादा रखता था (भीम और लार्सन, 2124)। हालाँकि, इसी तरह की जिज्ञासु संस्कृतियाँ और भी उभरी हैं, परंतु जैविक कंप्यूटिंग 'इंटरफेस' के इस तरह के रूपों को अभी तक कहीं और रिपोर्ट नहीं किया गया है (वनूर एवं अन्य, 2128)। इस तरह के इंटरफेस "माइसेलियल-न्यूरल" इंटरफेस का पोषण करते हैं जो मिट्टी के माध्यम से समन्वय और ज्ञान साझा करने के पारिस्थितिकीय तंत्र सेवा स्थिरता का सर्वेक्षण करने हेतु एक गैर-इनवेसिव जांच प्रणाली के रूप में रेडियोधर्मी मिट्टी में माइक्रोबियल नेटवर्क से "संवाद" करते हैं। उन्होंने इन निष्कर्षों की पुष्टि की है और उन्हें बाक़ी दुनिया से लगभग पूरी तरह से अलग करके विकसित किया है, जो इन विकासों को और भी गहरा बनाता है। यह ज्ञान मसीसी समुदाय के लिए अभिन्न है, जो एक जीवित संस्कृति के भीतर पीढ़ीगत विचार-विमर्श से एक विशिष्ट देशज ज्ञान प्रणाली का अभ्यास करते हैं।

3. चर्चा

हमें उन सभी नाटकीय ऐतिहासिक मोड़ों के बारे में बात करनी चाहिए, जिन्होंने हमें आज की स्थिति में बोलने के लिए प्रेरित किया है? हालिया अध्ययनों ने पता चलता है कि वैश्विक तापमान कुछ हद तक पूर्व-औद्योगिक स्तरों से ऊपर 2.1 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर हो गया है, जिसे एक सदी पहले अनुमानित किया गया था (रिचर्डसन, एवं अन्य, 2129)। हालाँकि, ये अध्ययन 'जियोस्पेशियल' उपग्रहों से उपलब्ध सीमित डेटा सेट को देखते हुए अधूरे रहे, जबकि भावी उपग्रह अवसंरचना निकट भविष्य में पूरी तरह से अक्षम रहने वाली थी (बालन एवं अन्य, 2126)। इन निष्कर्षों की आगे भी पुष्टि की गई (रिचर्डसन, एवं अन्य, 2129)। इन आंकड़ों को देखकर कोई भी इन्हें व्यर्थ मान सकता है, लेकिन हमारा तर्क है कि यह सबसे अच्छी स्थिति हो सकती है। वैश्विक जीवाश्म उन्मूलन और 21स्वीं सदी के शुरुआती वर्षों के बाद सार्वभौमिक जलवायु सुधार कार्यक्रमों को हासिल करने की दिशा में जारी संघर्षों के कारण उत्सर्जन में भारी कमी के कारण ही हम ग्लोबल वार्मिंग को स्थिर कर सके हैं। पिछली शताब्दी के घटनाक्रमों के बावजूद, ऐतिहासिक उत्सर्जन का स्तर वही है। जलवायु न्याय और मानव कल्याण आवश्यकताओं का सामना शायद इतिहास में औद्योगिक सभ्यता के रहस्योद्घाटन के साथ हो जाना चाहिए था (अचिबे, 2029; लकोटा, 2125)।

उस समय, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और वातावरण से कार्बन डाईक्सायड को कम करने को लेकर उनकी दूरदृष्टि की क़ाबलियत का आभास होता है। अकेले ऊर्जा और उत्सर्जन में कमी से इसे कम नहीं किया जा सकता था। कई जलवायु उत्तोलन बिंदुओं में से, अकेले ऊर्जा संकट को संबोधित करना कभी भी अपने आप में पर्याप्त रूप से परिवर्तनकारी नहीं हो सकता था। जलवायु सुधार परियोजनाओं, एक गिरती अर्थव्यवस्था के प्रतिमान के भीतर, भौतिक और पारिस्थितिकीय पदचिह्न के संकुचन के साथ-साथ, सार्वभौमिक मानव, सामाजिक और पारिस्थितिकी उत्थान में परिणत सामाजिक व्यवस्था को आज 21स्वीं शताब्दी के महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों के रूप में देखा जा सकता है, जिसे कभी "राजनीतिक रूप से अकल्पनीय" माना जाता था। निहित स्वार्थों द्वारा जीवाश्म ईंधन अवसंरचना को समाप्त करना भी अकल्पनीय माना जाता था। बेशक, जीवाश्म उन्मूलन ने अंततः संसाधनों को समुदायों में पुनर्निवेश करने के लिए मुक्त कर दिया था। इसने और आय बढ़ाने वाले कार्यक्रमों का विस्तार एवं देखभाल कार्य और पारिस्थितिक बहाली की क्षतिपूर्ति की (दून, 2035)। आत्मनिर्भर, एकजुटता-आधारित स्थानीय उत्पादन और खपत

के साथ विश्व स्तर पर जलवायु तत्परता हेतु औद्योगिक बुनियादी ढाँचे का संकुचन और सामुदायिक लचीलेपन का निर्माण, 'हॉट हाउस अर्थ' में रहने वाले हम जैसे लोगों के लिए उल्लेखनीय रूप से भविष्यदृष्टा माना जाना चाहिए।

अब तक ऊर्जा के उपयोग से जुड़े वैश्विक कार्बन उत्सर्जन ने लगातार नकारात्मक रुझान दिखाया है। इक्कीसवीं सदी की कई निरर्थक औद्योगिक गतिविधियों को या तो समाप्त कर दिया गया, या, एक सीमित नगरपालिका स्तर पर 'सामाजिक रूप से उपयोगी' कार्यक्रमों के रूप में पुनर्वासित किया गया। बौद्धिक और रचनात्मक श्रम को मुक्त करके इस बदलाव की अनुमति दी गई थी, जो अब पानी, ऊर्जा, भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, रखरखाव के काम जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए नए तरीकों में एकजुटता की अर्थव्यवस्थाओं के भीतर सहयोग कर सकता था (फैब्रे, 2032)। यहाँ तक कि वे मानव और पारिस्थितिकीय कल्याण के पुरातन उपायों से, सामाजिक पुनरुत्थान और समुदायों की भागीदारी एवं कल्याण, कला, मानविकी और विज्ञान की सहकारी पुनर्संरचना के रूप में बड़ी छलांग लगाने और सफलताओं की ओर अग्रसर थे, जिसने नई ज्ञान प्रणालियों की पारिस्थितिक का ओपन नॉलेज फ्रेमवर्क पर प्रसारण अनुशासनात्मक ज्ञान की गहरी समझ के दायरे में सफलताओं का निर्माण और नेतृत्व किया (क्रेट्स, 2048; लाई, 2056; न्गाटा, 2076)।

किसी भी मानवीय प्रयास की तरह, ये तार्किक 'स्थिर-राज्य अर्थव्यवस्थाएं' अपनी जटिलताओं और संभावनाओं के साथ आई हैं। जबकि 22स्वीं सदी अभी भी हमारी आँखों के सामने खुल रही है (चित्र 11), हमारी पीढ़ी की अप्रत्याशित और अस्थिर जलवायु वास्तविकताओं की चुनौतियाँ निकट भविष्य के लिए अनिश्चित बनी हुई हैं (रिचर्डसन एवं अन्य, 2129)। उनकी खामियों के बावजूद, आज की आर्थिक संस्कृतियाँ आवश्यक मानवीय जरूरतों को पूरा करने और जीवन की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर आधारित लगती हैं — वे चाहे सहजीवी, भागीदारी, उपहार देने वाली, पारस्परिक सहायता या एकजुटता पर आधारित अर्थव्यवस्थाएँ हों। उन्होंने इसे उल्लेखनीय बहुतायत के साथ अंजाम दिया है, जो आज पहले से कहीं अधिक संभव है (गार्सिया-ओलिवारेस और सोले, 2015; लाई, 2056)। पिछली शताब्दी का रहस्योद्घाटन जिसने कार्बन पृथक्करण समुदायों का उद्भव और विकास देखा, वह स्वाभाविक रूप से बौद्धिक या उत्पादक क्षमताओं, या, किसी एक तकनीकी प्रश्न का मुद्दा नहीं था।



Figure 11 Global Warming Trends from 1880-2130. Image by Richardson et al., (2129)

वैश्विक तापमान अभी भी 2 डिग्री सेल्सियस और 2.5 डिग्री सेल्सियस (रिचर्डसन एवं अन्य, 2129) के बीच बना हुआ है, अस्थिर ग्रहीय जलवायु के साथ हमारी जद्दोजहद शायद अभी खत्म नहीं हुई है (चित्र 11)। हालाँकि, आवश्यक जलवायु लचीलेपन और अनुकूलन उपायों के निर्माण की दिशा में वैश्विक सामग्री और बौद्धिक संसाधनों को स्थानांतरित करने से हमारे भूत और भविष्य के बावजूद, आशा की किरण दिखाई दी है। हमें उम्मीद है कि यहाँ प्रस्तुत विरोधाभासी चित्रपट (टेपेस्ट्री) हमारी जीवित संस्कृतियों की 'रेडिकल' स्वदेशिता की इस सदी में रहने वाले लोगों को भी रोशन करती हैं। जो कभी भी ज़रूरी नहीं था, लेकिन जिसकी गुपचुप हमेशा एक संभावना बनी रही (लकोटा, 2125)। शायद यह एक संवेदनशीलता ही थी, जिसे आत्म-जागरूक पोषण की आवश्यकता थी। जैसा कि मसीसी बुज़ुर्गों ने सुझाया, "यह हमेशा हमारे लिए उपलब्ध विकल्प था, अपने पूर्वजों के बोझ से खुद को मुक्त करने और हमारी मानवता को समेटने के लिए आगे बढ़ना" (अपियाह, 2106)।

ग्रंथ सूची (अध्याय 1)

अचबि, वी। (2029, 12 जनवरी)। इज़ द ट्रीटी ऑन यूनविर्सल कलाईमेट जस्टसि टू लटिलि टू लेट? द न्यूयॉर्क टाइम्स। https://www. nytimes. com/2029/01/12/magazine/universal-climate-justice.html

एल्थोर, जी. वाटसन, जे.ई.एम., और फुलर., आर.ए. (2016)। ग्लोबल मसिमैच बट्विीन ग्रीनहाउस गैस एमशिन्स एंड द बर्डन ऑफ़ कलाईमेट चेंज. साईंटफ़िकि रपिोर्ट, 6, 20281.

अप्पयिाह, एन. (2106). फ़र्स्ट लेटर ऑफ़ द मसीसी एल्डर्स टू द ओल्ड वर्ल्ड. मसीसी डस्पिैच स्टेशन।

अत्तयिास, एन., दानाई., ओ, एजोव. एन, ताराज़ी. ई और ग्रोबमैन. जे। (2017, 6 सतिंबर)। डेवलपगि नोवेल एप्लकिेशन ऑफ़ माइसेलयिम-बेस्ड बायो कंपोसटि मटेरयिल्स फ़ॉर डज़िाइन एंड आर्कटिक्चर

बैग, एस, डेनॉल्ट, जेआर, और डर्स्टॉक, एमएफ (2017)। एयरोसोल-जेट-असस्टिेड थनि-फलि्म ग्रोथ ऑफ़ CH3NH3PbI3 पर्वोस्काइट्स — अ मीन्स टू अचीव हाई क्वालटिी, डफ़िेक्ट फ्री फ़लि्म्स फ़ॉर एफसियिंट सोलार सेल्स. एडवासंड एनर्जी मटेरयिल्स, 7(20), n/a-n/a। https://doi.org/10.1002/aenm.201701151

बालन, वी., मैथ्यू, टी., और फर्नांडीस, डी. (2126). ट्रेजेक्टरी ऑफ़ स्पेस एक्सपलोरेशन इन अ पोस्ट केस्लर वर्ल्ड. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ ऑर्बटिल मैकेनक्सि, 97(12). https://doi.org/10.9780/8713253.2126.82 68432

बेट्स, ए., एंड ड्रेपर, के. (2019)। बर्न: यूज़गि फ़ायर टू कूल द अर्थ . चेल्सी ग्रीन पब्लशिगि.

बर्नेस, जे. (2019, 25 अप्रैल)। बट्विीन द डेवलि एंड द ग्रीन न्यू डील. कम्यून. https://communemag.com/between-the-devil- and-the-green-new-deal/

भीम, एस., एंड लार्सन, बी. (2124). बायोफलिकि कल्चर्स: इंडजिनिाईज़ेशन ऑफ़ द मटेरयिल एंड टेक्नोलोजकिल आर्ट्स. ओपन सोसाइटी ऑफ नेचुरलस्टि स्टडीज, 50(12). https://doi.org/10.9340/9841723.2124.6452438

बोरज़ैक, के। (2009, 30 अक्टूबर)। रैपगि सोलार सेल अराउंड एन ओप्टकिल फ़ाईबर. एमआईटी टेक्नोलोजी रव्यिू. https://www. technologyreview. com/s/416052/wrapping-solar-cells-around-an-optical-fiber/

ब्राउन, ए. (2012)। जस्ट एनफ: लेसंस इन लविगि ग्रीन फ्रोम ट्रेडशिनल जापान. टटल पब.; /z-wcorg/. http://site.ebrary.com/id/10655570

कैमेरे, एस., एंड करना, ई. (2018). फेब्रकिेटगि मटेरयिल्स फ्रोम लविगि ओरगेनज़िम: एन एमेरजगि डज़िाइन प्रेक्टसि. जर्नल ऑफ़ क्लीनर प्रोडक्शन, 186. https://doi.org/10.1016/j.jclepro.2018.03.081

कैसालुसी, एस., गेमी, एम., पेलेग्रनिी, वी., कार्लो, ए.डी., और बोनाकोरसो, एफ. (2016). ग्राफीन-बेस्ड लार्ज एरयिा डाई-सेन्सीटाईज़्ड सोलार सेल मोडयूल. नैनोस्केल, 8(9), 5368–5378. https://doi.org/10.1039/C5NR07971C

चक्रवर्ती, डी., अल-रवि, एफ., लॉन्ग, जेड., एंड रचिर्डसन, पी. (2076)। द केसलर इवेंट: पौसबिल इम्पलकिेशन फ़ॉर लो अर्थ ऑर्बटि एंड बयिोंड. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ ऑर्बटिल मैकेनक्सि, 47(12)। https://doi.org/10.2340/2346753.2076.4222432

चांसल, एल, एंड पकिेटी, टी. (2015)। कार्बन एंड इनइक्वैलटिी: फ्रोम क्योटो टू पेरसि ट्रेंड्ज़ इन द ग्लोबल इनइक्वैलटिी ऑफ़ कार्बन एमशिंस (1998-2013) एंड प्रोसपेक्ट्स फ़ॉर एन इक्वटिबल एडेप्टेशन फ़ंड वर्ल्ड इनइक्वैलटिी लैब (पृष्ठ 50). पेरसि स्कूल ऑफ इकोनॉमक्सि.

कूली, एम. (1987). आर्कटिक्ट और बी? : द ह्यूमन प्राइस ऑफ़ टेक्नोलोजी (न्यू एड. वदि अ न्यू इंट्रोडक्शन बाई एंथोनी बार्नेट. हॉगर्थ प्रेस.

क्यूंटास, एल।, चेन, एल, और ट्रोमेन, जी. (2029)। ऑल नॉलेज टू ऑल द पीपल. द जर्नल ऑफ़ ओपन टेक्नोलॉजी, 1(4). https://doi. org/10.8423/JOPNTCH.9264-49.2029

दादाकोवा, ई., ब्रायन, आरए, हुआंग, एक्स., मोआडेल, टी., श्वत्ज़िर, ए. डी., एसेन, पी., नोसनचुक, जे.डी., और कैसादेवल, ए. (2007)। आयोनाईज़गि रेडयिएशन चेंजेज़ द इलेक्ट्रोनकि परोपर्टज़ि ऑफ़ मेलनिनि एंड एनहांसेज़ द ग्रोथ ऑफ़ मेलानाइज्ड फ़ंगाई. प्लोस वन, 2(5), e457। https://doi.org/10.1371/journal.pone.0000457

देवी, एस. (2035). इंटीग्रेटेड म्युनसिपिल एनर्जी माइक्रोगड्रिस इन एक्शन (प्रथम संस्करण)। ओपन टेक सोसायटी, दल्लिी।

डयिाज़, एस, सेटेली, जे., ब्रोंडज़ियो, ई., एनजीओ, एचटी, ग्वेज़, एम., अगार्ड, जे., अर्नेथ, ए., बलवानरा, पी., ब्रूमन, के., वाटसन, आर., बस्ट , आई., लैरीगौडेरी, ए., लेडली, पी., पास्कुअल, यू., बैप्टस्टि, बी., डज़िबिा, एल., एरपुल, जी., फ़ज़ल, ए., फ़शिर, एम., ... वलिा, बी (2019). समरी फ़ॉर पोलसिी मेकर्स ऑफ़ द ग्लोबल एसेसमेंट रपिोर्ट ऑन बायो डाईवर्सटिी एंड इकोसस्टिम सर्वसिेज़ — असंपादति अग्रमि संस्करण. 39.

दून, आर. (2035). कार्बन एंड इट्स मैलकंटेंट्स: रपिेरेशन्स फ़ॉर कैपटिल गेन्स फ्रॉम फॉसलि एक्स्ट्रेक्टविज़्मि रेड हाउस.

इओनास, एन. (2045)। बायोमा: एन एल्गी गी-चटिोसन एनर्जी स्टोरेज प्रोडक्शन सोल्यूशन. डजिाइनगि ब्रेकथ्रू फ़ॉर द पीपल, 24. https://doi.org/10.1580/2207853.2045.1948465

फैब्रे, एम. (2032). ऑन द एबोलशिन ऑफ़ बुलशटि इंडस्ट्रीज के उन्मूलन पर। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ केयर वर्क, 7(8), 20-39। https://doi.

org/10.1180/2307753। 2032.1388432

गजदा, आई., ग्रीनमैन, जे., मेलुइश, सी.,एंड इरोपोलोस, आई. (2015)। सेल्फ़ सस्टेनेबल इलेक्ट्रीसिटी प्रोडक्शन फ्रोम एल्गी ग्रोन इन अ माइक्रोबियल फ्यूल सेल सस्टिम . बायोमास एंड बायोएनेर्जी, 82, 87-93। https://doi. org/10.1016/j.biombioe.2015.05.017

गार्सिया-ओलविरेस, ए., एंड सोल, जे. (2015). एंड ऑफ़ ग्रोथ एंड द स्ट्रक्चरल इनस्टेबलिटी ऑफ़ कैपटिलिज़िम — फ्रोम कैपटिलिज़िम टू अ समिबियोटिकि इकोनोमी. फ्यूचर, 68, 31–43। https://doi.org/10.1016/j. फ्यूचर्स. 2014.09.004

ग्लेसर, बी, हाउमाइर, एल, गुगेनबरगर, जी., एंड र ज़ेक, डब्ल्यू. (2001). ‘‘टेरा प्रीटा’’ फ़िनोमिनिन: अ मॉडल फ़ॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर इन द ह्यूमडि ट्रोपिक्सि. नैचुरविसिन्सचाफ्टेन, 88(1), 37-41. https://doi. org/10.1007/ s001140000193

गोर, ए. *(2016)*. द केस फ़ॉर ओप्टीमिज़िम ऑन कलाईमेट चेंज. *https:// www. ted.com/talks/al_gore_the_case_for_optimism_on_ climate_ change*

ग्रेबर, डी. *(2014, 26 मार्च)*. केयरगि टू मच. दैट्स द कर्स ऑफ़ द वर्कगि क्लासेज़. / डेविड ग्रेबर / ओपनियिन/ द गार्जयिन. *https://www. theguardian.com/commentisfree/2014/mar/26/ caring-curse-working-class-austerity-solidarity-scourge*

ग्रेबर, डी. *(2018)*. बुलशटि जॉब्स: ए थ्योरी. पेंगुइन बुक्स, लमिटिड. *https:// books.google.no/books?id=uB5kvgAACAAJ*

हॉल, एस. *(2015, 26 अक्टूबर)*। एक्सॉन न्यू अबाउट कलाईमेट चेंज ओलमोस्ट *40* ईयर्स एगो. साईंटफ़िकि अमेरकिन . *https://www. Scientificamerican.com/article/exxon-knew-about-climate-change-almost-40-years-ago/*

हैनसेन, जे. *(2020, 3 फरवरी)*। कलाईमेट मॉडल वर्सेज़ रयिल वर्ल्ड. कलाईमेट साईंस, अवेयरनेस एंड सोल्यूशन्स. *http://www.columbia। edu/~jeh1/ mailings/2020/20200203_ModelsVsWorld.pdf*

हसन, एम.एफ., साबरी, एम.ए., फजल, एच., हफीज, ए., शहजाद, एन., एंड हुसैन, एम. *(2019)*. रीसेंट ट्रेंड्ज़ इन एक्टविटेड कार्बन फ़ाइबर्स प्रोडक्शन फ्रोम वेरयिस प्रीकर्सर्स एंड एपलकिशंस — अ कोमप्रेहेंसवि रव्यिू.. जर्नल ऑफ एनालटिकिल एंड एप्लाइड पायरोलसिसि, *104715*. *https://doi. org/10.1016/jaap.2019.104715*

हॉकेन, पी. (एड.). (2018). ड्रॉडाउन: द मोस्ट कोमप्रेहेंनसवि प्लान एवर प्रोपज़्ड टू रोल बैक ग्लोबल वार्मगि. पेंगुइन बुक्स.

हकिल, जे. (2017). इज़ ग्लोबल इनइक्वैलटिी गेटगि बेटर ऑर वर्स? अ क्रटिकि ऑफ़ द वर्ल्ड बैंक्स कन्वेरजेंस नेरेटवि . थर्ड वर्ल्ड क्वार्टरली, 38(10), 2208–2222। https://doi.org/10.1080/01436597.201 7.1333414

हकिल, जे. (2018). द दविाइड: अ ब्रीफ़ गाइड टू ग्लोबल इनइक्वैलटिी एंड इट्स सोल्यूशन्स. वलियिम हेनमैन.

हकिल, जे., एंड कैलसि, जी. (2019). इज़ ग्रीन ग्रोथ पोसबिल? न्यू पोलटिकिल इकोनोमी, 0(0), 1-18। https://doi.org/10.1080/13563467. 2019.1598964

आईसीसी. (2039). ‘‘फ़ाइनल एसेसमेंट रपिोर्ट ऑफ़ द युनाइटेड नेशंस ग्लोबल कलाईमेट एसेंबली ऑन द ‘‘फ़ोसलि फ़ासज़िम कॉम्प्लेक्स’’ एंड इट्स क्राइम्स अगेंनस्ट ह्यूमैनटिी: डोनज़गिर कमशिन सन (पृष्ठ 5000) [समरी रपिोर्ट]। इंटरनेशनल क्रमिनिल कोर्ट.

इलचि, आई. (1980). शेडो वर्क. यूनविर्सटिी ऑफ़ केप टाउन.

इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन कलाईमेट चेंज. (2018). ग्लोबल वार्मगि 1.5 डग्रिी सेल्सयिस. http://www.ipcc.ch/report/sr15/

इंटरगवर्नमेंटल साइंस पोलसिी प्लेटफ़ॉर्म ऑन बायोडाईवसर्सटिी एंड इकोसस्टिम सर्वसिेज़, I. (2019). समरी फ़ॉर पोलसिी मेकर्स ऑफ़ द ग्लोबल एसेसमेंट रपिोर्ट बायोडाईवसर्सटिी एंड इकोसस्टिम सर्वसिेज़. ज़ेनोडो. https:// doi.org/10.5281/zenodo.3553579

आईपीबीईएस (2043). समरी फ़ॉर पोलसिी मेकर्स ऑफ़ द ग्लोबल एसेसमेंट रपिोर्ट बायोडाईवसर्सटिी एंड इकोसस्टिम सर्वसिेज़ (पृ. 39)। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन बायोडाईवसर्सटिी एंड इकोसस्टिम सर्वसिेज़.

आईपीसीसी. (2028). लमिटिगि ग्लोबल वार्मगि तो 2 डग्रिी सेल्सयिस. इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन कलाईमेट चेंज. http://www.ipcc.ch/report/sr18/

जोशी, पी.के., स्वरूप, ए., माहेश्वरी, एस., कुमार, आर., और सहि, एन. (2011). बायोरेमेडएिशन ऑफ़ हेवी मेटल्स इन लक्विडि मीडिया थ्रू फंगाई आइसोलेटेड फ्रोम कंटेमीनेटेड सोर्सेज. इंडयिन जर्नल ऑफ माइक्रोबायोलॉजी, 51(4), 482-487। https://doi.org/10.1007/s12088-011- 0110-9

कोहटला, सी. (2016). मेकगि सस्टेनेबलिटिी: हाउ फैब लैब्स एड्रेस एनवायरमेंटल इशूज़. आल्टो यूनविर्सटिी . https://aaltodoc.aalto. fi:443/ handle/123456789/21755

क्रेट्स, एम. (2048). टेक्नोलोजकिल एमेरजेंस ऑफ़ एक्ज़ैपशन: फ्रोम इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी टू कलेक्टवि नॉलेज. ओपन टेक सोसायटी.

लाइ, एक्स (2056). द पोईंट इज़ टू हैव फ़न: लौंग टर्म सस्टेनेबलिटिी एंड सोशल प्लेफुलनेस. डगिुआ रसिर्च वगि.01 q 78

लकोटा, टी. (2125). बकिमगि नेटवि: ए स्टडी ऑफ ट्रांसफॉर्मेटवि इंडजिनेरिटी. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ केयर वर्क, 100(8).

माल्म, ए. एंड द ज़ेटकनि कलेक्टवि. (2021). वाइट स्कनि, ब्लैक फ़्यूअल: ऑन द डेंजर्स ऑफ़ फ़ोसलि फ़ासज़्मि. वर्सो बुक्स.

मनि, के., एंड देवी, एल. (2052). द इकोनोमक्सि ऑफ़ सोईल न्यूट्रीशन: अ स्टडी ऑन एंथ्रोपोसेंट्रकि वैल्यू एक्स्ट्राएक्टविज़्मि ऑफ़ सोईल रसिोर्सजि. इंस्टीट्यूट ऑफ़ इकोलोजकिल इकोनोमक्सि.

मश्रिा, पी. (2017). एज ऑफ़ एंगर: अ हस्ट्रिी ऑफ़ प्रेज़ेंट. फर्रार, स्ट्रॉस और गरिौक्स.

मुंडा, बी (2058). द सकोर्चड अर्थ: वाज़ कैपटिलज़्मि वर्थ डस्ट्रिस्ट्राईंग इंडीजनिज़्म? (अंग्रेजी पुनर्मुद्रण). आदवािसी वाणी.

न्गाटा, के. (2076). रड्मिज़निंगि सोशली यूज़फुल प्रोडक्शन: ऑल्टरनेटव्जि़ इन द मेकगि(शताब्दी संस्करण)। इंटरनेशनल सॉसाइटी फ़ॉर सोशली यूज़फुल प्रोडक्शन.

ऑक्सफैम. (2015). एक्सट्रीम कार्बन इनइक्वैलटी वाई द पेरसि

कलाईमेट डील मस्ट पुट द पुअरेस्ट र, लोवेस्ट एमटिगि एंड मोस्ट वलनेरबल पीपुल फ़र्स्ट [डेटा सेट]। कोनक्लिजिके ब्रलि एनवी. https://doi.org/10.1163/2210-7975_HRD-9824-2015053

पटेल, आर., एंड मूर, जेडब्ल्यू *(2017)*. अ हस्ट्रिी ऑफ़ सेवन चीप थगि्ज़: अ गाइड टू कैपटिलज़्मि, नेचर, एंड द फ़्यूचर ऑफ़ द प्लेनट. यूनवर्सिटी ऑफ़ कैलफिोर्नया प्रेस.

पॉल, के. *(2019, 4 नवंबर)*। माइक्रोसॉफ़्ट जापान टेस्टेड अ फ़ोर-डे वर्क वीक एंड प्रोडक्टविटी जंप्ड बाई *40%*. द गार्जयिन. *http:// www.theguardian.com/technology/2019/nov/04/microsoft-japan-four-day-work-week-productivity*

पोलमिनी, जे. एम. *(एड.)*. *(2008)*। द जेवन्स पैराडोक्स एंड द मथि ऑफ़ रसिोर्स एफसियिंसी इमप्रूवमेंट्स. अर्थस्कैन.

क्यू, वाई., ली, एच., वांग, एक्स., तयाँ, डब्लू., शी, बी., याओ, एम, एंड जांग, वाई. *(2019)*. बायोलीचगि ऑफ़ मेजर, रेयर अर्थ, एंड रेडयिोएक्टवि एलमिंट्स फ्रोम रेड मड बाई यूज़गि इंडीजीनस केमोहेटरोट्रोफकि बैक्टीरयिम एसीटोबैक्टर एसपी मनिरल्स, *9(2), 67*. *https://doi.org/10.3390/ min9020067*

रऊफ, डब्ल्यू. *(2064)*। द एनर्जी ऑफ़ क्लाइमेट ब्रेकडाउन*:* ऑफ़ पॉलटिकिल इकोनॉमीज़ एंड एनर्जी मोनोपॉलीज़। यूनयिन ऑफ़ कंसरर्न्ड साईंटस्टि्स.

रेमंड, डी. *(2044)*। द न्यू स्टॉर्म्ज़ ऑफ़ अवर चल्ड्रिन. द ओपन सोशयिोलॉजकिल रव्यिू, *21(8), 56-98*। *https://doi.org/10.1080/2356753*। *2044.1388432*

रचिर्डसन, एल., वीवर, के., एंड करुप, पी.एम. *(2129)*. स्टेबलिटिी एट *2.5* डग्रिी सेल्सयिस. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ अर्थ सस्टिम डायनेमक्सि, *101(12)*. *https://doi.org/10.9310/8042753.2129.7892133*

रपिल, डब्ल्यूजे, वुल्फ, सी., न्यूजोम, टीएम, बरनार्ड, पी., एंड मूमॉ, डब्ल्यूआर *(2019)*. वर्ल्ड साईंटस्टि्स वार्नगि ऑफ़ अ कलाईमेट इमर्जेंसी. बायोसाइंस, बज़ि*088*. *https://doi.org/10.1093/biosci/biz088*

रपिल, डब्ल्यूजे, वुल्फ, सी., न्यूजोम, टीएम, गैलेटी, एम., आलमगीर, एम., क्रस्टि, ई., महमूद, एमआई, लॉरेंस, डब्ल्यूएफ, एंड *15,364 184* साईंटस्टि सगिनेटरीज़ फ्रोम *184* कंट्रीज़. *(2017)*. वर्ल्ड साईंटस्टि्स वार्नगि टू ह्यूमेनटिी*:* अ सेकेंड नोटसि . बायोसाइंस, *67(12), 1026–1028*। *https://doi.org/10.1093/biosci/bix125*

रॉबन्सिन, डब्ल्यू. आई. *(2019)*. ग्लोबल कैपटिलस्टि क्राइससि एंड ट्वेंटी-फर्स्ट सेंचुरी फासज़्मि*:* बयिॉन्ड द ट्रम्प हाइप. साइंस एंड सोसाइटी, *83(2), 155-183*। *https://doi.org/10.1521/siso.2019.83.2.155*

श्नाइडर, एन. *(2018)*। एवरीथगि फॉर एवरीवन*:* द रेडकिल ट्रेडशिन दैट इज़ शेपगि द नेक्स्ट इकोनॉमी. पब्लकि अफ़ेयर्स*; /z-wcorg/*.

श्वार्ट्ज, जे. *(2018, 20* जनवरी*)*. पेरसि कलाईमेट डील इज़ टू वीक टू मीट गोल्स, रपिोर्ट फ़ाइंड्ज़. द न्यूयॉर्क टाइम्ज़. *https://www.nytimes.com/2016/11/17/science/paris-accord-global-warming- iea.html*

स्मथि, ए. *(2014)*. सोशली यूज़फुल प्रोडक्शन. स्टेप्स वर्कगि पेपर, *58, 44*।

स्पेथ, जे. जी. *(2021)*. दे न्यू*:* द यूएस फ़ेडरल गवर्नमेंट फ़फ्टिी ईयर रोल इन कौज़गि द कलाईमेट क्राइससि. एमआईटी प्रेस.

स्टीफन, डब्ल्यू. रॉकस्ट्रॉम, जे., रचिर्डसन, के., लेंटन, टी.एम., फोल्के, सी., लवािरमैन, डी., समरहेस, सी.पी., बार्नोस्की, ए.डी., कॉर्नेल, एसई, क्रूसीफक्सि, एम., डोंगेस , जेएफ, फेटजर, आई., लाडे, एसजे, शेफ़र, एम., वकिेलमैन, आर., एंड स्चेलनहुबर, एचजे *(2018)*. ट्रेजेकट्रीज़ ऑफ़ द अर्थ सस्टिम इन द एंथ्रोपोसीन. परोसीडगि्स ऑफ़ द नेशनल अकादमी ऑफ़ साइंसज़, *115(33), 8252-8259*। *https://doi.org/10.1073/ pnas.1810141115*

ठेककरा, एम. एम. *(2019, 25* फरवरी*)*. अ ह्यूज लैंड ग्रेब इज़ थ्रेटनगि इंडयिाज़ ट्राईबल पीपुल. दे नीड ग्लोबल हेल्प / मारी मार्सेल थेकाकारा। द गार्जयिन. *https://www.theguardian.com/commentisfree/2019/feb/25/land-grab-tribal-people-india- adivasi*

उबुम्वे, के. *(2114)*. सेंचुरीज़ ऑफ़ फॉसलि गल्टि*:* टेकगि स्टॉक ऑफ़ द केटेस्ट्रोफ़कि कॉस्ट टू ह्यूमन सॉसाइटी फ्रोम फ़ोसलि फ़्यूल इंफ्रास्ट्रक्चरस. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इकोलोजकिल इकोनोमक्सि, *95(4), 230-267*. *https://doi.org/10.1080/13563467.2114.1598964*

यूएनडीपी. *(2029)*। यूनवर्सिल लाइवेबल इनकम*:* ग्लोबल पॉलसिी एंड इम्प्लीमेंटेशन पैरामीटर्स *(*पेज *200) [*सारांश रपिोर्ट*]*. यूएन कलाईमेट एक्शन कमीशन.

वनूर, आर., एकमैन, बी., एंड कयिाओ, बी. *(2128)*. एडवानसेस इन मायसेलयिल न्यूरोबायोलॉजी*:* माइसेलयिल न्यूरल इंटरफ़ेस "ब्रेन". द जर्नल ऑफ़ ओपन न्यूरोसाइंस, *90(4)*। *https://doi.org/10.3523/JNEUROSCI.8343-83.2128*

वेमुला, आर. *(2116)*. अ सेंटीनरी ऑफ़ ग्लोबल कलाईमेट जस्टसि*:* द लेग़ेससि ऑफ़ द ट्रीटी ऑफ़ यूनीवर्सल कलाईमेट जस्टसि. ब्लू फ्यूचर कलेक्टवि.

वालेस-वेल्स, डी. *(2019)*. द इनहैबटिबल अर्थ*:* लाइफ़ आफ्टर वर्मगि . टमि डुगन बुक्स.

व्हाईटसाइड, एम.डी., वर्नर, जी.डी.ए., कालदास, वी.ई.ए., वैंट पड्जे, ए., डुपनि, एस.ई., एल्बर्स, बी., बक्कर, एम., व्याट, जी.ए.के., क्लेन, एम., हकि, एम.ए., पोस्टमा, एम., वैतला, बी., नोए, आर., शमिजिु, टी.एस., वेस्ट, एस.ए., और कयिर्स, ई.टी. *(2019)*. माइकोरज़ल फ़ंगाई रस्पिोंड टू रसिोर्सेज़ इनइक्वाईलटिी बाई मूवगि फॉस्फोरस फ्रोम रचि टू पुअर पैचेज़ एक्रोस नेटवर्क्स . करेंट बायोलॉजी, *29(12), 2043-2050.e8*। *https://doi.org/10.1016/j.* घन*.2019.04.061*

वाइल्डस्चुट, डी. *(2017)*. द नीड फ़ॉर सटिीजंस साइंस इन द ट्रांज़शिन टू अ सस्टेनबल पयिर-टूपयिर सॉसाइटी. फ्यूचर्स, *91, 46-52*। *https://doi.org/10.1016/j.futures.2016.11.010*

जोल्टल, डी., वुजीवा, पी., एंड अप्पादुराई, एन. *(2127)*. ओपन बॉर्डर्स एकोर्ड*:* अ रविव्यू ऑफ़ द ओरजिसि एंड पोसबिलिटिीज़ फ़ॉर द फ्यूचर ऑफ़ ग्लोबल पोलसिी. ओपन जर्नल ऑफ़ ह्यूमन जयिोग्रोफ़ी, *74(10)*.

जू, वाई, रामनाथन, वी, एंड वक्टिर, डीजी *(2018)*. ग्लोबल वार्मगि वलि हेप्पन फ़ास्टर देन वी थकि . नेचर, *564(7734), 30. https://doi. org/10.1038/d41586-018-07586-5*

यॉर्क, आर. *(2017)*। वाई पेट्रोलयिम डडि नॉट सेव द व्हेल्स*?* सोशयिस*:* सोशयिोलॉजकिल रसिर्च फॉर ए डायनामकि वर्ल्ड, *3, 1-13*। *https://doi.org/10.1177/2378023117739217*

ज़ालासविक्ज़, जे., वलियिम्स, एम., वाटर्स, सी.एन., बार्नोस्की, ए.डी., पलमेसनिो, जे., रॉनस्कोग, ए.-एस., एडगेवर्थ, एम., नील, सी., सेरेटा, ए., एलसि, ई.सी., ग्रनिवल्ड, जे., हैफ, पी., सुल, जे.ए.आई. डो, जीनडेल, सी., लेइनफेल्डर, आर., मैकनील, जे.आर., ओडाडा, ई., ओरेस्केस, एन., प्राइस, एस.जे., ... वोल्फ , ए.पी. *(2016)* स्केल एंड डाईवर्सटिी ऑफ़ द फ़ज़िकिल टेक्नोस्फीयर*:* अ जयिोलोजकिल पर्सपेक्टवि *:* एंथ्रोपोसीन रविव्यू . *https://doi.org/10.1177/2053019616677743*

जेनलनि, पी. *(2109)*. द मसीसी*:* क्रॉनकिल्स ऑफ कनिशपि एंड रेडयिोएक्टवि समि्बायोससि *(*वॉल्यूम *7)*। ओपन एंथ्रोपोलॉजकिल सोसायटी, स्टॉकहोम.

जुबॉफ़, एस. *(2019)*। द एज ऑफ़ सर्वेलेंस कैपटिलज़िम*:* द फ़ाइट फ़ॉर द फ्यूचर एट फ़ न्यू फ्रंटयिर ऑफ़ पॉवर. प्रोफ़ाइल बुक्स.

वालेजी वा म्मसितू की वापसी

चित्रण: सेफिन अलेक्जेंडर

"कोई बलिदान योग्य ज़मीन नहीं है, कोई बलिदान योग्य लोग नहीं होंगे।"

— डिकलेयरेशन ऑन यूनिवर्सल कलाईमेट जस्टिस (2029)

2. दुनियावी बनना: जलवायु लोचदार इलाक़े, सिम्बायोटिक फैब्रिकेशन और पारिस्थिकीय तंत्र के पुनर्जनन के बारे में

के'एक्स अ, स्वाहिली और कैंटोनीज़ से अनुवादित

!क्वेतेन-टा-||क्वैन

सान लोगों के मानवविज्ञानी और स्वदेशी इतिहासकार,

सामुदायिक सीड आर्काइव्स, मोम्बासा

लाइ सिन मेई

डिजाइन शोधकर्ता

हांगकांग ओपन डिज़ाइन सोसायटी

परिचय

हमारी प्रजातियों का ऐतिहासिक विकास मुख्य रूप से एक दुनियावी घटना रही है। सन् 2020 तक, बेतहाशा आर्थिक विकास के इंजनों को चलाने वाले इस प्रभुत्व ने एक गंभीर वास्तविकता की जांच की पेशकश की। शायद भावी संकेत के रूप में, भूमि-आधारित पारिस्थितिकीय तंत्र और जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं में व्यवधान ने हमारे अजीबोगरीब सभ्यतागत प्रयोग को ख़ुदकुशी करने वाले खतरा बताया, एक प्रतिगामी चक्र जो देर-सबेर खुद को नष्ट कर देने वाला था। इस अध्याय में, हम दुनियावी पारिस्थितिकीय तंत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए छठे सामूहिक विनाश, जैव-विविधता नुक़सान और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं के ढहने की शुरुआत पर चर्चा करेंगे।

यहाँ हम अभी तक महत्वपूर्ण तौर-तरीकों, रणनीतियों और आर्टीफ़ैक्ट्स का पुनर्निर्माण करेंगे, जिन्होंने दुनियावी पारिस्थितिकीय तंत्र में बड़े पैमाने पर कार्यवाही करने में मदद की। उस समय जैव विविधता और भूमि-आधारित पारिस्थितिकीय तंत्र में भारी गिरावट को देखते हुए, जलवायु लचीलेपन क्षेत्रों (सीआरज़ेड) के साथ-साथ, भूमि वापस आंदोलनों की तात्कालिकता सर्वोपरि हो गई, जो दुनिया भर के समुदायों के लिए दुनियावी पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं और कृषि-पारिस्थितिक कार्यक्रमों को पुनर्जीवित करने के लिए महत्वपूर्ण है। हालाँकि इसमें समय का अंतराल है, यह अध्याय इन सीआरज़ेड के भीतर से उभरने वाली कार्यवाहियों का ज़िक्र करेगा, जैसे स्वदेशी सहयोग के आधार पर मोम्बासा सीआरज़ेड में विकसित वन बीज उपकरण और हांगकांग सीआरज़ेड के पवित्र जंगलों में सिंबियोटिक पारस्परिकता और सिंबियोटिक फैब्रिकेशन की संस्कृति।

आज, सीआरज़ेड अखिल-स्वदेशी स्वायत्त क्षेत्र के रूप में विकसित हो चुके हैं — वैश्विक स्वदेशी नेतृत्व और सहजीवन सामग्री संस्कृतियों के विकास हेतु एक अभयारण्य के रूप में। सीआरज़ेड में सामाजिक रूप से उपयोगी निर्माण प्रथाओं की विरासत ने क्षेत्रीय जैव विविधता और पुनर्जीवित मृदा पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं पर पारिस्थितिकीय दबाव को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे वैश्विक खाद्य और भौतिक सुरक्षा की प्रचुरता पैदा हुई और हैबिटैट संरक्षण और पुनर्जनन के केंद्र बन चुके हैं। इन सहजीवी सामाजिक-तकनीकी संस्कृतियों के वैश्वीकरण ने मुख्य रूप से जीवन की गुणवत्ता, सामाजिक कल्याण और जलवायु लचीलेपन को पारस्परिक रूप से मजबूत करते हुए सीधे तौर पर मानव कल्याण की सामग्री, सामाजिक और पारिस्थितिक पदचिह्न को पुनर्गठित करने में सहायता की है। पिछली सदी से अलग, ये विकास भावी सदी में, जहाँ सामाजिक और पारिस्थितिक उत्थान, एक हॉट हाउस अर्थ में फलने-फूलने के दीर्घकालिक लक्ष्यों की दिशा में निरंतरता और देखभाल की आवश्यकता है, गहन संभावनाएं और चुनौतियां पेश करते हैं।

कीवर्ड:

पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्जनन

जलवायु लचीलापन क्षेत्र

सहजीवी निर्माण

जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं

उपनिवेशवाद

भूमि वापस

1. ब्रेकिंग लाइफ़

यदि हमें इस 'हॉट हाउस' में अपनी साझा पारिस्थितिकी विरासत के सामंजस्य की ओर बढ़ना है, तो हमें सौंपी गई उन विरासतों को पहचानना तथा उन विकल्पों को तलशना होगा, जिन्हें हम आकार देते हैं, या, जो हमें आकार देती हैं। ग्रहीय पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं और जैव विविधता के जटिल प्रक्षेपवक्र की विरासत को स्वीकार करते हुए, हमें मानना होगा कि जो हम आज 22स्वीं में देख रहे हैं, वे अपरिहार्य कत्तई नहीं थे। बल्कि, सोझ-समझकर चुने हुए विकल्प थे। मानवता के समृद्ध वर्गों ने उस विपत्ति की ओर ले जाने वाले मार्ग को जानबूझ कर चुना। इस अवधि के आसपास, निरंतर बेतहाशा आर्थिक विकास पर विमर्श जलवायु कार्यवाही के लिए अधिक तर्कपूर्ण आह्वानों पर हावी होती दिख रही थी। सन् 2019 तक, जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं पर एक ऐतिहासिक रिपोर्ट जारी करने के साथ ही टिपिंग पॉइंट्स के आसन्न 'ट्रिगरिंग' की चेतावनी दी गई। यह स्पष्ट था कि वे एक-दूसरे के साथ संगत नहीं थे (डियाज़, एवं अन्य, 2019)।

रिपोर्ट अपने निष्कर्ष में स्पष्ट थी — प्रकृति के अभूतपूर्व शोषण के परिणामस्वरुप वैश्विक स्तर पर पारिस्थितिकीय तंत्र और जैव विविधता में तेजी से गिरावट आई है (डियाज़ एवं अन्य, 2019)। इस तरह के अध्ययनों के खतरनाक निष्कर्ष की, जिनकी उस समय भरमार थी, चेतावनी थी कि 21स्वीं सदी की दुनिया कई 'टिपिंग पॉइंट्स' को 'ट्रिगर' करने की दिशा में आगे बढ़ रही थी, जहाँ पूरे पारिस्थितिकीय तंत्र के ढहने की पूरी-पूरी संभावना थी। ग्रह निश्चित तौर पर गर्त में जा रहा था: अमेज़ॅन वर्षावनों में आग, ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर का पिघलना, और पर्माफ्रॉस्ट पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से पिघल रहे थे। जैसे-जैसे पिछली सदी आगे बढ़ी, जलवायु टिपिंग पॉइंट्स (चित्र 1) का खतरा ग्रह को "हॉट हाउस अर्थ" बनाने की ओर ले जा रहा था (राबी एवं अन्य, 2073; स्टीफ़न एवं अन्य, 2018)।



चित्र 1 हॉट हाउस अर्थ सिनेरियो इमेज (स्टीफन एवं अन्य, 2018) में खोजे गए विभिन्न टिपिंग पॉइंट्स

1.1 जैविक विनाश: जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाएं

विश्व स्तर पर जैव विविधता में भारी गिरावट के साथ, मानव अस्तित्व के लिए प्राकृतिक दुनिया द्वारा सुनिश्चित की जाने वाली पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं में भारी गिरावट आ रही थी (डायज एवं अन्य, 2019)। साथ ही, जैव विविधता में उल्लेखनीय गिरावट (चित्र 2) ने छठे बड़े पैमाने पर विनाश की शुरुआत का संकेत दे दिया था (सेबलोस एवं अन्य, 2017)। इस गिरावट के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया गया था: आवास हानि एवं गहन कृषि और शहरीकरण; सिंथेटिक कीटनाशकों और उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग के कारण प्रदूषण; रोगजनकों और प्रस्तुत की गई प्रजातियाँ; और, जलवायु परिवर्तन (डियाज़ एवं अन्य, 2019; सांचेज़-बायो और वाइक्हुइस, 2019)। संगठित मानव समाज को खाद्य उत्पादन के लिए कठिनाई भरे प्रभावों का सामना करना पड़ा। वैश्विक खाद्य आपूर्ति का 95 प्रतिशत उस भूमि से आता है जहाँ औद्योगिक कृषि ने सुनिश्चित किया था कि दुनिया के ग्रीनहाउस-गैस उत्सर्जन का 25 प्रतिशत भूमि सफाई, फसल उत्पादन और उर्वरकों से उत्सर्जित होता है। इस उत्सर्जन का 75 प्रतिशत पशु-आधारित खाद्य उत्पादन था। आधुनिकीकरण और खाद्य प्रणालियों के औद्योगीकरण की ओर तेजी से जीवाश्म उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति की आवश्यकता थी (डेविस एवं अन्य, 2004)।

बाद के वर्षों में, मिट्टी की कमी सहित पूरे दुनियावी पारिस्थितिकीय तंत्र के विनाश के साथ, जैव विविधता में गिरावट और परागणकों के पतन से वही पैदावार कम हो रही थी जिसके लिए जीवाश्म कृषि मोनोकल्चर स्थापित किए गए थे (रे, 2019)। रासायनिक कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग ने परागणकों सहित कीटों की आबादी को नष्ट कर दिया और जटिल खाद्य श्रृंखलाओं में प्रवेश कर गए। दूसरी ओर, जीवाश्म उर्वरकों के गहन उपयोग से मिट्टी में रिसाव हो गया, जिससे पोषण प्रतिधारण के लिए उनकी प्राकृतिक जैवक्षमता समाप्त हो गई। कृषि मिट्टी की ऐतिहासिक उर्वरता, एक बार मुख्य रूप से मिट्टी में संबंधपरक माइक्रोबियल पारिस्थितिकीय तंत्र द्वारा संपन्न, गहन निष्कर्षण के दशकों के बाद समाप्त हो गई थी। दुनिया भर में एक बार उत्पादक मिट्टी के पारिस्थितिकीय तंत्र के बड़े पैमाने पर उनकी पोषक तत्व वहन करने की क्षमता का रिसाव हो रहा था, जो उन्हें अल्पकालिक आर्थिक लाभ के लिए बाँझ बना रहा था।

जीवाश्म संचालित मानवजनित उत्सर्जन ने सदियों से चले आ रहे दुनियावी पारिस्थितिकीय तंत्र के टूटने और विनाश के पैटर्न को तेज कर दिया। इन गतिविधियों से होने वाले लाभ, आबादी के एक छोटे, आर्थिक संभ्रांत वर्ग को हुए (यूनेस्को, 2048)। इस ज्ञान के बावजूद, मानव और पारिस्थितिक कल्याण की रक्षा के लिए जलवायु कार्यवाही की खिड़की के रूप में संचय को अधिकतम करने के लिए जारी जनादेश से वैश्विक संस्थान पंगु लग रहे थे। फिर भी, वैश्विक आर्थिक एजेंडा इन अस्तित्वगत खतरों से अविचलित लग रहा था। निष्कर्षण और प्रभुत्व के ढाँचे के भीतर, यह जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं पर सबसे खराब स्थिति वाली कई भविष्यवाणियों की पुष्टि की गई थी (मैथिली और तेनजिंग, 2106)।



चित्र 2 छठा महाविनाश (बाएं) 1500-2018 के रिकॉर्ड के आधार पर प्रजातियों के विलुप्त होने में घातीय वृद्धि, (दाएं) 1980-2018 के बीच प्रजातियों के अस्तित्व में गिरावट (रेड लिस्ट इंडेक्स)। छवि (डियाज़ एवं अन्य, 2019)

वैश्विक आर्थिक शासनों के तहत, दुनियावी पारिस्थितिकीय तंत्र को जीवन शक्ति से छीनकर एक 'वस्तु' में बदल दिया गया। कृषि और औद्योगिक मोनोकल्चर में "खाद्य, फ़ीड, फाइबर और बायोएनेर्जी" के उत्पादन के लिए पारिस्थितिकीय तंत्र को एक आयामी इनपुट के रूप में माना जाता था। ये प्रथाएँ ग्रहों की सीमाओं (चित्र 3) को तोड़ रही थीं, पारिस्थितिकीय तंत्र के लचीलेपन को कम कर रही थीं, और यहाँ तक कि जीवन की गुणवत्ता के परिदृश्यों की संभावनाओं को खतरे में डाल रही थीं। जैसे कि हवा और पानी के प्राकृतिक नियामक चक्र, जलवायु विनियमन, और पारिस्थितिकीय तंत्र के आवास उघड़ रहे थे (डियाज़ एवं अन्य, 2019)। लंबे समय में, सतत विकास और संसाधन और पूँजी संचय के नियंत्रण की इस खोज के तहत, जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाएं तेजी से बिगड़ रही थीं (डियाज़ एवं अन्य, 2019)। ऐतिहासिक और हालिया विद्वानों ने इंगित किया है कि यह एक आर्थिक प्रणाली के लिए विशिष्ट रूप से स्थानिक था, जहाँ संसाधनों का सस्तापन और नियंत्रण अल्पकालिक विकास का अभिन्न अंग था। हालाँकि, अधिक दीर्घकालिक चुनौतियों के लिए, अकेले सुधार पर्याप्त नहीं होगा (मैथिली और तेनजिंग, 2106; पटेल और मूर, 2017)।

1.2 खिलाने वाले हाथों को काटना

उस समय की वैश्विक खाद्य प्रणालियाँ, चाहे वह अनाज का व्यापार हो या वाणिज्यिक बीज का लेन-देन, कुछ मुट्ठी भर शक्तिशाली निजी संस्थानों द्वारा समेकित और हावी थीं (हुसैन, 2017; मिन और देवी, 2052)। शक्ति के इस तरह के संकेंद्रण और नीतिगत निर्णयों पर प्रभाव ने औद्योगिक कृषि और जैविक पर्माकल्चर के गिर्द चर्चाओं को अत्यधिक विवादित बना दिया। हालाँकि, जो निर्विवाद रूप से स्पष्ट था वह वैश्विक खाद्य प्रणालियों के कार्य करने हेतु आवश्यक पोषक चक्रों के जैव-रासायनिक प्रवाह में संतुलन बनाए रखने वाली जैव विविधता की हानि और जीवमंडल की क्षमता का विघटन था (चित्र 3)। कृत्रिम जीवाश्म ईंधन उर्वरकों को पंप करने के दशकों चलन ने नाइट्रोजन (डी. चेन



चित्र 3 2019 के डेटा के साथ ग्रहीय सीमाओं का ओवरशूट। छवि: वैंग-एरलैंडसन एट अल 2022 में विश्लेषण के आधार पर स्टॉकहोम रेजिलिएंस सेंटर के लिए एज़ोट

एवं अन्य, 2016) और फॉस्फोरस (कॉर्डेल एवं अन्य, 2009) की पोषक तत्व प्रतिधारण की अपनी प्राकृतिक क्षमताओं की मिट्टी की उर्वरता और खाद्य उत्पादन के लिए आवश्यक पोषक तत्व मान लिया था।

इसके अलावा, मानवजनित उत्सर्जन अर्थात जीवाश्म ईंधन के उपयोग से, वातावरण में कार्बन डायऑक्साइड, मीथेन, और नाइट्रोजन डायऑक्साइड की वृद्धि, ऊर्जा स्रोत के रूप में और भूमि उपयोग से ज़्यादा थी, विशेष रूप से कृषि में। उत्सर्जन वृद्धि ने प्राकृतिक प्रक्रियाओं के गतिशील संतुलन को बाधित कर दिया, जबकि वातावरण से कार्बन पृथक्करण क्षमता तेजी से बढ़ी (सियाद एवं अन्य, 2013)। यहाँ तक कि 2015 तक, मृदा पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं की गिरावट विश्व स्तर पर मिट्टी की उर्वरता में अस्थिरता के खतरनाक स्तर का कारण बन रही थी। दशकों से जीवाश्म ईंधन-आधारित कृषि पद्धतियों ने मिट्टी की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करना शुरू कर दिया था, जिससे दुनिया भर में प्रमुख खाद्य बेल्टों को कम कृषि उपज का सामना करना पड़ा (एफएओ और आईटीपीएस, 2015)। कई दुनियावी पारिस्थितिकीय तंत्रों के उल्लेखनीय पतन और टिपिंग पॉइंट्स की शुरुआत ने ग्रहीय सीमाओं से परे संसाधनों की खपत के अभूतपूर्व ओवरशूट को मजबूर कर दिया।

फिर भी, पूछा जाना चाहिए कि पिछली सदी की तेजी से औद्योगिकीकृत, वैश्विक खाद्य उत्पादन प्रणाली की इन स्पष्ट गलतफहमी के बावजूद, क्या यह वैश्विक आबादी की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करती थी? यदि ऐसा है, तो शायद इसकी कमियों को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। उस समय के अध्ययनों में पाया गया कि दुनिया की लगभग 11 प्रतिशत आबादी कुपोषित थी, और 20 प्रतिशत आहार-संबंधी बीमारियों के कारण समय से पहले मर रही थी, जिनमें अल्पपोषण और मोटापा भी शामिल था (डियाज़ एवं अन्य, 2019)। इसके अलावा, बीज जैव विविधता और कीट लचीलापन सुनिश्चित करने में ये व्यवस्थाएं आश्चर्यजनक रूप से अक्षम थीं। पैदावार को अधिकतम करने के लिए जीवाश्म उर्वरकों और जहरीले कीटनाशकों की प्रचुर मात्रा के साथ लगाए जाने के बावजूद, पारिस्थितिकीय तंत्र का लचीलापन समाप्त हो रहा था (डियाज़ एवं अन्य, 2019; शिवा, 2008)। इस प्रकार, जबकि दुनिया मानव आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन का उत्पादन कर सकती है, ये प्रथाएं मिट्टी की उत्पादक क्षमताओं को नष्ट कर रही थीं और फसल की पैदावार को और कम कर रही थीं (कॉर्डेल एवं अन्य, 2009; मिन और देवी, 2052; रे, 2019)।

वैश्विक खाद्य उत्पादन के बावजूद, दुनिया की आबादी को संतुष्ट करने के लिए पहले से कहीं अधिक भोजन का उत्पादन किया गया। अधिकांश भोजन बर्बाद हो गया। यहाँ तक कि स्वास्थ्य के अधिक प्रासंगिक पोषण संबंधी संकेतकों के विपरीत मानव विकास को कैलोरी के सेवन पर आधारित करते हुए, विश्व स्तर पर आधी से अधिक वैश्विक आबादी खाद्य असुरक्षा से जूझ रही थी (हिकेल, 2016)। इन विरोधाभासों ने मानव समाज में उस समय चरम असमानता के रूप में वृद्धि और विकास के आख्यानों में घोर असंगति को उजागर किया जो नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया था (ऑक्सफैम, 2015)। जलवायु और पारिस्थितिकी विनाश ने भी मानव जीवन को एक भयानक झटका दिया तथा प्रचलित सामाजिक-आर्थिक संरचनाओं में संरचनात्मक विफलताओं पर प्रकाश डाला। वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला छोटे किसानों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, जिनमें से अधिकांश मानव या पारिस्थितिकी पोषण संबंधी जरूरतों के बजाय प्रति उपज अधिकतम लाभ के लिए ट्यून किए गए बाजार व्यवस्था पर टिके रहने के लिए संघर्ष करते हैं (शिव, 2001; हुसैन, 2017; मिन और देवी, 2052)।

इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन से प्रेरित गर्मी की लहरें, सूखा और बाढ़ लगातार वार्षिक फसल की पैदावार कम कर रहे हैं (मिन और देवी, 2052; रे, 2019)। वैश्विक ऋण जयंती से पहले, छोटी जोत वाले किसान ऋण व्यवस्था के शिकार थे। किसानों को 'मोनोकल्चर' नकदी फसलों के लिए मालिकाना बीज, उर्वरक और कीटनाशक खरीदने के लिए मजबूर किया गया। जब मौसमी बारिश विफल रही, तो फसल की पैदावार का नुकसान हुआ, और किसानों को इस तरह के ऋणों को चुकाने के लिए गिरमिटिया दासता के रूप में मजबूर होना पड़ा (कार्लटन, 2017; शिवा, 2001)। अत्यधिक ऋण और गरीबी से विनाश के खतरे के तहत्, ये ऋण सर्पिल गरीब कृषि समाजों और यहाँ तक कि उन्नत औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में व्यापक रूप से किसानों की आत्महत्याओं में समाप्त हो गए (कार्लटन, 2017)।

खेती उस समय ग्रह पर सबसे खतरनाक व्यवसायों में से एक बन गई (कार्लटन, 2017; उबुम्वे, 2114), आज हममें से कुछ के लिए यह एक विचित्र अवधारणा है। केंद्रीकृत, जीवाश्म-आधारित खाद्य प्रणालियों ने भी किसानों की पूरी पीढ़ियों को बेसहारा होने के लिए मजबूर कर दिया था। भूख का अनुभव करने वालों का सबसे बड़ा जनसांख्यिकीय तब कृषि में शामिल था (लगभग 70 प्रतिशत)। कृषि में श्रम और देखभाल कार्य के अवमूल्यन के साथ, वैश्विक खाद्य उत्पादन की खेती करने वाले लोग अपने श्रम का फल नहीं खरीद सकते थे। इस प्रकार, सस्ता भोजन कृषि श्रम और भूमि शोषण के कारण ही था। हमें यह इंगित करना चाहिए कि इन अकल्पनीय बाधाओं के बावजूद, किसान खाद्य

पदार्थों ने जैव विविधता को संरक्षित कर लगभग एक चौथाई प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग एवं खाद्य प्रणालियों को लचीला बनाते हुए, अधिकांश वैश्विक आबादी को 'वेब-फेड' किया।

1.3 लैंड बैक: टूटी हुई संधियाँ और स्वदेशी विलोपन

यह आर्थिक विकास और वृद्धि के लिए निकट-धार्मिक धक्के का समय था, जो दुनिया भर में तेजी से घटती कृषि उत्पादकता, मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता के साथ मेल खाता था। ग्रह पर अंतिम शेष उपजाऊ मिट्टी के रूप में, स्वदेशी रूप से प्रबंधित भूमि को औद्योगिक निष्कर्षण के लिए नीलाम किया जा रहा था (फिलिप्स, 2019)। दुनिया भर में स्वदेशी प्रबंधित भूमि, जैव विविधता और मानवजनित कार्बन (चित्र 4) के लिए अनुकूल स्थल थे। ऐसे में वस्तु के रूप में, जटिल परस्पर जुड़े हुए, अंतर-पीढ़ी पारिस्थितिकी, जैसे वन, दलदल, परमाणुकृत इकाइयाँ, औद्योगिक उत्पादक क्षमता के दायरे में लाने जाने लगे (पेरियार, 2043)। भूमि के मूल, देशज लोगों के भूमि संरक्षण एवं पुनर्योजी क्षमता को या तो बचकाना बना दिया गया या अपमानजनक रूप से पुरातन माना लिया गया।

हालाँकि, जैसा कि इतिहास से पता चलता है, सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत हो सकती है। भ्रामक "आविष्कार" मानव और प्रकृति को अलग करके देखना बचकानी स्थिति थी। इस अविष्कार ने भले ही कुछ उपयोगी पेशकश की हो जैसे, वस्तुओं को उपयगिता प्रदान करना, खाद्य उत्पादन, अचल संपत्ति का निर्माण, खनिज, या लकड़ी का

चित्र 4 आईपीबीईएस रिपोर्ट 2019 द्वारा जलवायु कार्रवाई के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में वर्णित स्वदेशी ज्ञान का योगदान। छवि: (डियाज़ एवं अन्य, 2019)

इस्तेमाल (मिन और देवी, 2052)। जब भूमि एक औद्योगिक फार्म बन गई, तो इसका इस्तेमाल उसकी उत्पादक क्षमताओं के लिए तय था। वह उस ढाँचे के भीतर एक वस्तु थी, जिसका मक़सद मुनाफ़ा देना था (मिन और देवी, 2052)। हमें आज पता है कि जलवायु प्रणाली की उष्मागतिकीय सीमाओं से टकराने से बचाने के लिए इस तरह की व्यवस्थाओं के लंबे समय तक जीवित रहने की कोई संभावना नहीं थी। ऐसा लगता था कि दुनिया निश्चित अस्थाई अंत की ओर बढ़ रही है: एक "अनुत्पादक" प्रकृति को बेतहाशा उत्पादन करने के लिए मजबूर किया जा रहा था, जिसके फलस्वरूप सस्ती वस्तुओं को दुनिया के सभी कोनों में भेजा गया। जितनी तेज़ी से खपत हो रही थी उतनी ही व्यर्थता बढ़ रही थी (मैथिली और तेनजिंग, 2106)। इस स्थित को अब नवउदारवादी वित्तीयकरण के उदय के साथ जोड़ कर देखिए। आप पाएँगे कि इस प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में, “डेरिवेटिव बाजारों" द्वारा सिसिलेवार तरह से हमारे ग्रह और सामाजिक कल्याण व्यवस्था पर कहर ढाया गया (चांग, 2012; हीरा, 2010)। हालाँकि, पारिस्थितिकी विघटन अभूतपूर्व दरों पर तेज था, राष्ट्र-राज्यों ने औद्योगिक और आर्थिक शोषण के लिए संरक्षित स्वदेशी भूमि का सीमांकन करना जारी रखा (एलिस-पीटरसन, 2020; फिलिप्स, 2019)। विडंबना है कि विश्व स्तर पर लाभ की गिरती दरों को देखते हुए, ये नीतियाँ निवेश पर जबरदस्त रिटर्न नहीं दे सकीं (गार्सिया-ओलिवारेस और सोले, 2015; हिकेल और कैलिस, 2020; मैथिली और तेनजिंग, 2106)।

ये संरक्षित वन भूमि, औद्योगिक संसाधनों और कृषि समूहों के लिए भविष्य के विस्तार का लक्ष्य बन गई। ये शायद ग्रह के आखिरी इलाके बचे थे, जहाँ अभी भी मूल देशज पूर्वजों द्वारा प्रबंधित की जा रही प्राचीन जैव विविधता जीवित थी। क्रूरता की प्रक्रिया शुरू हुई और देशज पूर्वज और पैतृक भूमि समाप्त हो गई। उनके विस्थापन और नरसंहार ने एक तथाकथित सभ्य दुनिया की नींव रखी, जो प्रगति के अग्रदूत के रूप में डाली गई थी और अपने जीवनदाता पारिस्थितिकीय तंत्र का उपभोग करने की क्षमता के लिए जानी जाती थी। तथाकथित नवउदारवादी युग के साथ, वर्चस्व और निष्कर्षण का तर्क मानव समाज पर हावी हो गया। नतीजतन सामाजिक जीवन का वस्तुकरण और सैन्यीकरण देखा गया, जिसके गंभीर परिणाम देखे गए। ये पैटर्न उन सभी के लिए बहुत परिचित हैं जो सदियों से जबरन पुनर्वास और भूमि की बेदखली का अध्ययन करते आए हैं, जिसके परिणामस्वरूप मूल और पैतृक मातृभूमि से मूल राष्ट्रों और लोगों का नरसंहार और विशाल पैमाने पर विस्थापन हुआ था। इस तरह के अनुभवों ने हिंसक सैन्यीकरण, जहरीली डंपिंग और संदूषण, और संसाधन निष्कर्षण द्वारा किए गए अमानवीय विनाश को जन्म दिया। प्रस्तुत विषम परिस्थितियों को देखते हुए, स्वदेशी भूमि, पारिस्थितिकी प्रबंधन, पारिस्थितिकीय तंत्र के लचीलेपन का निर्माण, और वैश्विक जैव विविधता को संरक्षित करने के गढ़ थे (मुंडा, 2058; नेन्क्विमो, 2020)। अकल्पनीय बाधाओं के बावजूद, मूलता क़ायम रही।

1.4 वैधता का संकट

इन विनाशकारी प्रवृत्तियों में से कईयों ने लोकतांत्रिक असंतोष वाले प्रगतिशील आंदोलनों को कुचलने के लिए राजनीतिक गठजोड़ से जीवाश्म से कमाए धन का इस्तेमाल किया। इन प्रवृत्तियों को “बिज़नेस-एज़-यूज़ुअल" की सुरक्षा के लिए, एक प्रतिक्रिया माना जाता था। यह प्रतिकिया असल में घटते मुनाफ़े और जलवायु ख़तरे के डर की वजह से थी (रॉबिन्सन, 2019)। अभूतपूर्व असमानता और सामाजिक अशांति के परिणाम केवल सामाजिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं थे। आंशिक रूप से इस तरह की असमानता का कारण, नाजुक पारिस्थितिकीय तंत्र का अप्रत्याशित निष्कर्षण भी था। सन् 2020-2023 की कोरोनावायरस (कोविड 19) महामारी ने अपने तरीक़े से, निष्कर्षण आधिपत्य से परे इन पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं को बनाए रखने और कुल सामाजिक पतन के वास्तविक खतरे का सामना करने के महत्व को लेकर चेताया था। ऐसा ना करने पर जो अपक्षाकृत बहुत कम समय में अब तक हासिल मानव प्रगति को नेस्तनाबूद कर सकता था (मिलानोविक, 2020)। अल्पकालिक आर्थिक लाभ के लिए, वनों और दुनियावी पारिस्थितिकीय तंत्रों के निरंतर विनाश के रूप में पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं के और अधिक नुकसान ने अभूतपूर्व महामारी-स्तर की बीमारियों की चेतावनी पेश की (डियाज़ एवं अन्य, 2019)। मिसाल के तौर पर, अमेज़ॅन वर्षावन पूर्ण विनाश के कगार की ओर बढ़ रहे थे (लवजॉय और नोब्रे, 2019), और एक और कार्बन उत्सर्जन का स्रोत बनने के लिए तैयार थे (कोवे एवं अन्य, 2021)।

इकीसवीं सदी की शुरुआत तक दमन और वैश्विक जलवायु कार्यवाही के लगातार निराशाजनक रिकॉर्ड को देखते हुए, चुनौती से निपटने के लिए सार्वजनिक संस्थानों से एक ठोस सार्थक निर्देश की उम्मीद पालना व्यर्थ था। जलवायु न्याय आंदोलनों को लगातार दमन का सामना करना पड़ा। यह दमन अक्सर दुनिया को पारिस्थितिकी संकट में ला जाने वाली उन्हीं संस्थागत ताकतों द्वारा किया जाता था (मैथिली और तेनजिंग, 2106)। चूँकि समुदायों को जीवन की गिरती हुई गुणवत्ता के साथ-साथ आसन्न अस्तित्व के खतरों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण जड़ता स्थापित हो रही है। वैश्विक व्यवस्था को बिज़नेस-एज़-यूज़ुअल को जारी रखने के अलावा कोई अन्य चारा नहीं था (मैथिली

और तेनजिंग, 2106)। ये संकट विशेष रूप से उभरे क्योंकि निष्कर्षण और प्रभुत्व की पुरानी वर्चस्ववादी व्यवस्था ने उस समय की जलवायु वास्तविकताओं के तहत् उपजे ख़तरे से इंकार कर दिया, वैकल्पिक विचारों और दृष्टिकोणों की जड़ों को जमने दिया, और सामाजिक अनुबंध को नष्ट कर दिया (रॉबिन्सन, 2019; टोरेस, 2027)।

इस तरह के सरोकारों के बरअक्स, संस्थाओं ने नाजायज कार्यवाहियों द्वारा अपनी वैधता को फिर से हासिल करने का प्रयास किया। हर विरोधी तत्व को क्रूरता से दबाया गया अपनी वैधता को मजबूत किया गया। जल्द ही दुनिया भर के समुदायों ने सामाजिक अनुबंध के उन्मूलन, भव्य वादों के मोहभंग और अंततः जलवायु विश्वासघात एवं निष्क्रियता के साथ समझौता करना पड़ा। लगातार बढ़ती जलवायु आपदाओं, वैश्विक महामारियों और अधिनायकवादी तख्तापलट का सामना करते हुए, शीघ्र ही संस्थानों में जनता का भरोसा अपने निम्नतम स्तर पर था (टोरेस, 2027)। ऐसा लगता था मानो सभ्यता लम्बे समय से अपने आप से युद्ध कर रही हो और जान-बूझकर स्वयं, यहाँ तक कि अपनी कल्पना शक्ति, को भी नरभक्षी बना रही हो। उस समय की सामाजिक-सांस्कृतिक कल्पनाएँ अपने सामान्यीकरण और जलवायु नियतिवाद की शिकार थी। हालाँकि, ये जलवायु तबाही, हमारे पूर्वजों, दुनिया के गरीब, देशज और हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए वास्तविकताएं थीं। सावधान करने वाली कहानियाँ, प्रतिक्रियावादी ताकतें बन रही थीं। इस बात की तरफ़ इशारा जायज़ होगा कि प्रारंभिक प्रतिक्रियावादी अधिनायकवाद आंदोलनों ने एक नव-औपनिवेशिक, राष्ट्रवादी वैश्विक व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए लोकतांत्रिक संस्थानों पर कब्जा करने का प्रयास किया। हालाँकि, ये आंदोलन सत्ता में आते ही अपने ही बोझ तले ढह गए।

2. जीवन को पुनर्जीवित करना: वैश्विक जलवायु कार्यवाही के लिए सामाजिक स्वतंत्रता का नवीनीकरण

इस "सभ्यता के संकट" के बारे में कोई क्या कह सकता है। इसके विनाश से बचने के लिए मानव समाज कहाँ से हल खोजेगा? जीवित रहने के लिए हमारे पूर्वजों को ग्रह के आदिम निवासी के रूप में जीने जैसे दुसाध्य को साध्य बनाना पड़ा। इसने ग्रहों की पारिस्थितिकी के साथ पुरानी और नई सहक्रियाओं की खोज करना आवश्यक बना डाला, जिससे वैकल्पिक तर्कसंगत खोज में मानवता ने खुद को अलग कर लिया था और इस तरह "मानवता के बचपन" को अलविदा कहा (ग्रैबर और वेंग्रो, 2021)। जैसा कि तब तक समझा जाता था, 'सभ्यता' के कुछ अवरुद्ध और दुर्बल करने वाले मिथकों को छोड़ने से निश्चित रूप से मदद मिली। उसका सामूहिक रूप से एक प्राकृतिक, संबंधपरक दुनिया के साथ फिर से जुड़ना शुरू हो चुका था और उसने अतुलनीय परिवर्तनों से गुजरना शुरू कर दिया था।

इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, कहीं अधिक प्रगतिशील प्रकार के परिवर्तनकारी गठबंधन भी जड़ें जमा रहे थे। लगातार दमन के बावजूद, कई प्रतिरोध आंदोलन लचीलेपन के नए रास्ते अपना रहे थे। साथ ही सामाजिक टिपिंग पॉइंट्स की संभावनाएं लगातार उभर रही थीं। सामाजिक और आर्थिक न्याय, श्रम संघटन, स्वदेशी संप्रभुता और भूमि वापसी, वैश्विक न्याय और जलवायु सुधार, स्थायी कृषि, पशु अधिकार, खाद्य संप्रभुता, किसान संघर्ष, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, जेल उन्मूलन, ऋण रद्दीकरण, नागरिक विज्ञान, के लिए समर्पित कई आंदोलन ओपन नॉलेज आंदोलन, और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, एक नई जलवायु न्यायोचित दुनिया के लिए आपस में जुड़े संघर्षों के आसपास मजबूत होने लगे (हैम्पटन और कुरुविला, 2092)। इन आंदोलनों ने लगातार सहमति से गठबंधन और वैकल्पिक बुनियादी ढाँचे का निर्माण किया, जो अस्तित्व और अभिनय के असंख्य तरीकों में इंटरसेक्ट करने, जानबूझकर वृद्धिवादी परिवर्तन की अपेक्षाओं से दूरी बनाने, और जलवायु न्याय के आधार पर विकल्प के रूप में अपनी स्वयं की परिवर्तनकारी, संरचनात्मक परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर देते हैं (हैम्पटन और कुरुविला, 2092)। इसका तात्पर्य पुनर्स्थापनात्मक न्याय, औपनिवेशिक संस्थानों का अंत, और विश्व स्तर पर सबसे कमजोर लोगों के लिए जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा की एकीकृत बहाली सुनिश्चित करना है। जलवायु प्रणाली के विनाश के कारण गंभीर तनाव के तहत् पारिस्थितिकीय तंत्र और आवासों को पुनर्जीवित करने के लिए छठे बड़े पैमाने पर विनाश होने को संबोधित करने में यह आवश्यक क़दम साबित हुआ। इन हालातों में, सत्तावादी दमन का विरोध करते हुए जलवायु लचीलेपन के लिए पारस्परिक सहायता कार्यक्रमों के कई वैकल्पिक रूपों के साथ, ये अन्तर्विभाजक आंदोलन नए, स्थान-आधारित विकल्प बना रहे थे।(वेमुला, 2116)। इन उभरते हुए गठबंधनों में जो आकार ले रहा था। वह स्वतंत्रता की पारिस्थितिकी को पुनः प्राप्त करने के लिए सार्वभौमिक सामाजिक अनुबंधों की अभिव्यक्ति थी। इसका एक सभ्य जीवन ने दूसरों की कीमत पर आने का वादा किया था। यह आवश्यक जलवायु कार्यवाही के लक्ष्यों को साकार करने के लिए अधिक महत्वपूर्ण हो गया था।

2.1 पृथ्वी के अर्थशास्त्र पर पुनर्विचार

संस्थानों में जनता का भरोसा खत्म होने के साथ, समुदाय वैकल्पिक आर्थिक मॉडल के माध्यम से आत्मनिर्णय और सामुदायिक निर्माण के अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए, अधूरी जरूरतों को पूरा करने हेतु लोगों ने वैकल्पिक संस्थानों को जुटाकर उनका निर्माण किया। जब संयुक्त राष्ट्र की आपात सभा ने क्लाइमेट एक्शन (आईपीबीइएस, 2028) पर पारस्परिक रूप से आश्वस्त संपन्नता (एम ए टी) संधि को मंजूरी दी, तो राष्ट्र सदस्य जमीनी स्तर के संगठनों के अपने विकल्पों द्वारा चुनौती के डर से बाहर रहे। वैधता का यह संकट तब प्रकट हुआ जब सार्वजनिक संस्थानों द्वारा जारी बाध्यकारी खंडों और प्रतिबद्धताओं के बाद भी, ये शायद ही कभी व्यापक सार्वजनिक मन में घर कर हुए। इस बात को मद्देनज़र रखते हुए कि इनमें से कितनी संधियाँ अतीत में स्थायी परिवर्तनकारी परिवर्तन की अपनी पेशकश में विफल रही थीं। एमएटी संधि ने संस्थानों में जनता के विश्वास को फिर से हासिल करने के लिए 'ग्लोबल क्लाइमेट असेंबली' जैसे वैकल्पिक शासन मॉडल का भी प्रस्ताव रखा (डिरिक और चेन, 2029)। एमएटी संधि, सार्वभौमिक जलवायु न्याय (यूसीजे) संधि की पूरक थी। जबकि दोनों ने जलवायु न्याय और पारिस्थितिकी सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया, एमएटी संधि ने कॉमन्स, जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं को पुनर्जीवित करने के लिए भूमि-उपयोग परिवर्तनों पर अधिक ध्यान दिया। हालाँकि, कई लोगों के अनुसार इसमें पहले से ही बहुत देर हो चुकी थी (अचिबे, 2029)।

इस प्रकार, भले ही संधि को दूर कर दिया गया था, वैश्विक जलवायु सभाओं (जीसीए) द्वारा राष्ट्रीय अभिनेताओं के नीति पटल पर, पहले से ही कई हरित आर्थिक सौदे लागू किए जा रहे थे। नीतियों का पारंपरिक प्रतिरोध मुख्य रूप से समृद्ध राज्यों या उन राज्यों से आया, जो इनके साथ निश्चित रुख अपनाने का इरादा रखते थे। समृद्धि का यह मार्ग एक 'लॉजिस्टिक डेड एंड' था, क्योंकि कई अमीर राष्ट्र एक विकासशील अवस्था से पीड़ित थे, जहाँ सामाजिक और पारिस्थितिकी संकेतक भीषण गिरावट दिखा रहे थे, जबकि आर्थिक प्रदर्शन अपने उरूज पर था (एन, 2028; गार्सिया-ओलिवारेस और सोल, 2015)। अतिविकास के संकट का सामना कर रहे राष्ट्रों को अपने पारिस्थितिकी पदचिह्न को अनुबंधित करने के लिए एक 'डीग्रोथ' मॉडल लागू करना था (हिकेल, 2020), जो सामाजिक विनाश से बचने के लिए मानव कल्याण के लिए उपचारात्मक सामाजिक कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करता हो (एन, 2028)। सबसे पहले, इसे प्रदर्शनात्मक रूप से स्वीकार और आधे-अधूरे मन से लागू किया गया। पर्याप्त सामाजिक दबावों के साथ, जलवायु न्याय की ओर तराजू को झुकाने के लिए यह कदम काफी व्यापक था।

आर्थिक विकास को भौतिक भलाई से अलग करने का मतलब था कि आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन और खपत को बाजार से हटा दिया गया और मूलभूत मानवीय जरूरतों को पूरा करने हेतु "सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादन" की खोज की संभावनाओं की ओर स्थानांतरित कर दिया गया (नाता, 2076)। इसके अलावा, इसने इस नए ढाँचे के तहत्, औपचारिक रूप से देखरेख और सामाजिक पुनरुत्पादन के बुनियादी ढाँचे को मानव कल्याण सुनिश्चित करने के लिए मौलिक के रूप में स्वीकार करते हुए काम की पहचान की, जो तब तक सबसे हाशिए वाले समुदायों द्वारा किया गया था (ग्रेबर, 2014; स्टेनली एवं अन्य, 2021)। उस समय तक, एक अर्थव्यवस्था को वैश्वीकृत अर्थों में तभी सफल माना जाता था जब उसे ऐसे सामाजिक-आर्थिक क्रम को बनाए रखने के लिए सामाजिक पुनरुत्पादन को सस्ता करने के तरीकों को बनाए रखने के तरीके मिलते रहते थे। फिर भी, यह सभी मानव समाजों को पुनर्जीवित करने का सर्वोत्कृष्ट आधार था। इसके बाद, यूसीजे के तहत् जलवायु न्याय की सार्वभौमिक घोषणा ने सार्वभौमिक बुनियादी आय (ब्रेगमैन, 2017) के अधिक रूढ़िवादी प्रस्तावों के बजाय एक सार्वभौमिक रहने योग्य आय (यूएनडीपी, 2029) के कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया। शुरुआती प्रस्तावों की भारी निंदा की गई क्योंकि उन्होंने पहले से ही मौजूद संकट के लिए जिम्मेदार अनावश्यक उद्योगों और आर्थिक संस्थानों को उबारने हेतु बड़े पैमाने पर धन को मोड़ने का प्रस्ताव दिया (ली और कूपर, 2028)।

इसके अलावा, वितरण के रास्ते उतने श्रेष्ठ नहीं थे क्योंकि लोगों के कई समूहों को नौकरशाही तंत्र में शामिल नहीं किया गया था। उसी दौरान, कुछ समुदायों और राष्ट्रों ने इस प्रक्रिया में पूरी तरह से भाग लेने से इंकार कर दिया। जबकि नीति को हड़बड़ी में लागू किया गया था। इसका सीधा अर्थ था कि कुछ स्थानों पर इसके प्रभाव को पूर्ण रूप से महसूस करने में वर्षों लगते। कुछ अन्य मामलों में, कुछ वितरण रास्तों ताबड़-तोड़ बदला जा रहा था।

2.2 रिक्लेमिंग कम्यूनिटी: सामाजिक जीवन का नवीकरण

उल्लेखनीय रूप से, अस्वीकार्य कामकाजी परिस्थितियों को छोड़ने वाले लोगों के साथ समूचे उद्योग गायब हो गए। इसके फलस्वरूप, स्वास्थ्य और कल्याण के सामाजिक संकेतकों में भारी सुधार आया। हालाँकि, बाद में इस पर

ग़ौर करने से पता चलता था कि यह कोई विस्मयकारी बात नहीं थी। जिन लोगों ने जीवन-यापन योग्य मजदूरी की गारंटी के बावजूद अपने तीन-दिवसीय कार्य सप्ताह में काम करना पसंद किया, वे अपने खाली समय में सामाजिक गतिविधियों का अनुसरण करने लगे (ज़ेरानो, 2036)। लोग अपने "अनुत्पादक" समय में सामुदायिक परियोजनाओं जैसे कि लंगर लगाने और अन्य खुली खाद्य रसोइयों को स्थानीय रूप से उगाई गई उपज, तकनीकी कलाकृतियों की मरम्मत, सामाजिक आवासों का निर्माण एवं 'पुनर्निर्माण' और घने शहरी वानिकी को पुनर्जीवित करने जैसी सामुदायिक परियोजनाओं की व्यवस्था करने में लग गए। कठोर जलवायु अप्रत्याशितताओं के बावजूद दुनिया अनुभव कर रही थी कि इन स्वैच्छिक समुदायों ने सामाजिक निकाय ठीक करने, मानसिक स्वास्थ्य संकट से निपटने, व्यापक पैमाने पर जलवायु संबंधी चिंता को संबोधित करते हुए बचे रह गए अवशेषों को हटाने का काम किया। वैश्विक आर्थिक गतिविधियों के मामलों में सुस्ती ने इसके बजाय सामाजिक जुड़ाव को गति प्रदान की क्योंकि लोगों ने अपनी ऊर्जा को अपने समुदायों में पुनर्निर्देशित कर दिया था। सार्वभौमिक सामाजिक कार्यक्रमों का मौलिक रूप से उन जगहों पर विस्तार हुआ जहाँ प्रणालीगत गरीबी से निपटने के लिए रहने योग्य आय अपर्याप्त थी (दून, 2035)।

समुदाय अपने खाली समय में स्वैच्छिक कामों को करने का प्रयास कर रहे थे। स्वयंसेवी कार्यक्रमों और उत्थान उत्सवों ने सामुदायिक काम के विषय को उठाया। संसाधनों को उन लोगों द्वारा जुटाया जा रहा था, जिनका उद्देश्य मिट्टी को पुनर्जीवित करना, कृषि-पारिस्थितिकी खाद्य सहकारी समितियों को विकसित करना और पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करना था। सामुदायिक खेती परियोजनाओं को व्यापक रूप से रिपोर्ट किया गया क्योंकि यह नाटकीय रूप से कार्बन पृथक्करण ढाँचे को बनाने के लिए संभव दिख रहा था, जो वायुमंडलीय कार्बन को मिट्टी में वापस मिला देता था। संयोग से, इनमें से कई कार्रवाइयाँ एमएटी संधि (आईपीबीईएस, 2028) के प्रावधानों द्वारा समर्थित थीं, जिनका समुदायों ने सहज रूप से पालन किया। गरीब कृषक समुदायों को उनकी सार्वभौमिक रहने योग्य आय के माध्यम से कर्ज के जाल से मुक्त किया गया, जो ग्रामीण जीवन के सांस्कृतिक, बौद्धिक और पारिस्थितिक पुनरुत्थान के दिग्गज बन गए। दूसरी ओर, शहरी जीवन, ट्रांज़िशन नगर कार्यक्रमों के विभिन्न रूपों में परिवर्तित हो गया, क्योंकि अधिक स्थानीय सर्कूलर अर्थव्यवस्थाओं द्वारा दुनिया भर में शहरी जीवन को पुनर्जीवित किया गया और शहरों को फिर से रहने योग्य बनाया गया। बाजार विश्व स्तर पर अर्थव्यवस्था सिकुड़ गई, जबकि स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं साप्ताहिक बाजारों के रूप में फलने-फूलने लगीं। वे स्थानीय रूप से उत्पादित कलाकृतियों के लिए विनिमय अर्थव्यवस्थाओं की केंद्र बन गईं। इस तरह वे सामाजिक विनिमय के साधन बने। शहरी और ग्रामीण सामाजिक जीवन ने अभिव्यक्ति के अन्य रूपों को जैसे, त्योहारों, कला, संगीत, मनोरंजक खेलों और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में तेजी से विस्तारित क्षमताओं में पाया।

इनमें से कई परिवर्तन स्वैच्छिक समुदाय स्वयंसेवी गतिविधियों की मदद से संभव हुए, जहाँ लोगों ने अपने सांप्रदायिक स्थानों और हितों की खोज का प्रभार अपने हाथों में लिया। "नागरिक विज्ञान" (वाइल्डशूट, 2017) जैसे खुले विज्ञान आंदोलनों ने संकट के दौरान उल्लेखनीय उम्मीद जगाई (हुसैन, 2018)। जल्द ही, वे समुदायों के भीतर वैज्ञानिक प्रसार और सत्यापन का समर्थन करने वाले महत्वपूर्ण मंच बन गए (कुएंटास एवं अन्य, 2029)। ज़बरन काम के दबाव से मुक्त, व्यक्तियों ने स्वत:स्फूर्त रूप से ख़ुद को सार्वजनिक हितों के लिए संगठित किया। वे सामाजिक रूप से आवश्यक कार्यों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करने लगे, जिसे अक्सर पारिस्थितिकी बहाली और सामाजिक न्याय के लिए किया जाता था (न्गाता, 2076)। ओपन टेक और ओपन साइंस आंदोलन इस विशिष्ट अवधि में उत्पन्न हुए हैं, जो इन पहले के "सबाल्टर्न" समुदायों से फैल रहे हैं (न्गाता, 2076)। नागरिक विज्ञान समूहों, युद्ध उन्मूलनवादियों, और स्वदेशी समूहों के इन इंद्रधनुषी गठबंधनों ने भी 'युद्ध की अर्थव्यवस्था' को समाप्त कर दिया (वेमुला, 2116)।

2.3 भूमि का विऔपनिवेशीकरण: स्वदेशी संप्रभुता को साकार करना

सन् 2030 के दशक की शुरुआत में, 'इकोसाइड' पर एक निर्णायक फैसले ने जलवायु परिवर्तन को नकारने वाले जीवाश्म ईंधन संस्थानों के विशाल वैश्विक नेटवर्क को दोषी ठहराया। दशकों तक जलवायु कार्यवाही में देरी करने और बड़े पैमाने पर विनाश को अंजाम देने के लिए उन्हें मानवता और ग्रह के खिलाफ उनके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया गया (आईसीसी, 2034)। कई राष्ट्र-राज्यों की संपत्ति इन नेटवर्कों पर निर्भर थी। यह अपने शासन को विकसित करने, जीवाश्म और खनिज के शोषण, दुनिया के मूल लोगों के विस्थापन, और नरसंहार की इन व्यवस्थाओं पर स्थापित थी (मुंडा, 2058)। तथाकथित विकास की लफ्फाजी के पीछे, कईयों की कीमत पर जीवाश्म-ईंधन वाले समाज के कुछ विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन की गई प्रणाली मिलती है। इसके कारनामों में कुछ को समृद्ध करने वाले एक अहंकारी पर्यावरणघाती रवैय्या निहित था। जलवायु क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत्, नव-औपनिवेशिक विकास के ऐसे मॉडल को समाप्त किया जाना था। जीसीए ने

भूमि वापसी आंदोलनों का समर्थन, स्वदेशी भूमि लौटाने, और उन्हें संप्रभु भूवैज्ञानिक संस्थाओं के रूप में स्वीकार करते हुए मूल लोगों के विस्थापन और नरसंहार के लिए भुगतान किए गए जलवायु पुनर्मूल्यांकन का फ़र्मान जारी किया (यूएनसीएसी, 2043)।

जीवाश्म अवसंरचना के उन्मूलन ने मौलिक रूप से जीवाश्म उत्सर्जन पदचिह्न को सिकोड़ दिया और इस 'सिस्टम पर ब्रेक' लगा दी। आगे चलकर, यह सभ्यता के औद्योगिक एवं कृषि इंजनों को बदलने और अपने स्वयं की सफलता के लिए लचीलेपन के प्रयासों की नींव बना। इसके बाद के वर्षों में, मरम्मत के लिए भुगतान करते समय जीवाश्म ईंधन के बुनियादी ढाँचे को उनकी समग्रता में समाप्त कर दिया गया। बहुराष्ट्रीय जीवाश्म कृषि संस्थानों के लिए, कृषि मिट्टी उतनी ही मूल्यवान थी जितना वस्तुओं के बदले में मिलने वाला लाभांतर। जीवाश्म उद्योगों के उन्मूलन के बाद, ये अंतर बेमानी थे क्योंकि जीवाश्म ईंधन से प्राप्त उर्वरकों और कीटनाशकों के लिए दी जाने वाली सब्सिडी को समाप्त कर दिया गया था, जिसने औद्योगिक कृषि जोतों को कम उत्पादक और आर्थिक रूप से अस्थिर बना डाला। बाद के वर्षों में औद्योगिक कृषि भूमि के बड़े हिस्से को छोड़ दिया गया, जिस पर स्थानीय किसानों ने कब्जा कर लिया। ज्यादातर मामलों में यह देशज नेतृत्व में लौट आया था। शहरी और ग्रामीण समुदायों ने इन जमीनों का प्रबंधन किया। ये पारिस्थितिकी खेती के दृष्टिकोण से, स्थानीय खेती हेतु वैकल्पिक पारिस्थितिक स्थलों के रूप में उभरे। समय के साथ, ये स्थल प्राकृतिक आवासों के पुनरुत्थान के लिए अभ्यारण्य स्थल बन गए। कुछ सहभागी आर्थिक व्यवस्थाओं ने एक उचित जलवायु परिवर्तन में कार्बन-नकारात्मक छोरों को प्राप्त करते हुए मिट्टी को फिर से भरने और नवीनीकृत करने के लिए स्थानीय, पारिस्थितिकी खेती के अभ्यास के भीतर सार्वभौमिक लाभों को एकीकृत करने के तरीके भी खोजे।

पारिस्थितिकी मिट्टी एवं भूमि प्रबंधन और वैश्विक औद्योगिक भूमि प्रबंधन के संकुचन के आधार पर कार्बन ड्रॉडाउन प्रस्ताव, वैश्विक उत्सर्जन के पैमाने को कम कर रहे थे। यह समस्या आईपीसीसी की रिपोर्ट में सबसे ज्यादा सामने आई। और अब इस समस्या को हल करने का दावा, कुख्यात कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज (सीसीएस) तकनीकों का हवाला देकर किया जा रहा था (आईपीसीसी, 2018)। हालाँकि, गिरावट के तहत्, वैश्विक कार्बन ड्रॉडाउन कार्यक्रम कहीं अधिक उचित साबित हुए, क्योंकि धीमी आर्थिक गतिविधियों और खपत से उत्सर्जन में कमी ने उनकी संभावनाओं को व्यापक रूप से बढ़ा दिया था। वैश्विक गठबंधनों ने जानबूझकर, जलवायु-लचीले आवश्यक बुनियादी ढाँचे के पुनर्वितरण के प्रसार के रूप में समुदाय-पहले जलवायु कार्यवाही के आह्वान का जवाब दिया। समुदाय अब धीरे-धीरे स्थानीय स्वदेशी ज्ञान को फिर से खोज और पुनर्जीवित कर रहे थे। वे इसे उस समय के वैज्ञानिक विमर्श के साथ जोड़ रहे थे, जो शायद असंभव ड्रॉडाउन लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक उम्मीद की किरण पेश करने वाले थे। इतने बड़े पैमाने के प्रयास के लिए स्वदेशी ज्ञान और प्रथाओं को लागू किया गया। रास्ते में कुछ बाधाओं के बावजूद, यह पारिस्थितिकीय तंत्र संरक्षण, बहाली, और पुनर्जनन लक्ष्यों की दिशा में काम करने के लिए बहुत प्रभावी साबित हुआ। अर्थात, आर्थिक-सामाजिक-राजनीतिक और तकनीकी कारकों में परिवर्तनकारी बदलावों का समन्वय करना, जिनकी बेहद जरूरत थी (डियाज़ एवं अन्य, 2019)।

इन भूमियों की वापसी के साथ, संप्रभु स्वदेशी समुदायों ने क्षतिग्रस्त स्थलीय पारिस्थितिकीय तंत्रों और तथाकथित सभ्य समाज द्वारा विकृत आवासों के लिए अपने पूर्वजों के संबंध को पुनर्जीवित और बहाल करने का लंबा और कठिन कार्य किया। इस कदम के पूरक के रूप में, शासन के तौर-तरीके स्थानीय लचीलेपन और वैश्विक समानता के लिए आंतरिक नीतियों की ओर स्थानांतरित हो गए, जो कि मानव और सामाजिक कल्याण के साथ एकीकृत जलवायु सुधार और पारिस्थितिकीय तंत्र पुनर्जनन की रक्षा के लिए मानव-स्तर के विकास पर आधारित था। ये क्षेत्र समय के विज्ञान के सहयोग से स्वदेशी ज्ञान ढाँचे पर विमर्श के साथ प्रबंधित पारिस्थितिकीय तंत्र थे। खुली प्रौद्योगिकी हस्तांतरण ने इस ज्ञान को जलवायु सुधार के साथ संभव बना दिया क्योंकि वैश्विक प्रयासों ने आम और स्वदेशी ज्ञान के निजीकरण पर निर्मित जीवाश्म 'एग्रोटेक' बौद्धिक संपदा अधिकारों का उन्मूलन कर दिया था (कुएंटास एवं अन्य, 2029; शिवा, 2001)। पहले से कहीं अधिक, स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों और खुले विज्ञान आंदोलनों के बीच सहयोग मजबूत हुआ। इसका कारण था कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण ने बौद्धिक संपदा को अप्रचलित बना दिया।

2.4 दीर्घकालीन कार्बन ड्राडाउन: रिवाइल्डिंग, जैव विविधता और कृषि पारिस्थितिक (2028-2054)

इक्कीसवीं सदी के मध्य तक, वैश्विक जलवायु रणनीतियाँ आपस में तालमेल ला रही थीं, जिनका लक्ष्य जलवायु संकट के जवाब में जैव विविधता और कृषि पारिस्थितिकी के प्रति क्षेत्रीय और विश्व स्तर पर एकीकृत दृष्टिकोण की ओर था। हालाँकि, कईयों ने नवीनतम तकनीकी ज्ञान का संचार किया। लेकिन, सबसे अच्छा काम करने वालों में पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय स्वदेशी ज्ञान रखने वाले लोग थे। नागरिक विज्ञान का पीछा करने वाले नेटवर्क समुदायों

के साथ मिलकर, इन प्रथाओं ने एक नई तकनीकी संस्कृति के लिए पुनरुत्पादन पारिस्थितिकीय तंत्रों पर भरोसा करते हुए पर्माकल्चर प्रथाओं, स्थानीय संरक्षण और स्थानीय पैमाने पर स्थायी खाद्य उत्पादन प्रणालियों के माध्यम से पुनर्कल्पित किया।

इस प्रकार स्वस्थ मिट्टी के लिए अनुमति देने वाली पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं को पुनर्जीवित करने का सही मायने में विशाल कार्य शुरू हुआ। यह पहले से ही वातावरण, या, वनस्पति की तुलना में, कार्बन कैप्चर के लिए कहीं अधिक क्षमता रखने के लिए जाना जाता है (सियास एवं अन्य, 2013)। इसके अलावा, दुनिया के संप्रभु पुराने-विकास वाले जंगलों को फिर से जोड़ने से पहले ही स्थलीय जैव विविधता को वापस लाने की क्षमता दिखाई दे रही थी (डैम्सचेन, एवं अन्य, 2019)। एक बार पुनर्जीवित होने के बाद, स्वस्थ मिट्टी कृषि और वानिकी से बायोमास उत्पादन, भंडारण, निस्पंदन और पोषक तत्वों और पानी के परिवर्तन सहित बेहतर पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं को पेश कर सकती है, जैसे जैव विविधता आवास, कच्चे माल के स्रोत, और कार्बन सिंक (एफएओ और आईटीपीएस, 2035)।

औद्योगिक खाद्य प्रणालियाँ, जो कभी सस्ते जीवाश्म ईंधन पर निर्भर थीं, अब सस्ती नहीं हो सकती थीं और समुदाय-प्रबंधित कृषि वानिकी के लिए चिन्हित थीं। इस संक्रमण ने भौतिक उत्पादन और उपभोग संस्कृतियों को तीव्र कर दिया, जो पारिस्थितिकी रूप से पुनर्योजी पर्माकल्चर प्रथाओं में समेकित होना शुरू हो गया था। स्थायी कृषि, जलीय कृषि और पशुधन प्रणालियों, देशी प्रजातियों, किस्मों, नस्लों और आवासों की सुरक्षा के माध्यम से पारिस्थितिकी बहाली का एहसास हुआ। ये प्रणालियाँ जीवित रहने योग्य आय और स्थानीय उत्पादन और खपत-आवश्यक मानवीय जरूरतों को पूरा कर रहीं थीं और यह सुनिश्चित कर रहीं थीं कि वितरण नेटवर्क दुनिया की लगभग आधी कुपोषित आबादी की भूख और पोषण संबंधी कमियों पूरा करे। स्वदेशी भूमि वापस आंदोलनों की जीत, और जलवायु पुनर्वितरण कार्यक्रमों के कारण, भूमि पुनर्वितरण ने ग्रामीण जीवन को फिर से जीवंत करने में मदद की; और, कमजोर समुदायों में मृत्यु-दर-आत्महत्या को काफी हद तक कम किया (थापा, 2047)। इस व्यवस्था के तहत्, खाद्य प्रणालियों का स्थानीयकरण और 'पीपुल्स सीड आर्काइव्स' (पीएसए) जैसी पहलों की स्थापना ने बीज जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया। इसने खोए हुए पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं को पुनर्जीवित करने में काफी मदद की (नायपनोई और केल्मर, 2031)। दुनिया भर में कृषक समुदायों के साथ खेती की तकनीकों को सीखने और आदान-प्रदान करने और बीज संसाधनों को साझा करने और अन्य जानकारी के साथ, ये स्वदेशी स्वायत्त बेल्ट अन्य महत्वपूर्ण प्रयासों की प्रयोगशाला बन गए। औद्योगिक बूचड़खानों से हाल ही में मुक्त किए गए लाखों पशुओं के पुनर्वास में रिवाइल्डिंग पारिस्थितिकीय तंत्र ने एक बड़ी भूमिका निभाई। इस बदले हुए पोषण संबंधी पैटर्न ने, देहाती आंदोलनों को भी प्रभावित किया है। ये संरक्षित भूमि पर पालतू जानवरों के पारिस्थितिकी पर्यवेक्षण का समर्थन करते हैं, जो स्वाभाविक रूप से पशुधन प्रबंधन और क्षेत्रीय जैव विविधता बहाली के लिए परिवर्तनकारी साबित हुए (वू एंड यंग, 2035)।

2.4.1 क्लाइमेट रेजिलिएंस जोन (सीआरज़ेड) के रिवाइल्डिंग नेटवर्क

पिछली सदी में, बड़े पैमाने पर किए गए अध्ययनों ने गहन तरीके से जलवायु सुधार और स्वदेशी कार्यवाही के बीच संबंधों को ज्ञान प्रणालियों के नवीकरण से आवश्यक जलवायु लक्ष्यों को पूरा किया। मरम्मत के बाद की दुनिया में, इसे स्वदेशी पारिस्थितिकीय तंत्र प्रबंधन के मौन ज्ञान ढाँचे पर आधारित निर्माण करना था; और पारिस्थितिकीय तंत्र के लचीलेपन के उत्थान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए नागरिक विज्ञान के साथ प्रबलित होना था। उस वक़्त उभर रहे आपसी संपन्नता के सहयोग, पहले क्लाइमेट रेजिलिएंस जोन की स्थापना के साथ साकार हुए, जो क्लाइमेट रेजिलिएंस अभ्यास के लिए स्वदेशी दृष्टिकोण पर स्थापित थे (गोल्डमैन, 2028)। इन सीआरज़ेडों को "विशेष आर्थिक क्षेत्र" (एसईजेड) के संदर्भ के रूप में नामित किया गया। इसने 20स्वीं शताब्दी के बाद के आर्थिक विकास को अनियमित औद्योगिक विस्तार और विकास के आधार पर संचालित किया। यह नव-औपनिवेशिक निष्कर्षण का एक उपकरण था (नेवलिंग, 2015)। इस प्रकार यह सीआरज़ेड इतिहास में एक अनूठी चाल थी, जिसने कभी शहरी कलफ़ में लिपटे इन मृत क्षेत्रों को आज के घने, अखिल-स्वदेशी पुराने विकास वाले विशाल-जंगलों में बदल दिया (चित्र 5)।

इसे नोट किया जाना ज़रूरी है कि पहले सीआरज़ेड मोम्बासा के शहरी ताने-बाने के आसपास उभरे थे। ऐसा तब हो रहा था जब जलवायु परिवर्तन पूर्वी अफ्रीकी क्षेत्र में हर साल अभूतपूर्व तूफानों के साथ तबाही मचा रहा था। यहीं पर कई गुरिल्ला वानिकी गठबंधनों ने स्थानीय स्वदेशी ज्ञान के अनूठे फ्यूज़न को लागू किया, जो इस क्षेत्र में बहाली और नागरिक विज्ञान आंदोलनों के सहयोग से संप्रभु स्वदेशी भूमि में पुनर्जीवित हुआ। इन सहयोगों ने पारिस्थितिकी संकट के समाधान का पता लगाने की कोशिश की, जबकि हर गुजरते साल के साथ ये वार्षिक तूफान विनाशकारी

चित्र 5 पुराने विकास वनों के पुनरुद्धार में सहायता करने वाले जैवविविध क्षेत्रों के त्वरित पुनर्जनन से डिस्कनेक्ट किए गए आवासों को फिर से जोड़ना। छवि: (सेच और तार्कोवस्की, 2108)

होते गए। जबकि बड़े पैमाने पर जलवायु प्रवासन ने, शहरी आबादी में गिरावट के लिए मजबूर किया। शहरों और उनके आसपास के कुछ समुदायों ने विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहना चुना। भले ही इस तरह के समग्र भूमि प्रबंधन अभ्यास, हजारों वर्षों से स्वदेशी संस्कृतियों में विद्यमान रहे हैं। इस जलवायु और पारिस्थितिकीय तंत्र के टूटने-बिखरने के कारण आए परिवर्तनों ने, इस ज्ञान को नाकाफ़ी माना। इन सीआरज़ेडों ने पुनर्योजी शहरी विकास की लंबे समय से ज्ञात सिद्ध संभावनाओं के विकल्पों चुनने को प्रेरित किया, जो पारिस्थितिक प्रक्रियाओं के सहयोग से पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं को पुनर्जीवित करने वाले विकल्प थे। क्रियाओं की दीर्घायु सुनिश्चित करने के लिए, ज्ञान के अन्य तरीकों के साथ सहजीवी रुप से स्थित होने और कार्य करने की तकनीकी चुनौतियों के लिए ज्ञान के पूरक डोमेन की आवश्यकता थी। शायद इन साँचों के कारण ही मोम्बासा का सीआरज़ेड विकसित हुआ। मोम्बासा एक ऐसा पहला प्रलेखित मामला था, जिसने स्वदेशी ज्ञान और नागरिक विज्ञान समूहों के बीच इस गहरे संबंध को साथ लाने का काम किया था और जिसने चारों ओर वन पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए क़दम उठाए।

इनमें से कई प्रयास दुनिया की नज़र से छिपे रहे। ये प्रयास ग्रेटर मोम्बासा क्षेत्र में रहने वाले साधारण लोगों द्वारा किए गए थे। इन सीआरज़ेडों में जंगल कुछ दशकों से नाटकीय रुप से फिर से उग रहे थे। कुछ तो इतने घने थे जहाँ कभी-कभी इंसानों के लिए चलना भी मुश्किल हो जाता था। जानबूझकर बनाए गए पैटर्न, अत्यधिक तूफान का सामना करने वाले शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढाँचों की रक्षा में मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए थे। घने, पुराने विकास वाले जंगलों के इन उलझे हुए कृषि संबंधी टुकड़ों ने पिछले अध्ययनों की पुष्टि के संकेत दिए थे (थॉम एवं अन्य, 2019)। तूफान के मौसम के दौरान, अत्यधिक घने पुराने जंगलों के कारण, विषम तूफानों की ऊर्जा विच्छेदित हो जाती थी। उन्नत जलवायु लचीलेपन ने लोगों की मौसम-दर-मौसम बढ़ते सूखे और गर्मी की चपेट सहने की क्षमता में इज़ाफ़ा किया। सीआरज़ेड और उन्हें बनाए रखने वाले समुदाय कहीं अधिक लचीले थे। वे स्थानीय पारिस्थितिकी कृषि, औषधीय वनस्पतियों और स्थानीय निर्माण उपयोग के लिए इंजीनियरिंग फाइबर के क्षेत्रों से जुड़े थे। खाद्य सुरक्षा को और मज़बूत करने के लिए, ग्लोबल साउथ के कई शहरों ने भी आने वाले वर्षों में शहरी 'टेपेस्ट्री' के भीतर मानव और वन आवासों को शामिल करने के तरीकों को एकीकृत करते हुए इस प्रथा का पालन किया और ख़ुद को पारिस्परिक रुप से मजबूत किया। एक व्यावहारिक जलवायु शमन रणनीति के रुप में स्थानीय और स्वदेशी ज्ञान का एक साथ आना, मोम्बासा को और विकसित करने के अनुकूल था। घनी वन पट्टी शहर भर में फैली हुई थी, जिसे शहर भर में ख़तरे वाले स्थानों पर तूफानों की रोकथाम के रुप में विकसित किया गया था।

सन् 2030 के दशक की शुरुआत में, शहर भर में पुराने विकास वाले जंगलों के घने 'पैच' लगाने के सामुदायिक प्रयोग किए जा रहे थे (गोल्डमैन, 2064)। इस तरह के वनीकरण और पुनर्निर्माण के प्रयासों की बदौलत आज कई संपन्न पुराने विकास वाले वनों में मानव बस्तियाँ बसी हैं। जैसे-जैसे सीआरज़ेड पारिस्थितिकीय तंत्र का विस्तार हुआ, प्राचीन शहरी और औद्योगिक अवसंरचनाएं 'विकृत' हो गईं और निर्मित शहरी वातावरण और अवसंरचनाओं की आवश्यकता नहीं रही (सेरानोस, 2031)। इन सीआरज़ेडों को संरक्षित क्षेत्रों के रुप में स्थापित किया गया था। चूँकि स्वदेशी और संबद्ध गठबंधनों ने एक बार फिर शुद्ध कंक्रीट और डामर क्षेत्रों को हासिल कर लिया था, इसलिए जल्द

ही दुनिया भर में इन्हें अपनाया जाने लगा। इन क्षेत्रों ने शहरी सामाजिक जीवन, जलवायु लचीलेपन, जैव विविधता, पारिस्थितिकीय तंत्र पुनर्जनन, और स्थानीय खाद्य उत्पादन के विस्तार के लिए जगह छोड़ दी थी (सेरानोस, 2031)।

सीआरज़ेड स्थापित करने के लिए, समुदायों को गहन जीवाश्म कृषि द्वारा लगभग एक सदी से मिट्टी की खराब पोषक क्षमता को पुनर्जीवित करना था। यह पुनरुद्धार, स्वस्थ रोगाणुओं के साथ जैविक रूप से सक्रिय 'बायोचर' नामक कार्बोनाइज्ड पदार्थ के साथ मिट्टी में संशोधन के ज़रिए, स्थापित स्वदेशी प्रथाओं पर आधारित था। ऐतिहासिक रूप से, इस बायोचर या बायोकार्बन को 'टेरा प्रीटा' के रूप में जानी जाने वाली अमेज़ॅन वर्षावन मिट्टी की उर्वरता को सुगम बनाने के लिए जाना जाता था। यह हजारों वर्षों तक कार्बन पृथक्करण करता रह सकता था (ग्लेसर एवं अन्य, 2001)। इस बात का भी अच्छी तरह से अध्ययन किया गया कि यह कार्बन-संशोधित मिट्टी समृद्ध माइक्रोबियल पारिस्थितिकीय तंत्रों के लिए साइट प्रदान करने में मदद कर सकती है (हैमर एवं अन्य, 2014; लेहमन और जोसेफ, 2009; नगाटिया एवं अन्य, 2019)। उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के स्थानीय औद्योगिक उत्पादन में भी एकीकृत करते हुए कार्बोनाइज्ड कार्बनिक पदार्थों से बने इस स्थिर मिट्टी के संशोधन को कार्बन पृथक्करण के एक प्रभावी साधन के रूप में भी प्रस्तावित किया गया (बेट्स और ड्रेपर, 2019)। इस प्रकार, यहाँ तक कि सामाजिक खेती को एक बड़े पारिस्थितिकी संदर्भ में तैयार किया जा रहा था। यह 'स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के साथ-साथ, खुले विज्ञान और खुली तकनीक' पर आधारित था। सीआरज़ेड अब हाल ही में औद्योगिक कारखानों से मुक्त किए गए पशुओं के आवास थे और इन्होंने पारिस्थितिकीय तंत्र पुनर्जनन में पशुचारण योगदान सुनिश्चित करते हुए, इन स्थलों को फिर से बनाने में मदद की (वू और यंग, 2035)। स्थानीय पर्माकल्चर फार्मों के साथ इन सीआरज़ेड के सहजीवी पोषण ने अनुकूल जलवायु फीडबैक लूप तैयार किए। यह मानव गतिविधि द्वारा सहायता प्राप्त इस मिट्टी में पुराने विकास के माइक्रोबियल पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। जैसा कि शुरुआती हस्तक्षेपों ने दिखाया, दुनिया के पुराने विकास वाले जंगलों को फिर से जोड़ने से जैव विविधता को वापस लाने में व्यावहारिक सफलता मिली; और, यह दिखाया कि पुरानी-वृद्धि जितनी पुरानी होगी, उतना ही अधिक कार्बन जमा हो सकता था (टोलेफसन, 2014; सेच और तार्कोवस्की, 2108)।

कई अध्ययनों ने इस बात की पुष्टि की है कि भूमि में माइक्रोबियल माइकोरिज़ल मार्ग, स्वस्थ कृषि वानिकी प्रथाओं को सक्षम करते हैं। ये स्वस्थ माइक्रोबियल बेड एक समग्र पैमाने पर पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं को पुनर्जीवित कर सकते हैं और नाइट्रोजन, फास्फोरस और कार्बन अनुक्रम के पोषण संबंधी आदान-प्रदान के कहीं अधिक प्रभावी माध्यम साबित हो सकते हैं (व्हाइटसाइड एवं अन्य, 2019)। इसके अलावा, उनकी कार्बन अनुक्रम क्षमता घातीय थी क्योंकि ये पारिस्थितिकीय तंत्र अधिक "पुराने विकास" पारिस्थितिकीय तंत्र बन गए थे। इसका अर्थ था कि इन जंगलों की मिट्टी में पहले से कहीं अधिक गहन स्तर पर कार्बन पृथक्करण की अपार क्षमता थी (थॉम एवं अन्य, 2019; टोलफसन, 2014)। उस समय, इन वन पारिस्थितिकीय तंत्रों के प्रभाव की पुष्टि करने वाले अध्ययन जियोलोजिकल स्तर पर थे, जो वर्षा के पैटर्न में बदलाव को प्रभावित करने वाले थे (कूपरमैन एवं अन्य, 2018; पॉपकिन, 2018; स्टीडिंगर एवं अन्य, 2019)। जल्द ही सीआरज़ेड में मृदा माइक्रोबियल स्वास्थ्य के पुनरुद्धार के लिए इस सरल हस्तक्षेप ने वर्षा और कार्बन चक्रों के पूरे भूवैज्ञानिक स्तरों को प्रभावित करने वाले वैश्विक कैस्केड प्रभाव पैदा किए (सेच और तार्कोवस्की, 2108; गोल्डमन, 2064)। भले ही ये सीआरज़ेड समुदाय केवल प्रतीत होने वाले संकीर्ण पोषक, आवंटन और कार्बन पृथक्करण लक्ष्यों के लिए उनका पीछा कर रहे थे। उनके विकास और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं के पुनरुद्धार ने कई जलवायु प्रतिक्रियाओं को पहले से कहीं अधिक गहराई से प्रभावित किया।

2.4.2 न्यू मोम्बासा सीआरज़ेड के गुरिल्ला सीडर्स

मोम्बासा सीआरज़ेड और उनके नए, पुराने विकास वाले जंगलों का पुनर्जनन स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों और समकालीन पारिस्थितिकीय तंत्र लचीलेपन कार्यक्रमों के बीच सहयोग की एक महत्वपूर्ण मिसाल था। देशी जलवायु-लचीली प्रजातियों के साथ इन देशी पारिस्थितिकीय तंत्रों का अध्ययन और पुनर्जीवित करने हेतु समग्र सांस्कृतिक ज्ञान का यह अनुप्रयोग दुनिया भर में सीआरज़ेड प्रथाओं का आधार बन गया। बीज बोने के प्रयासों के एक दशक के भीतर ही न्यू मोम्बासा क्लाइमेट रेजिलिएंट ज़ोन घने जंगलों से भर गया। इस प्रक्रिया में स्वाभाविक रूप से सैकड़ों साल लग जाते हैं। खुले ज्ञान के ढाँचे के साथ, अनुभव और ज्ञान ने एक सफल रणनीति अपनाई थी जो जानी-मानी पुनर्योजी प्रथाओं पर आधारित थी। इस प्रकार, मोम्बासा में सीआरज़ेड प्रयोग की सफलता जल्दी ही दुनिया के अन्य भागों में फैल गई। यह अभ्यास तेजी से बढ़ा और सीआरज़ेड के रूप में फैल गया, जिसे दुनिया भर में बड़े पैमाने पर दोहराया गया (थापा, 2047)।

पुराने विकासों को फिर से स्थापित करने में सहायता के लिए आवश्यक है कि उनके सहजीवी माइक्रोबियल मार्गों को तेजी से कृषि मिट्टी में अंकुरित किया जाए। जबकि पारंपरिक औद्योगिक खेती प्रथाओं ने वन पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करने और कृषि वानिकी क्षेत्रों की स्थापना के लिए, महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीव जीवों को नियमित रूप से तंग किया। भारी जीवाश्म ईंधन आधारित मशीनरी और शोषक कृषि श्रम के संकुचन के साथ खेती के तरीकों ने अधिक पारिस्थितिकीय प्रथाओं को अपनाया। कृषि-पारिस्थितिकी, बिना जुताई वाली खेती एक "शून्य" कृषि ढाँचे में 'सीड बॉल' तकनीक लागू कर सकती है (फुकुओका, 1978)। सीड बॉलिंग ने मिट्टी की पोषक जैवक्षमता को समृद्ध किया और कृषि पारिस्थितिकी अभ्यास की अनुमति दी। उन्होंने जैविक खाद्य खेती की इलाक़े के साथ-साथ, पुराने विकास वाले जंगलों को पुनर्जीवित किया। इनमें से प्रत्येक सीड बॉल में आवश्यक विशिष्ट प्रकार की पारिस्थितिकी के लिए चुने गए देशी बीजों का एक विशिष्ट संयोजन होता है (चित्र 6ए)।

देशज बीजों की शुरुआत बायोकार्बन खाद के आटे की लोई से हुई, जो विषम परिस्थितियों में भी बीजों को अंकुरित करने में पोषक तत्वों से भरपूर थी। उस समय के कई अध्ययनों ने सुझाया था कि गैर-जीवाश्म स्रोतों से नाइट्रोजन और फॉस्फोरस जैसे आवश्यक पोषक तत्वों के साथ इस बायोकार्बन को और अधिक "सुपरचार्ज" किया जा सकता था (न्गाता एवं अन्य, 2019; ज़ाऊ एवं अन्य, 2019; जू एवं अन्य, 2019)। उस समय यह समझा जाता था कि इस बायोकार्बन ने नए भूमिगत मिट्टी माइकोरिज़ल मार्ग (चित्र 6बी) की स्थापना करके बीजों तक पोषण की पहुंच को आगे बढ़ाया (व्हाइटसाइड एवं अन्य, 2019)। मायसेलियम बीजाणुओं की कुछ किस्में तेज़ी से जंगल का विस्तार करती थीं (टिंग, 2015)। स्थानीय पारिस्थितिकीय तंत्र के लिए विशिष्ट सहजीवी संबंधों को प्रोत्साहित करने के लिए अभिलेखीय अभिलेखों और स्वदेशी ज्ञान की मैपिंग के आधार पर देशज बीजों का चयन किया गया था। उन जगहों पर जहाँ आवास काट दिए गए थे, उन्होंने एक ही पारिस्थितिकीय तंत्र से संबंधित विलुप्त प्रजातियों के सीड बॉल संयोजन लगाए। इस उद्देश्य के लिए, बीज अभिलेखागार ने ऐतिहासिक रिकॉर्ड से कभी लुप्त मानी जाने वाली मूल प्रजातियों को स्रोत और पुनर्प्राप्त करने में मदद की (नायपनोई और केल्मर, 2031)। कुछ अन्य मामलों में, जानबूझकर लाई गई नई प्रजातियों ने मानव आवश्यकताओं के लिए, प्रासंगिक पारिस्थितिकीय तंत्र को संतुलित करने का अपना तरीका ढूंढ लिया (गोल्डमैन, 2028)। अधिक 'रैंडम पैटर्न' में रोपण ने, इन बीजों के प्राकृतिक पैटर्न की नकल की। इसे मियावाकी विधि के रूप में जाना जाता है। बीजों को फैलाने का यह रचनात्मक तरीका, जंगलों को लचीला बना देता है और पारिस्थितिकी पुनर्जनन पैटर्न में निहित कुछ 'रैंडमनेस' प्रस्तुत करता है (मियावाकी, 1999, 2004)। यह विधि औद्योगिक मशीनरी के लिहाज़ से एक कम व्यावहारिक विकल्प थी, लेकिन पुनर्जनन कार्यक्रम के महत्वाकांक्षी पैमाने को देखते हुए 'सीड बॉल्स' ने दूरस्थ क्षेत्रों को कवर करने में मदद की, जिन तक स्वयंसेवक समूहों द्वारा पहुँचा जा सकता था।

शहरी समुदायों ने स्थानीय पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए सामूहिक प्रयासों को देखा। ये सीआरज़ेड जैव विविधता के पुनर्वास, कृषि वानिकी प्रथाओं की स्थापना और समुदाय की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने

चित्र 6 ए) बायोकार्बन से बनी सीड बॉल, माईसेलियम युक्त मिट्टी और खाद। छवि: सीडबॉल्स केन्या (2014); बी) बायोकार्बन कणों में माइकोराइजल नेटवर्क, जो समय के साथ पूरी तरह से मिट्टी प्रणाली में एकीकृत हो जाते हैं, जिसमें अपघटन के कोई संकेत नहीं होते हैं, और माइकोराइजल हाईफ़ी (नारंगी संरचना) के माध्यम से पोषक तत्वों और पानी के लिए जलाशय के रूप में कार्य करता है। छवि: (ब्रुकमैन और क्लिंगलमुलर, 2014)

के लिए परिवर्तनकारी स्थल थे। प्रत्यक्ष लेकिन सजग सामुदायिक प्रयास जैसे कि 'डिपेविंग' ने पहले के कंक्रीट और स्टील के बुनियादी ढाँचे को पुनर्जीवित कर शहरी भूमि से मिट्टी को उघाड़ने का काम किया। मोम्बासा में, यह अधिकांश कार्य गुप्त रूप से स्वदेशी लोगों, स्वयंसेवक आर्बोरिस्टों के एक गुरिल्ला प्रत्यक्ष एक्शन समूह द्वारा किया गया था। नागरिक विज्ञान समुदाय, विशेष सीडिंग उपकरणों (चित्र 7) के साथ पुरानी-विकास मिट्टी तैयार करने में लगा था। इन समूहों को "वालेज़ी वा मिसितु" (स्वाहिली भाषा में इसका अर्थ होता है: जंगल के संरक्षक) कहा जाता था। इन समूहों ने इस क्षेत्र में घूम-घूमकर, स्थानीय वन प्रजातियों का सर्वेक्षण और दस्तावेजीकरण किया। बाद में उन्होंने मोम्बासा क्षेत्र में सीआरज़ेड की खेती शुरू कर दी। समूह को उस समय लगा कि शहरों को खाद्य उत्पादों में आत्मनिर्भर बनाने, और, विनाशकारी तूफान से बचने का यही सबसे अच्छा तरीका था। उनके द्वारा विकसित सीडिंग उपकरण (चित्र 7), स्थानीय नागरिक विज्ञान और स्थानीय रूप से उपलब्ध तकनीकों और संसाधनों के ज़रिए ओपन टेक समुदायों द्वारा डिजाइन किए गए मिश्रण थे।

सदी के उत्तरार्ध में, ये गुरिल्ला कार्यवाइयाँ मुख्यधारा में आ गईं और सांस्कृतिक रूप से स्थित विशेषताओं को लेकर व्यापक रूप से फैलने लगीं। मोम्बासा में सीआरज़ेड के साथ शुरुआती सफलता ने 'सीड आर्काइव' के साथ, समान बहाली के प्रयासों को प्रभावित किया, जिससे समुदायों को स्वदेशी गठबंधनों और स्थानीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों द्वारा आकार देने वाले पुराने विकासों को तेजी से पुनर्जीवित करने के काम को स्वचालित करने का अवसर मिला। हांगकांग में, इन कार्यवाहियों ने 'एयरबोर्न सीडर्स' का रूप ले लिया (चित्र 8)। यह एक निष्क्रिय सैन्य-औद्योगिक उपकरण के 'खजाने' से निकाली गई परित्यक्त स्वायत्त तकनीकों के साथ संयुक्त थी (न्गाता, 2076)। इलाक़े के नागरिक विज्ञान समूहों ने अधिक प्रभावी पुनर्जनन प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए सीआरज़ेड सीडर्स और स्वचालित प्रक्रियाओं की अवधारणा को अपनाया। विडंबना है कि उन्हें उस समय 'फायरफ्लाइज़ 'के रूप में संदर्भित किया गया था, जिस समय छठे सामूहिक विनाश में कीटों की संख्या में गिरावट चिंता का एक गंभीर कारण बनी हुई थी। आज, मूल वन सीडर समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं, और, लगभग एक सदी बाद भी कार्यरत

चित्र 7 खाद्य और जैव विविधता बहाली के लिए सीआरज़ेड को दूर-दूर तक लगाने के बारे में गुप्त 'वालेज़ी वा म्मसटू' के स्वयंसेवकों की वन बीजारोपण प्रथाओं की दुर्लभ प्रलेखित छवियों में से एक। चित्र: ओपन अभिलेखागार, मोम्बासा (2064)

चित्र 8 कैलिफोर्निया में नियमित पुराने विकास पुनर्जनन उत्सवों में से एक में स्वायत्त "जुगनू" बीजक, छवि: ओपन आर्काइव्स (2108)

हैं। ग्रीनहाउस स्थितियों और अप्रत्याशित जलवायु चक्रों के तहत्, इन सीडर्स ने सभ्य संस्कृतियों की मदद से कमजोर वन पारिस्थितिकीय तंत्रों को उपयुक्त जलवायु क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की संभावनाएं पेश की हैं। हालाँकि, जिन्हें केवल जैव विविधता को संरक्षित रखने और जलवायु तनाव के इन पारिस्थितिकीय तंत्रों को राहत देने के हताश प्रयासों के रूप में किया जाता है। यही वज़ह है कि विघटनकारी जलवायु पैटर्न, आज भी दुनिया भर में पारिस्थितिकीय तंत्रों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आज भी, इन 'जुगनूओं' को उन क्षेत्रों में नए पारिस्थितिकीय तंत्र लगाने में व्यस्त देखा जा सकता है, जहाँ वन पारिस्थितिकीय तंत्रों पूरी तरह तबाह हो चुका है (चेक और तारकोवस्की, 2108)।

2.5 परिवर्तनकारी लचीलापन: अखिल-देशज स्वायत्त क्षेत्र (2054 के बाद)

भूमि वापसी आंदोलनों और सीआरज़ेड के बीच संबंध, अनेकों तरीकों से आकार ले रहे थे। जलवायु मरम्मत कार्यक्रम के तहत् सीआरज़ेड के लिए 'व्यक्तित्व' का कानूनी अधिकार पहले से प्रभाव में था (यूएनसीएसी, 2056)। यह प्रथा ओपन नॉलेज ढाँचे के ज़रिए दूर-दूर के इलाक़ों तक फैल गई। इसने समुदायों को इसके नए संस्करण बनाने में मदद की। दूसरी तरफ़ समृद्ध वन पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करने का कार्य चल रहा था, जिसके साथ भौतिक संस्कृतियां भी विकसित हो रही थीं, जो पुनर्योजी अभ्यास की ओर इन बदलावों का जवाब दे रही थीं। ये प्रवृत्तियाँ जलवायु लचीलेपन के बीमे के रूप में सीआरज़ेडों को बनाए रखने और पुनर्जीवित करने की आवश्यकता के बारे में लिए गए व्यावहारिक निर्णयों से उत्पन्न हुई हैं (गोल्डमैन, 2028, 2064)। पुराने निष्कर्षण औद्योगीकरण प्रतिमानों की बजाय, उत्पादन और खपत को स्थानीयकृत किया जाने लगा था। उत्पादन फोकस तेजी से मास प्रोडक्शन के लिए बड़े पैमाने पर निर्मित, सस्ते उत्पादों और उपभोक्ता बाजारों की बजाय — उच्च गुणवत्ता वाले, स्थानीय रूप से उत्पादित, और सामुदायिक उपभोग के लिए दीर्घकालिक उत्पादन में तब्दील हो गया था (एल चेन , 2031; न्गाटा, 2076)।

जबकि बाजार-आधारित उत्पादन व्यवस्था काफी हद तक सिकुड़ गई थी। एकजुटता और पारस्परिक रूप से सहायक अर्थव्यवस्थाओं ने, सामुदायिक स्तर पर सार्वभौमिक, आवश्यक जरूरतों के सामाजिक आवंटन के लिए वैकल्पिक मॉडल तैयार किए, जिसे सामग्री और तकनीकी संसाधनों को ओपन नॉलेज ढाँचे और सिंडिकेटेड फैब्रिकेशन सुविधाओं द्वारा पूरा किया जाना था (एलेक्स और मेहरावी, 2080)। इसने एक औद्योगिक अतीत के प्रणालीगत अवशेषों को 'शॉर्ट सर्किट' किया और बाहरी पारिस्थितिकी और सामाजिकता को संबोधित किया। ये ऐतिहासिक रूप से प्रदूषणकारी सामूहिक निर्माण प्रणाली के साथ असंगत थे, जिसने बाजार के विकास के बाद नियोजित अप्रचलन पैदा किया और 'कैप्टिव' बौद्धिक पेटेंट का आयोजन किया। इसके साथ, इसने अधिक स्केल-आउट, वितरित, समुदाय-संचालित फैब्रिकेशन फ्रेमवर्क का मार्ग भी प्रशस्त किया। ये तुलनात्मक रूप से धीमी उत्पादन प्रक्रियाएं, उच्च-गुणवत्ता, पुन:

प्रयोज्य और मरम्मत-योग्य उत्पादन विधियों को डिजाइन करके ऊर्जा और पारिस्थितिकी पदचिह्न को कम करने पर केंद्रित हैं। नई सामाजिक रूप से मूल्यवान निर्माण प्रणालियों के प्रति पुरानी औद्योगिक प्रथाओं को 'अपदस्थ करना' भी इसका एक मक़सद है (क्रेट्स, 2048; न्गाटा, 2076)। फिर भी, ये आकस्मिक प्रथाएँ, सीआरज़ेडों पर निर्भर समाजों को भौतिक प्रचुरता प्रदान करने में सक्षम और सुसज्जित साबित हुईं (गोल्डमैन, 2064)।.

2.5.1 सहजीवी पारस्परिकता का उद्भव: एक आत्म-जागरूक अभ्यास

पूरे जोरों पर चल रहे पुनर्जनन के प्रयासों के साथ, विगत के शहरीकृत परिदृश्यों को स्थलीय क्षेत्रों के साथ संप्रभु स्वदेशी बेल्टों से जोड़ना काफी सफल साबित हुआ। स्थलीय और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र के चौरस्ता पर बुनियादी ढाँचे को संरक्षित करने के लिए, मैंग्रोव और कोरल समुद्री दीवारों के साथ भूमि पर बढ़ते समुद्रों के अतिक्रमण को कुछ मामलों में भली-भाँति प्रबंधित किया जा रहा था। सहकारी स्वयंसेवी नेटवर्क ने, क्षेत्र में प्राचीन वनों के विस्तार में अप्रत्याशित सफलता हासिल करने और इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व संसाधन बहुतायत में निर्मित कर, सीआरज़ेड के महत्वपूर्ण बहाली कार्यों को संयोजित करने का काम किया। हालाँकि, बहुतायत का यह मार्ग घर्षण से अछूता नहीं था। हांगकांग सीआरज़ेड को, आम लोगों पर विशेष एकाधिकार अधिकार हासिल करने वाले आबादी के कुछ तबक़ों का सामना करना पड़ा। शायद, पौराणिक अतीत की तड़प और आदिम पूँजी संचय के कुछ रूपों के लिए यह एक प्रतिगमन थी। एक ऐसी प्रवृत्ति, जो अपेक्षाकृत कहीं ज़्यादा अदम्य थी। इसका तथाकथित औचित्य था: समुदाय की भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करना। उस समय की प्रचलित बहसों में, ये रुख अभी तक संकट की दिशा में एक और चूहादौड़ का संकेत दे रहे थे। दुर्भाग्य से, क्षेत्रों में कई पारंपरिक निर्माण सिंडिकेट भी सीआरज़ेड पारिस्थितिकीय तंत्रों को एक संसाधन बैंक के रूप में देखने लगे थे। उनका तर्क था कि जल्द बहाली के लिए इसे दोहन हेतु खुला होना चाहिए (गोल्डमैन, 2064)।

चित्र 9 ए) सिम-फैब इकाई का वन लोगों द्वारा संरक्षित किया जा रहा है। बी) फैब्रिकेशन पॉड्स को एक पुराने विकास पारिस्थितिकीय तंत्र पर ग्राफ्ट किया गया है जो सहजीवी परस्परवाद का प्रतीक है। छवियां: (क्रियाओ और सखारोव, 2093)

नतीजतन, हांगकांग सीआरज़ेड के भविष्य के लिए संघर्ष ने एक जिज्ञासु मोड़ ले लिया। हाल ही में छोड़े हुए पैटर्न पर लौटने के इन शुरुआती संकेतों से निराश होकर, कृषि वानिकी सहकारी समितियों के इंद्रधनुषी गठबंधनों ने संसाधन शिकारियों से बचाने की ख़ातिर इन नाजुक पारिस्थितिकीय तंत्रों पर कब्जा करना शुरू कर दिया। इन व्यावसायिक स्थलों में, सिंडिकेटेड फैब्रिकेशन वर्कशॉप के विकल्प बनाने का प्रयास करते हुए प्रभावशाली प्रगति देखी जा सकती है। नागरिक विज्ञान और ओपन नॉलेज समुदायों द्वारा समर्थित इन पहलों ने वैकल्पिक सिंडिकेटेड फैब्रिकेशन विधियों की जांच की। इसका उद्देश्य इन नए-पुराने विकास पारिस्थितिकीय तंत्रों से परे, केवल मानव ज़रूरतों पर आधारित संसाधनों को पुन: उत्पन्न करना था।

इन समूहों ने सहजीवी निर्माण के सिद्धांतों को समेकित करके इन तनावों को दूर करने के लिए 'सिमफ़ैब' इकाइयों (चित्र 9) को विकसित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका वे वर्षों से सीआरज़ेड क्षेत्र में सिंडिकेटेड निर्माण प्रक्रियाओं के साथ अभ्यास कर रहे थे (वोंग, 2081)। जिन सहजीवी निर्माण प्रक्रियाओं में वे उलझे थे, वे अभी भी सहजीवी परस्परवाद के सिद्धांतों पर आधारित थीं, लेकिन साथ ही अति-स्थानीय निर्माण और आवश्यक सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीआरज़ेड के साथ मौलिक रूप से पुनर्कल्पित और समेकित थीं। इस प्रक्रिया में नाजुक सीआरज़ेड पारिस्थितिकीय तंत्र को नुकसान पहुंचाए बिना, इलाक़े में आवश्यक सामग्री संसाधनों को निर्मित करने के तरीके के बारे में चर्चा के रूप में सिमफ़ैब "सहजीवी निर्माण इकाइयाँ" प्रयोग में आईं। इस प्रकार, सीआरज़ेड की संसाधन क्षमताओं की सीमाओं ने इनके भीतर उपलब्ध प्राकृतिक रेशों और पेड़ रेज़िन के भौतिक विज्ञान के विकास और पारिस्थितिकी प्रबंधन की खोज में नए शोध का नेतृत्व किया। इन वर्षों में, इन फाइबर और प्लांट रेज़िन कंपोजिट्स के लिए कई विधियों का विकास किया गया, जिससे बायोपॉलिमर बैटरी, सेमीकंडक्टर्स और रेज़िन-आधारित सुपरकैपेसिटर और समग्र निर्माण तकनीकों में सफलता मिली। सिमफ़ैब मानव समाज और सीआरज़ेड पारिस्थितिकीय तंत्र के बीच पारस्परिक उत्थान के लिए पुरानी वृद्धि के बीच मध्यवर्ती साइटों के रूप में कार्य करता है। इंटरफेसिंग ने तकनीकी-भौतिक संस्कृति को 'विकसित' करके निर्माण की जरूरतों को समन्वित किया, ताकि सामाजिक और पारिस्थितिकी संयोजनों के लिए पारस्परिक रूप से संपन्नता सुनिश्चित की जा सके।

मानव एवं गैर-मानव संयोजन में उलझे हुए जीव या पारिस्थितिकीय तंत्र के पारस्परिक उत्थान और उत्कर्ष को, यह सहजीवी परस्परवाद संदर्भित करता है। यह जीव की स्वायत्तता को फलने-फूलने देने और पुनर्जीवित करने हेतु, पारिस्थितिकी संयोजनों में अन्य जीवों के साथ अपने उलझे हुए संबंधों को भली भाँति पहचानता है। इसके अनुसार पुनर्जनन, अन्य लोगों की सहमति और समायोजन पर निर्भर होता है। सहजीवी व्यवस्थाओं के तहत, पारिस्थितिकीय तंत्र का उद्देश्य मानव समाज की भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करना था। प्रकृति दोहन का यह काम उन्हें सचेतन होकर करना था। उन्हें सुनिश्चहित करना था कि भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति व्यापक पारिस्थितिकीय तंत्र के अनुकूल हो तथा प्रकृति के जटिल संबंधों को लेकर जागरूक हो। इस बात की पुष्टि हाल ही में हुई है कि मानव प्रभाव से फलने-फूलने की प्रक्रिया में पारिस्थितिकीय तंत्र की एजेंसी शामिल थी (वनूर, अवं अन्य, 2128)। जीवित "सिम्बिट्रोनिक संगणना" सिस्टम के लिए अग्रणी अंतरालीय माइकोरिज़ल इंटरफ़ेस नेटवर्क की निगरानी द्वारा सहजीवी पारस्परिकता देखी गई है (वनूर एवं अन्य, 2128)।

इस बात को ज़हन में रखना सार्थक हो सकता है कि इसका उद्देश्य आपसी संपन्नता और सम्मान के लिए जिम्मेदारी पर स्थापित पारस्परिक सहजीवन का निर्माण करना था। गैर-मानव जीव को केवल मानव लाभ के लिए विलुप्ति के कगार पर नहीं लाया जा सकता। यह व्यवस्था सहजीवी परस्परवाद पर आधारित थी क्योंकि केयरटेकर द्वारा कार्बन-रेज़िन मिश्रित उत्पादों के आगे की प्रोसेसिंग के लिए अतिरिक्त कार्बनिक कार्बोनाइज्ड सामग्री को फ़ीड सामग्री में संसाधित किया जाना था। केयरटेकर द्वारा कुछ पाइरोलाइज्ड पदार्थ को पीसकर रोगाणुओं के साथ वैक्सीनेट किया जाना था। इसका उपयोग जंगल के पारिस्थितिकीय तंत्र का विस्तार करने और स्वायत्त 'जुगनू' सीडर्स की मदद से पारिस्थितिकीय तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए किया जाना था। इस प्रकार, स्थानीय उत्पादन और खपत का प्रत्येक कार्य पूर्वरूप से एक पारस्परिक रूप से पुनर्जीवित पारिस्थितिकीय तंत्र बनाना था। ये इकाइयाँ केवल छोटे स्तर के हाई-टेक फैब्रिकेशन के लिए फायदेमंद होने तक ही सीमित थीं। नियोजित प्रक्रियाओं का तालमेल, जीव विशेष के स्वास्थ्य के अनुसार था। यह सुनिश्चित किया गया कि यह संबंध पारस्परिक रूप से सहजीवी हो ना कि परजीवी (क्रियाओ और सखारोव, 2093)।

2.5.2 सीआरज़ेड के भीतर सहजीवी निर्माण

सहजीवी निर्माण प्रक्रियाओं का एक अलग सेट है, जो निर्माण विधियों का वर्णन करता है। यह उत्पन्न और सहजीवी परस्परवाद की घटना की बेहतर समझ पैदा करता है। जानबूझकर मानव मध्यस्थता से पुराने-विकास

वाले पारिस्थितिकीय तंत्रों के पुनरुत्थान ने, सीआरज़ेड से होने वाले फ़ायदों की अलग-अलग संभावनाएं खोलीं (क्रियाओ और सखारोव, 2093)। इन भौतिक संस्कृतियों को संभव बनाने वाली कुछ विधियाँ, पहले से ही 21स्वीं सदी की शुरुआत में मौजूद थीं (हनीफ एवं अन्य, 2017)। बाद के वर्षों में वे अधिक खुले तकनीकी ढाँचे के तहत् पर्याप्त परिपक्वता तक पहुंचने लगीं (इयोनस, 2045)। सहजीवी निर्माण प्रक्रियाओं को एक एनाक्रोनिस्टिक (कालानुक्रमिक) प्रेक्टिस के रुप में विकसित किया गया था। इसे अत्याधुनिक विज्ञानों और पारम्परिक अवधारणाओं से लिया गया था। ये प्रेक्टिसिस जैविक फीडस्टॉक्स (लैम, एवं अन्य, 2019; वोल्ड, 2015; वांग एवं अन्य, 2013) के पायरोलाइटिक अपघटन के आधार पर, जैव-कंपोजिट और ऊर्जा भंडारण अनुप्रयोगों से लेकर माइसेलियम-आधारित निर्माण प्रौद्योगिकियों (आनंदवेलु एवं अन्य 2017; अटियास एवं अन्य, 2017; सुब्बन एवं अन्य, 1996) एवं मिट्टी-आधारित सिरेमिक इलेक्ट्रोड तक हो सकते थे (घिडियू एवं अन्य, 2014)। इन प्रक्रियाओं ने सीआरज़ेड में स्थित अभ्यास के रुप में खोजे और खुले तौर पर महसूस किए गए कई भौतिक और विद्युत रासायनिक गुणों से छेड़छाड़ करने की अनुमति दी।

संक्षेप में, 21स्वीं सदी की शुरुआती 3डी प्रिंटिंग तकनीकों से सिम्फैब्स विकसित उपकरण, जिन्हें नागरिक विज्ञान आंदोलनों ने बायोप्रिंटिंग, सेमीकंडक्टिंग और फैब्रिकेशन प्रक्रियाओं की एक श्रृंखला को शामिल करने के लिए फिर से तैयार किया था। सिम्फैब पॉड्स को उनके अनूठे टेरपीन सैप और रेज़िन के लिए चुने गए पेड़ों की विशिष्ट प्रजातियों से जोड़ा गया। जीवों पर की जाने वाली प्रक्रियाएं , परस्पर लाभकारी आधार पर टिकी थीं। वे एक तरह से पारिस्थितिकीय तंत्र की भलाई को प्राथमिकता देती थीं। इस प्रकार, केवल जंगल के एक निश्चित परिपक्वता तक पहुँचने पर ही पॉड्स को जोड़ा जा सकता था। उनकी फिटिंग पेड़ों के तनों पर ग्राफ्ट की जाती थी, ताकि सिस्टम को राल की एक स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। पॉड्स को सीधे "जंगल के लोगों" द्वारा विकसित सटीक तरीकों और उपकरणों के साथ पेड़ के तने की कैपिलरी में सुरक्षित रुप से ग्राफ्ट किया गया था। जीवों के सेल्यूलोज फाइबर उनके चारों ओर कठोर हो गए थे। ये पॉड्स फ़िक्सचर विशिष्ट पेड़ों पर तब तक लगाए गए, जब तक कि वे आवश्यक राल की मामूली मात्रा का उत्पादन और संसाधित करके उनके वांछनीय गुणों को ट्यून कर सकते थे। योज्य विनिर्माण कार्यों को छोटी बहुक्रियाशील इकाइयों में रखा गया, जिन्हें जैविक रुप से विशेष प्रजातियों के लिए सिंक्रनाइज़ कर सूक्ष्मता से तैयार 'आर्टीफ़ेक्ट' बनाया गया था। एकीकृत पायरोलिसिस कक्ष ने बायोकार्बन एवं अवशिष्ट ऊर्जा और कार्बनिक पदार्थ से वन तल में स्थानीय रुप से उपलब्ध गर्मी का उत्पादन किया। इन इकाइयों को चलाने और इनकी देखभाल, विशेषज्ञों द्वारा की गई थी। पायरोलिसिस प्रक्रिया ने, 3डी प्रिंटिंग सिस्टम को ऊर्जा प्रदान करने वाली गर्मी प्रदान की, जो आवश्यक वस्तुओं के निर्माण और क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत के लिए आवश्यक थी।

सेल्युलोज फाइबर (चित्र 10 ए से एफ) और टेरपीन रेजिन के पाइरोलाइटिक कार्बोनाइजेशन और ग्राफिटाइजेशन बायप्रोडक्ट्स को सीधे निर्दिष्ट पौधों की प्रजातियों से संसाधित किया गया था। वे बायो-कम्पोजिट और बायो-इलेक्ट्रॉनिक्स एप्लिकेशन (चित्रा 10जी) की खोज करने और उनके अलग-अलग गुणों को सुनिश्चित करने वाले, अजीबोगरीब फिजियो-केमिकल और ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक गुणों के लिए 'फाइन-ट्यून्ड' थे।। कुछ मामलों में,



चित्र 10 ए, बी, सी, डी, ई, एफ) माइक्रोवेव पाइरोलिसिस इमेज (वालेस, अफ़ज़ल और साहा, 2019) का उपयोग करके कार्बनिक स्रोतों से कार्बन नैनो-फाइबर के उत्पादन की स्थापित विधियाँ। जी) पेड़ की नसों में पाए जाने वाले प्राकृतिक टेरपीन रेजिन को हरित रसायन और वायुमंडलीय ग्राफीन के साथ साइट पर उन्नत कंपोजिट तकनीकों का उत्पादन किया गया है, जो पवित्र वन के साथ काम करते हैं। छवि: इवान रेडिक

पर्माकल्चर प्रतिष्ठानों से भांग और बांस जैसे जैविक फाइबर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोगों में उच्च गुणवत्ता वाले कार्बन फाइबर फीडस्टॉक्स के निर्माण के लिए अग्रदूत बन गए। दिलचस्प बात यह है कि ये प्रक्रियाएं कभी अप्रचलित जीवाश्म ईंधन-व्युत्पन्न बहुलक उद्योगों की 'क्लोज़्ड' बौद्धिक संपदा थीं। इन प्रौद्योगिकियों और भौतिक प्रक्रियाओं के प्रसार से इन सीआरज़ेड पारिस्थितिकीय तंत्रों में यथावत संस्करण के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्राप्त हुई, जो अब 'कॉमन्स' के लिए खुली छोड़ दी गई है। भले ही ऐतिहासिक रिकॉर्ड अधूरे हैं। लेकिन हालिया अध्ययन अनुसार इसे अक्सर "सहजीवी निर्माण" प्रौद्योगिकियों के रूप में संदर्भित और मिलाने का प्रयास किया गया है। हालाँकि, इस घटना को कई अलग-अलग क्षेत्रीय नाम दिए गए हैं (खान और शाह, 2127)।

दशकों बाद भी, "जंगल के लोग" कहे जाने वाले लोग इन जगहों पर कब्जा बनाए और पुराने विकास को जारी रखे हुए हैं। पारस्परिक पुनर्जनन के प्रति उनका समर्पण अन्य सीआरज़ेडों तक विस्तारित हो गया है। इसने एक पुनर्कल्पित सामाजिक जांच की दिशा में भारी बदलाव किया और ओपन नॉलेज संरचनाओं के उद्देश्य को पुनर्परिभाषित किया। इसने वृहत्तर समाज के लिए, वैज्ञानिक और तकनीकी खोज के रास्ते खोले। इन इलाक़ों में, स्थानीय ज्ञान के लिए यह असामान्य नहीं है कि वस्तुओं को 'दुरुस्त' करने वाले सहजीवी परस्परवाद को एक जीवित जंगल के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए। 'एपिसटेमिक' बारीकियों से परे, इसने सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में महत्वपूर्ण लहरें पैदा की। स्थानीय आबादी आज अपने क्षतिग्रस्त आर्टीफ़ैक्ट्स या उपकरणों को बहाल करने वाले इन सिमफ़ैबों को 'मंदिरों' के रूप में संदर्भित करती है। बेशक, इन नई भौतिक संस्कृतियों को पुनर्जीवित करने और बनाए रखने के नए सरल तरीकों की खोज सामूहिक रचनात्मकता के लिए है।

3. चर्चा

विनाशकारी जैव विविधता रिपोर्ट जारी हुए एक सदी से अधिक समय बीत चुका है। इसमें रिपोर्ट में पुष्टि की गई थी कि पृथ्वी छठे सामूहिक विनाश के दौर में प्रवेश कर रही थी (डायज एवं अन्य, 2019)। 'हॉट हाउस अर्थ' में हम ख़तरनाक पारिस्थितिकीय तंत्र में लड़खड़ाते हुए आगे बढ़ते हैं। हालाँकि, वातावरण में कार्बन डायआक्साईड सांद्रता की स्थिति कुछ हद तक बेहतर हुई है लेकिन अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। सन् 2020 के दशक की शुरुआत में, कार्बन डायआक्साईड सांद्रता 420 पीपीएम तक पहुंच गई थी, जो मानव सभ्यता को बरक़रार रखने वाली सुरक्षित संचालन सीमा से बाहर थी। सन् 2100 तक, इसके 500 पीपीएम को पार करने की भविष्यवाणी की गई थी। सोचा नहीं गया था कि इस आँकड़े को 2063 की गर्मियों में ही छू लिया जाएगा, ठीक उस समय जब सीआरज़ेड परियोजनाएं गति पकड़ रही थीं। सीआरज़ेड पर अत्यधिक फोकस आलोचना का शिकार बनीं; यह कहते हुए कि अकेले मिट्टी का कार्बन, वातावरण में जीवाश्म कार्बन की भरपाई नहीं कर सकता (कैरिंगटन, 2021)। नवीनतम मापों के अनुसार, आज शायद इन एकीकृत सांस्कृतिक पारिस्थितिकीय तंत्र परिवर्तनों के कारण ही कार्बन डायआक्साईड स्तर 350-360 पीपीएम तक नीचे गिर पाया है (चित्र 11)। हालाँकि, यह एक अनसुलझा सवाल बना हुआ है कि क्या मानव सभ्यता ख़ुद को एक लंबे समय के लिए बचाने वाले क़दम उठा पाएगी?

हालाँकि, अच्छा रहेगा कि हम इन 'रिकवरी' की कहानियों को स्वीकार कर लें। आज, इन संरक्षित जैव विविधता क्षेत्रों में आवासों के पुनर्निर्माण के साथ, पैन-देशज संरक्षण क्षेत्र, आज दुनिया भर में अब तक का सबसे बड़ा स्थलीय पारिस्थितिकी गलियारा बन चुका है, जो सीआरज़ेड आवासों को आपस में जोड़ता है और जो निरंतर विस्तारित हो रहा है। सीमित भू-स्थानिक सर्वेक्षणों की कमी को देखते हुए, इन क्षेत्रों के पैमाने का अंदाज़ा लागना मुमकिन नहीं है (बालान एवं अन्य, 2126)। शायद, यह समय ही बता पाएगा कि स्थलीय जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाएं स्वयं को पूर्णत: रिकवर कर पाएँगी या नहीं। पिछली सदी के दौरान, कई कमजोर प्रजातियों और पारिस्थितिकीय तंत्रों ने इन सीआरज़ेडों में अस्थायी शरण पाई है। हालाँकि, पारिस्थितिक उत्थान के ये फलते-फूलते स्थल, आज मानव आवास क्षेत्रों से अलहदा नहीं हैं। इनमें से कई नए-पुराने विकास स्थल, कई संस्कृतियों में पवित्र माने जाते हैं और उन्हें व्यक्तित्व का अधिकार प्राप्त है। मूल लोगों और स्थानीय समुदायों के बीच पीढ़ियों से चली आ रही साझेदारी ने, समुदायों को जमीन से जोड़े रखा। छठे सामूहिक विनाश के दौरान, क्षतिग्रस्त पारिस्थितिकीय तंत्रों को पुनर्जीवित करने की सार्थकता का प्रयास, या कि बायोस्फीयर पुनर्जनन का यह कार्य आज भी जारी है या नहीं, इस बात की पुष्टि का अध्ययन किया जाना चाहिए।

दुनिया के अन्य हिस्सों में वर्षा के पैटर्न में महत्वपूर्ण वर्षा बदलाव प्रेरित करने वाले घने पुराने जंगलों के पुनरुद्धार और पुनर्निर्माण ने भूगर्भी शक्ति का निर्माण किया। इसे कभी बेहद मामूली (पोपकिन, 2018) और कम करके आँका गया था। हालाँकि, इसकी पुष्टि आज किए जा रहे अवलोकन करते हैं (गार्सिया एवं अन्य, 2016; कूपरमैन एवं अन्य, 2018)।



चित्र 11 दो शताब्दियों में वायुमंडलीय कार्बन डायआक्साइड का उदय, ऑफसेटिंग और क्लैम्पिंग डाउन। छवि: (रिचर्डसन एट अल।, 2129)

ये नए भूवैज्ञानिक इशारे, पारिस्थितिकीय तंत्र के और भी अधिक पुनरुद्धार करने वाले रास्ते खोलते हैं। यह कहना जल्दबाजी होगी कि आवास के नुकसान के कारण विलुप्त प्रजातियाँ कभी वापस आ पाएंगी या नहीं। परंतु यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि वन पारिस्थितिकीय तंत्र ने सभ्यतागत परिवर्तनों का जवाब दिया है। जिसके फलस्वरूप जैव विविधता कई स्थानों पर लौट रही है। पुराने फ़ैक्टरी बूचड़खानों से मुक्त होने के बाद ये जलवायु-लचीली पट्टियाँ, पशुधन के लिए खुले चारागाह में तब्दील हो गई हैं। इनमें से कई क्षेत्रों ने अपनी स्थानीय भौतिक संस्कृतियों को विकसित किया है, जहाँ विभिन्न सीआरज़ेड निकाय अपने तरीकों और प्रौद्योगिकियों को विकसित करना जारी रखे हुए हैं। साथ ही, उनकी देखरेख के अंतर्गत जंगल भी फल-फूल रहा है।

हालाँकि, शायद हमें लगता है कि युगचेतना में इस महत्वपूर्ण बदलाव का जश्न मनाया जाना चाहिए। यह एहसास कि मानव सभ्यता की सामाजिक और पारिस्थितिकी भलाई का सीधे-सीधे पारिस्थितिकी बहुतायत से संबंध है; और, इस बहुतायत को दोबारा मुमकिन बनाने का श्रेय सीआरज़ेड को दिया जाना चाहिए। सीआरज़ेड ने दिखाया कि एक उच्च तकनीकी संस्कृति में भी, विश्वदृष्टि के स्वदेशीकरण एवं जानकारी के अन्य रुपों के माध्यम से इसे प्राप्त किया जा सकता है (लकोटा, 2125)। ज्ञान-निर्माण के इस गुपचुप स्वदेशीकरण और पुनर्जनन प्रयासों के सामाजिक अधिनियमन ने क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्यों में गहरी पैठ बना ली है। ओपन नॉलेज के ढाँचों ने स्वयं ही समुदायों की, सामग्री और सत्तामूलक वास्तविकताओं के इस परिवर्तन को और तेज़ किया है। समाज सचेत रुप से संघों और सभ्यतागत व्यवस्थाओं को फिर से डिजाइन कर रहा था (गोल्डमैन, 2064)। इसमें आश्चर्य नहीं कि ये स्थल 'सहजीवी निर्माण' प्रक्रियाओं के उद्भव के लिए माक़ूल जमीन बन गए (2093)।

दशकों तक नए वन पारिस्थितिकीय तंत्रों की सफल बहाली के बाद, आज हम जानते हैं कि क्यों वे जलवायु परिवर्तन और गर्मी से होने वाली मौतों के प्रति अधिक लचीले साबित हुए और कैसे वे प्राचीन दुनिया के पुराने-विकास वाले पारिस्थितिकीय तंत्रों के समान विशेषताओं को साझा करते हैं (कीज़ और ताकोंवस्की, 2108)। इस अवधि में खोजी गई कई वैज्ञानिक और तकनीकी सफलताओं का विकास इन चैनलों के माध्यम से काफी हद तक संभव हो पाया, जो आगे चलकर देखरेख के संस्थान बन गए (लकोटा, 2125)। ये परिवर्तन मुख्य रुप से देखरेख करने वाले उन वर्गों की भूमिका के कारण संभव हुए, जो ऐतिहासिक रुप से अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के हाशिए पर थे। आज वे इसमें बराबरी के भागीदार हैं (गोल्डमैन, 2064; मिर्जा, 2067)। आज सीआरज़ेड की विरासत को इन संदर्भों से अलग नहीं किया जा सकता, जिसे पहले कभी नहीं देखे गए सहजीवी पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक उत्थान के लिए न्यूक्लिएशन साइटों के रुप में बेहतर समझा जा सकता है।

इसलिए, हॉटहाउस अर्थ के बावजूद, मानव सभ्यता ने ग्रामीण पारिस्थितिकी को फिर से जीवंत कर दिया है। इसने अंततः तनावग्रस्त शहरी पारिस्थितिकीय तंत्र के दबाव को कम किया। नवीनतम अवलोकन इस बात की पुष्टि करते हैं कि ये पारिस्थितिकीय तंत्र-आधारित संस्कृतियाँ, मानव सामाजिक संतुष्टि के लिए आवश्यक भौतिक आधार को पूरा और स्वतंत्र लोगों के अवकाश और अन्य रचनात्मक प्रयासों के जीवन को आगे बढ़ाती हैं (देवासी और कोल, 2130)। शायद इसे इस अध्याय में पुनर्निमित परिवर्तनों के संदर्भ में समझने की जरूरत है। जटिल ऐतिहासिक तनावों के बीच, एक बेहतर रहने योग्य दुनिया को बनाने का एहसास हुआ — एक ऐसी दुनिया जिसे मनुष्य ने मुमकिन बनाया और आज तक बनाना जारी रखे हुए है। सामाजिक प्रगति के उपायों की तुलना में भौतिक और सामाजिक कल्याण संकेतकों में वास्तविक रूप से सुधार आया है। यह तब है जब जैविक विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाएं लगातार ठीक हो रही हैं, और, साथ-साथ मानव समाज के सभ्यतागत पदचिह्न भी तेजी से सिकुड़ रहे हैं। हमारे पूर्वजों की भाँति, यह मानने का कोई कारण नहीं है कि यह हमारी भागीदारी का अंत है।

बाइसवीं सदी में समाजों ने औसतन प्रमुख सामाजिक संकेतकों पर काफी हद तक बदलाव किया है। यह इसने तकनीकी रूप से मुक्त संस्कृति के भीतर रहकर किया है। इन बदलावों का मतलब एक बंद-लूप औद्योगिक निर्माण और ज्ञान-निर्माण के 'स्थलीय' रूपों और बनाने के सहजीवी रूप से पारस्परिक रूपों के साथ एक प्रबंधकीय मॉडल के तहत् उच्च गुणवत्ता वाले भौतिक सामानों की खपत है। हालाँकि, लोगों को चेताया जाना चाहिए कि सकारात्मक विकासों के बावजूद, सावधानी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इन रणनीतियों द्वारा संभव किए गए लाभ, केवल पारिस्थितिक और सामाजिक न्याय की पुनर्कल्पना से ही संभव थे। हम एक ऐसी स्थिति में हैं कि यदि कभी मानव सामाजिक प्रणालियाँ प्रभुत्व और शोषण के अमानवीय तर्क की ओर लौटती हैं, तो यह प्रगति जो आज हम देख रहे हैं, नष्ट भी हो सकती है, और सब कुछ फिर पहले जैसी स्थिति में लौट सकता है। इस प्रकार, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता का आह्वान करते हैं कि आज हम जिस कठिन संघर्ष वाली सामाजिक स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वह हॉटहाउस अर्थ से आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बनी रहे।

ग्रंथ सूची (अध्याय 2)

अचबि, वी. *(2029, 12 जनवरी)*. इज़ द ट्रीटी ऑन यूनविर्सल कलाईमेट जस्टसि टू लटिलि टू लेट*?* द न्यूयॉर्क टाइम्ज़. *https://www. nytimes. com/2029/01/12/magazine/universal-climate-justice.html*

एलेक्स, पी., एंड मेहरावी, सी. *(2080)*. बयिॉन्ड मार्केट इकोनॉमक्सि*:* ह्यूमन वेलफेयर थ्रू म्यूच्यूअल एड एंड गफ्टिंग इकोनॉमीज़ इन क्लाइमेट रेजलिएंस ज़ोन्स। ओपन जर्नल ऑफ़ ह्यूमन जयिोग्राफ़ी, *78(3), 34-89*।

आनंदवेलु, एस., धनसेकरन, वी., सेथुरमन, वी., और पार्क, एच.जे. *(2017)*. चटिनि एंड चटिोसन बेस्ड हाइब्रडि नैनोकंपोसटि्स फ़ॉर सुपर कैपेसटिर एप्लीकेशन्स. जर्नल ऑफ नैनोसाइंस एंड नैनोटेक्नोलॉजी, *17(2), 1321-1328*। *https://doi.org/10.1166/ jnn.2017.12721*

अन्ह, डी. *(2028)*. द पैराडोक्स ऑफ़ अंडरडेवलपगि नेशंस*:* अंडरसटेंडगि कोलेपसगि सोशल इंडीकेटर्स इन ग्लोबल नॉर्थ वदि इंकरीज़गि इकोनोमकि ग्रोथ. इकोलॉजी एंड सोसाइटी, *33(4)*.

अत्तयिास, एन., दानाई, ओ., एजोव, एन., ताराज़ी, ई., एंड ग्रोबमैन, जे. *(2017, 6* सतिंबर*)*. डविलपगि नोवेल एपलकिेशन्स ऑफ़ माइसेलयिम बेस्ड बायो कंपोसटि मटेरयिल्स फ़ॉर डज़िाइन एंड आर्कटिेक्चर.

बालन, वी., मैथ्यू, टी., और फर्नांडीस, डी. *(2126)*. ट्रैजेक्टोरीज़ ऑफ़ स्पेस एक्सपलोरेशन इन अ पोस्ट केस्लर वर्ल्ड. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ ऑरबटिल मैकेनक्सि, *97(12)*। *https://doi.org/10.9780/8713253.2126.82 68432*

बेट्स, ए., एंड ड्रेपर, के. *(2019)*। बर्न*:* यूज़गि फ़ायर टू कूल द अर्थ. चेल्सी ग्रीन पब्लशिगि.

ब्रेगमैन, आर. *(2017, 2* मार्च*)*. वांट यूटोपयिा*?* स्टार्ट वदि यूनवर्सिल बेसकि इनकम एंड अ *15* आवर वर्क वीक. वायर्ड यूके. *https://www.wired. co.uk/ article/universal-basic-income-utopia*

बुरुकमैन, वी., एंड क्लगिलमुलर, एम. *(2014)*। पोटेंशयिल्स टू मटिगिट कलाईमेट चेंज यूज़गि बायोचर - द ऑस्ट्रयिन पर्सपेक्टवि. *IUFRO Occasional Papers, 27, 1–23*.

कार्लटन, टीए *(2017)*. क्रोप-डेमेजगि टेम्परेचर्स इंकरीज़ सूसाइड रेट्स इन इंडयिा. प्रोसीडगि्स ऑफ़ द नेशनल अकेडमी ऑफ़ साइंसेज़, *114(33), 8746-8751*। *https://doi.org/10.1073/pnas.1701354114*

कैरगिटन, डी. *(2021, 24* मार्च*)*. वन ऑफ़ अर्थ्स जायंट कार्बन सकि्स मे हेव बीन ओवरएस्टीमेटेड — स्टडी. द गार्जयिन. *http:// www.theguardian. com/environment/2021/mar/24/soils-ability-to-absorb-carbon-emissions-may-be-overestimated-study*

सेबलोस, जी., एर्लचि, पीआर, और डर्ज़ो, आर. *(2017)*. बायोलोजकिल एनहिलिशन वयिा द ऑनगोइंग सक्सि्थ मास एक्सकि्शन सग्निल्ड बाई वर्टेब्रेट पोपुलेशन लोसेस एंड डकिलाइंस. प्रोसीडगि्स ऑफ़ द नेशनल अकेडमी ऑफ़ साइंसेज़, *114(30)*, ई6089-ई6096। *https://doi. org/10.1073/ pnas.1704949114*

चेक, ई., एंड तारकोवस्की, वाई. *(2108)*. रवाईवगि इकोसस्टिम्स आफ्टर हीट डेथ*:* स्ट्रेटेजकि लीवरेज पोईंट्स फ़ॉर रजिेनेरेशन. ओपन जर्नल ऑफ़ इकोसस्टिम रीजेनरेशन, *72(1)*. *https://doi.org/10.3523/ OJECOREGEN.2389-92.2093*

सेरानोस, पी. *(2031)*. डपिवगि*:* अ मेथोडोलोजकिल रव्यिू एंड स्ट्रेटेजीज़ फ़ॉर ओपन आर्कटिेक्चर प्रेक्टसि. इन ओपन सोर्स अर्बनज्मि म*:* डजिाइनगि क्लाइमेट रेजलिएिंट सटिीज़ *(*वॉल्यूम *3)*. ओपन आर्कटिेक्चर कलेक्टवि, वेरोना.

चांग, एच.जे. *(2012)*. *23* थगि्ज दे डोंट टेल यू अबाउट कैपटिलज़्मि. ब्लूम्सबरी प्रेस.

चेन, डी., एनजी, ईएल, एंड एडसि, आर. *(2016,* दसिंबर *4)*. नाइट्रोजन पोल्यूशान*:* द फ़ॉरगोटन एलीमेंट ऑफ़ कलाईमेट चेंज . द कनवर्सेशन. *http:// theconversation.com/nitrogen-pollution-the-forgotten-Element-of-climate-change-69348*

चेन, एल. *(2031)*. द स्लो फैब्रकिेशन मूवमेंट*:* न्यू पर्सपेक्टवि्ज़ ऑन टेक्नोलोजकिल प्रोग्रेस. द जर्नल ऑफ़ सोशली यूज़फुल प्रोडक्शन, *3(6)*। *https://doi.org/10.8423/JSUPRDN.9264-43.2031*

सयिास, पी., सबाइन, सी., बाला, जी., बोप, एल., ब्रोवकनि, वी., कैनाडेल, जे., छाबड़ा, ए., डीफ्रीज़, आर., गैलोवे, जे., हीमैन, एम., जोन्स, सी., क्वेरे, सीएल, माइनेनी, आरबी, पयिाओ, एस., एंड थॉर्नटन, पी. *(2013)*. कार्बन एंड अदर बायोजयिोकेमकिल साइकल्ज़. इन क्लाइमेट चेंज *2013 -* द फजिकिल साइंस बेससि*:* वर्कगि गुरुप *I* कंट्रीब्यूशन टू द फफि्थ असेसमेंट रपिोर्ट ऑफ द इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (पीपी. *465-570*)। कैम्ब्रजि यूनवर्सिटी प्रेस। *https://doi. org/10.1017/CBO9781107415324.015*

कॉर्डेल, डी., ड्रैंगर्ट, जे.-ओ., और व्हाइट, एस. *(2009)*. द स्टोरी ऑफ़ फास्फोरस*:* ग्लोबल फूड सेक्यूरटिी एंड फूड फ़ॉर थोट. ग्लोबल एन्वायरनमेंटल चेंज, *19(2), 292-305*। *https://doi.org/10.1016/j. gloenvcha.2008.10.009*

कोवे, के., सोपर, एफ., पंगाला, एस., बर्नार्डनिो, ए., पग्लयिारो, जेड., बासो, एल., कासोल, एच., फर्नसाइड, पी., नवरेटे, डी., नोवोआ, एस., सवाकुची, एच., लवजॉय, टी., मारेंगो, जे., पेरेज, सी.ए., बैली, जे., बर्नास्कोनी, पी., कैमार्गो, जे., फ्रीटास, सी., हॉफमैन, बी.,... एलमोर, ए *(2021)*. कार्बन एंड बयिॉन्ड*:* द बायोजयिोकेमस्ट्रिी ऑफ़ क्लाइमेट इन ए रैपडिली चेंजगि अमेज़न. फ्रंटयिर्स इन फ़ोरेस्ट्स एंड ग्लोबल चेंज, *4*. *https://doi.org/10.3389/ ffgc.2021.618401*

क्यूंटास, एल., चेन, एल., और ट्रोमेन, जी. *(2029)*. ऑल नॉलेज टू ऑल

पीपुल. द जर्नल ऑफ़ ओपन टेक्नोलॉजी, *1(4)*। *https://doi. org/10.8423/JOPNTCH.9264-49.2029*

डैम्सचेन, ईआई, ब्रुडवगि, एलए, बर्ट, एमए, फ्लेचर, आरजे, हद्दाद, एनएम, लेवे, डीजे, ऑरॉक, जेएल, रेसास्को, जे., एंड टेव्सबरी, जेजे *(2019)*. ऑनगोइंग एक्यूमुलेशन ऑफ़ प्लांट डाईवेर्सटिी थ्रू हेबटिट कनेक्टविटिी इन एन *18* इयर ओल्ड एक्सपिरमिंट. साइंस, *365(6460), 1478*. *https://doi.org/10.1126/science.aax8992*

डेवसि, डी.आर., ईपीपी, एम.डी., और रिओर्डन, एच.डी. *(2004)*. चेंजसि इन यूएसडीए फूड कंपोज़ीशन डेटा फ़ॉर *43* गार्डन क्रोप्स, *1950* टू *1999*. जर्नल ऑफ़ द अमेरकिन कॉलेज ऑफ़ न्यूट्रशिन, *23(6), 669–682*। *https://doi.org/10.1080/07315724.2004.10719409*

देवसी, जेड, और कोल, एल. *(2130)*. रीथकिगि ह्यूमन प्रोग्रेस: मैपगि सोशल इंडकिेटर ऑफ़ लबिर्टी, सोशल कोहेसन एंड ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स *2125-2130*. ओपन जर्नल ऑफ़ ह्यूमन प्रोग्रेस, *128(1), 120-147*.

डयिाज़, एस, सेटेली, जे., ब्रोंडज़ियिो, ई., एनजीओ, एचटी, ग्वेज़, एम., अगार्ड, जे., अर्नेथ, ए., बलवानरा, पी., ब्रूमन, के., वाटसन, आर., बस्ट , आई., लैरीगौडेरी, ए., लेडली, पी., पास्कुअल, यू., बैप्टस्टि, बी., डज़िबिा, एल., एरपुल, जी., फ़ज़ल, ए., फ़शिर, एम., ... वलिा, बी *(2019)*. समरी फ़ॉर पोलसिी मेकर्स ऑफ़ द ग्लोबल एसेसमेंट रपिोर्ट ऑन बायोडाईवेर्सटिी एंड इकोसस्टिम सर्वसिज़ - असंपादति अग्रमि संस्करण. *39*.

डरिकि, डी., और चेन, ए. *(2029)*. ग्लोबल कलाईमेट एसेंबलीज़: अ कोंपरेहेंसवि गाइड टू पीपुल्स गवरनेंस फ़ॉर कलाईमेट जस्टसि. यूएन कलाईमेट एक्शन कमीशन.

दून, आर. *(2035)*. कार्बन एंड इट्स मैलकंटेंट्स: रपिरेशन्स फॉर कैपटिल गेन्स फ्रॉम फॉसलि एक्स्ट्रेक्टविज़्म. रेड हाउस.

एलसि-पीटरसन, एच *(2020, 8* अगस्त*)*. इंडयिा प्लांस टू फेल एंशयिंट फ़ॉरेस्ट टू क्रएिट *40* न्यू कोलफ़ील्ड्स. द गार्ज़यिन. *http://www.theguardian.com/world/2020/aug/08/india-prime-minister-narendra-modi-plans-to-fell-ancient-forest-to-create-40-new-coal-fields*

इओनास, एन. *(2045)*. बायोमा: एन एल्गी-चटिोसन एनर्जी स्टोरेज प्रोडक्शन सोल्यूशन. डजिाइनगि ब्रेकथ्रू फॉर द पीपुल, *24*. *https://doi.org/10.1580/2207853.2045.1948465*

एफएओ एंड आईटीपीएस. *(2015)*. स्टेटस ऑफ़ द वर्ल्डस सोईल रसिोर्सस *(*एसडब्ल्यूएसआर*)* - मेन रपिोर्ट *(*पृष्ठ *650)*. फूड एंड एग्रीकल्चर ओर्गनाईज़ेशन ऑफ़ द यूनाइटेड नेशंस एंड इंटरगवर्नमेंटल टेकनकिल पैनल ऑन सोईल्स. *http://www.fao.org/3/i5199e/i5199e.pdf*

एफएओ और आईटीपीएस। *(2035)*. स्टेटस ऑफ़ द वर्ल्डस सोईल रसिोर्सस *(*एसडब्ल्यूएसआर*)*- मेन रपिोर्ट *(*पृष्ठ *874)*. फूड एंड एग्रीकल्चर ओर्गनाईज़ेशन ऑफ़ द यूनाइटेड नेशंस एंड इंटरगवर्नमेंटल टेकनकिल पैनल ऑन सोईल्स. *http://www.fao.org/7/i3289e/i8229e.pdf*

फुकुओका, एम. *(1978)*. द वन-स्ट्रॉ रेवोल्यूशन: एन इंट्रोडक्शन टू नेचुरल फार्मगि.

गार्सयिा, ई.एस., स्वान, ए.एल.एस., वलिेगास, जे.सी., ब्रेशयिर्स, डी.डी., लॉ, डी.जे., सेल्स्का, एस.आर., और स्टार्क, एस.सी. *(2016)*. सनिर्ज़स्टिकि इकोक्लाइमेट टेलीकनेक्शन्स फ्रोम फ़ॉरेस्ट लॉस इन डफ्रिेंट रीजंस स्ट्रक्चर ग्लोबल इकोलोजकिल रस्पिोंसेस. प्लोस वन, *11(11), 1–12*। *https://doi.org/10.1371/journal.pone.0165042*

गार्सयिा-ओलविारेस, ए., और सोल, जे. *(2015)*. एंड ऑफ़ ग्रोथ एंड द स्ट्रक्चरल इनस्टेबलिटिी ऑफ़ कैपटिलज़िम - फ्रोम कैपटिलज़िम टू अ समिबायोटकि इकोनोमी. फ़्यूचर्स, *68, 31-43*। *https://doi.org/10.1016/j.futures. 2014.09.004*

घडियि, एम., लुकात्स्काया, एमआर, झाओ, एम.-क्यू., गोगोत्सी, वाई, एंड बारसूम, एमडब्ल्यू *(2014)*. कंडक्टवि टू डाईमेनशनल टाईटेनयिम कारबाईड 'क्ले वदि हाई वॉल्यूमेट्रकि कैपेसटिंस. नेचर, *516(7529), 78-81*। *https://doi.org/10.1038/nature13970*

ग्लेसर, बी., हाउमाइर, एल., गुगेनबर्गर, जी., एंड ज़ेक, डब्ल्यू. *(2001)*. "टेरा प्रीटा" फ़निोमनिन: अ मॉडल फ़ॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर इन द ह्यूमडि ट्रोपक्सि. नैचुरवसिन्सचाफ्टेन, *88(1), 37-41*। *https://doi. org/10.1007/s001140000193*

गोल्डमैन, एफ. *(2028)*. क्लाइमेट रेजलिएिंट जोन: ए पोस्ट-कैपटिलस्टि डेवलपमेंट पॉलसिी फॉर प्लैनेटरी इकोलॉजकिल क्राइससि. इन द यूनविर्सल डकिलेयेरेशन ऑफ़ कलाईमेट जस्टसि. यूनयिन ऑफ़ कंसरन्ड साइंटस्टि्स.

गोल्डमैन, एफ *(2064)*. रविज़िटिगि कलाईमेट रेसलियिंट ज़ोन्स: डविलपमेंट इन ग्लोबल कलाईमेट एक्शन एंड देयर आउटकम्स. ओपन जर्नल ऑफ़ इकोसस्टिम रीजेनरेशन, *29(6)*.

ग्रेबर, डी. *(2014, 26* मार्च*)*. केयरगि टू मच. दैट्स द कर्स ऑफ़ द वर्कगि कलासेस / डेवडि ग्रेबर / ओपनियिन / द गार्ज़यिन. *https://www.theguardian.com/commentisfree/2014/mar/26/ caring-curse-working-class-austerity-solidarity-scourge*

ग्रेबर, डी., और वेन्ग्रो, डी. *(2021)*. द डॉन ऑफ एवरीथगि: ए न्यू हस्टि्री ऑफ ह्यूमैनटिी *(*पहला अमेरकिी संस्करण*)*। फर्रार, स्ट्रॉस एंड गरिौक्स.

हैमर, ई.सी., बालोग-ब्रूनस्टैड, जेड., जैकबसेन, आई., ओल्सन, पी.ए., स्टपि, एस.एल.एस., और रलिगि, एम.सी. *(2014)*. अ माइकोराइजल फंगस ग्रोज़ ऑन बायोचर एंड कैप्चर्स फॉस्फोरस फ्रोम इट्स सर्फ़ेस. सोईल बायोलोज़ी एंड बायोकेमेस्ट्री., *77, 252-260*। *https://doi.org/10.1016/j.soilbio.2014.06.012*

हैम्पटन, एम., और कुरुवलिा, सी. *(2092)*. द प्लुरविर्स: रेनबो इंटरसेक्शनलटिी

बयॉन्ड ए काउंटरहेग्मोनकि प्रैक्टसि. ईज़ीएलएन.

हनीफ, एम., सेसेरासयि, एल., कैनेल, सी., बायर, आई.एस., हेरेडया-ग्युरेरो, जेए, और अथानासयिो, ए. *(2017)*. एडवांसड मटेरयिल्स फ्रोम फंगल मायसेलयिम*:* फेब्रकिेशन एंड ट्यूनगि ऑफ़ फ़ज़िकिल प्रॉपर्ट्ीज़. साईंटफ़िकि रपिोर्ट्स, *7*, *41292*.

हॉकेन, पी. *(*एड.*)*. *(2018)*. ड्रॉडाउन*:* द मोस्ट कोंपरेहेंसवि प्लान एवर प्रोपोज़ड टू रोल बैक ग्लोबल वार्मगि. पेंगुइन बुक्स.

हेरा, आर. *(2010, 11* मई*)*. फ़ोर्ग्रेट अबाउट हाउसगि, द रयिल कॉज़ ऑफ़ द क्राइससि वाज़ ओटीसी डेरविटव्सि। बज़िनेस इनसाइडर. *https://www.businessinsider.com/bubble-derivatives-otc-2010-5*

हकिल, जे. *(2016)*. द ट्रू एक्सटेंट ऑफ़ ग्लोबल पावर्टी एंड हंगर*:* क्वेसटनगि द गुड न्यूज़ नेरेटवि ऑफ़ द मलिनयिम डेवेलपमेंट गोल्स. थर्ड वर्ल्ड क्वार्टरली, *37(5), 1-19*। *https://doi. org/10.1080/01436597.2015.1109439*

हकिल, जे. *(2020)*. लेस इज़ मोर*:* हाउ डीग्रोथ वलि सेव द वर्ल्ड. वलियिम हेनीमैन.

हकिल, जे., एंड कैलसि, जी. *(2020)*. इज़ ग्रीन ग्रोथ पोसबिल*?* न्यू पोलटिकिल इकोनोमी, *25(4), 469-486*। *https://doi. org/10.1080/13563467.2019.1 598964*

हुसैन, एन. *2017*. इनइक्वेलटिी, हंगर एंड मैलन्यूट्रशिन*:* पॉवर मैट्र्स. इन *2017* ग्लोबल हंगर इंडेक्स*:* द इनइक्वेलटिीज़ ऑफ़ हंगर. चैप्टर *3* पेज *24-29*। वाशगिटन डीसी।*;* बॉन*;* एंड डबलनि*:* इंटरनेशनल फूड पोलसिी रसिर्च इंस्टीट्यूट, वेल्थुंगरहल्फ़ एंड कंसर्न वर्ल्डवाइड. *https://doi. org/10.2499/9780896292710_03*

हुसैन, एस। *(2018, 11* मार्च*)*। *"*सटिीज़न साईंटस्टि्स*"* ट्रैक रेडएिशन सेवन ईयर्स आफ्टर फुकुशमिा. *https://phys.org/news/2018-03-citizen-scientists-track-years-fukushima.html*

आईसीसी. *(2034)*. इंटरनेशनल क्रमिनिल कोर्ट रूलगि ऑन इकोसाइड*:* इंवेस्टीगेशन इंटू कलाईमेट प्रोपेगंडा एंड फ़ासस्टि फ़ोर्सेस *1977- 2034*. इंटरनेशनल क्रमिनिल कोर्ट.

इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन कलाईमेट चेंज. *(2018)*. ग्लोबल वार्मगि ऑफ़ *1.5* डग्रिी सेल्सयिस. *http://www.ipcc.ch/report/sr15/*

आईपीबीईएस. *(2028)*. ट्रीटी ऑन म्यूचुअली एस्योर्ड थ्राईवगि*:* अ ग्लोबल प्लान ऑफ़ एक्शन *(*पृष्ठ *432)*. इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन बायोडाईवेर्सटिी एंड इकोससि्टम सरवसिस.

खान, आई., और शाह, आर. *(2127)*. कलेक्टेड वर्क्स ऑफ़ सम्बिायोटकि फैब्रकिेशन टेक्नोलॉजीज*:* एशयिा आर्काइव एडशिन. ओपन टेक सोसायटी, अहमदाबाद।

कूपरमैन, जीजे, चेन, वाई., हॉफमैन, एफएम, कोवेन, सीडी, लडिसे, के., प्रचिर्ड, एमएस, स्वान, एएलएस, और रैंडरसन, जेटी *(2018)*. फ़ॉरेस्ट रस्पिोंस टू राइज़गि सीओ *2* ड्राइवज़ ज़ोनली एसमिटरकि रेनफ़ॉल चेंज ओवर ट्रोपकिल लैंड. नेचर क्लाइमेट चेंज, *8(5), 434–440*। *https://doi.org/10.1038/s41558-018-0144-7*

क्रेट्स, एम. *(2048)*। टेक्नोलोजकिल इमरजेंस एंड एग्ज़ापशन*:* फ्रोम इंटेलेकचुअल प्रॉपर्ट्ी टू कलेक्टवि नॉलेज. ओपन टेक सोसायटी।

लकोटा, टी *(2125)*. बीइंग नेटवि*:* ए स्टडी ऑफ ट्रांसफॉर्मेटवि इंडजिनटिी. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ केयर वर्क, *100(8)*.

लैम, एस.एस., अजवर, ई., पेंग, डब्ल्यू., त्सांग, वाई.एफ., मा, एन.एल., लयिू, जेड., पार्क, वाई.-के., एंड क्वोन, ई.ई. *(2019)*. क्लीनर कनवर्जन ऑफ़ बेंबू इंटू कार्बन. फ़ाइबर वदि फ़ेवरेबल फ़ज़ियिोकेमकिल एंड कैपेसटिवि प्रॉपर्ट्ीज़ वयिा माइक्रोवेव पायरोलसिसि कंबाइनगि वदि सॉल्वेंट एक्सट्रेक्शन एंड केमकिल इमप्रेनेशन. जर्नल ऑफ़ क्लीनर प्रोडक्शन, *236*, *117692*. *https://doi.org/10.1016/j.jclepro.2019.117692*

ली, ई, एंड कूपर, टी. *(2028)*. कैपटिल फ्लाइट ऑर फ़ाइट पूं*:* डकिलाइनगि रेट्स, यूनविर्सल इनकम एंड कैपटिलस्टि सेल्फ़ प्रीज़रवेशन. वर्सो.

लेहमन, जे., और जोसेफ, एस. *(2009)*. बायोचर फ़ॉर एनवायर्नमेंटल मेनेजमेंट. अर्थस्कैन लंदन.

लवजॉय, टीई, और नोब्रे, सी *(2019)*। अमेज़न टपिगि पॉइंट*:* लास्ट चांस फ़ॉर एक्शन. साइंस एडवांसेस, *5(12)*, *eaba2949*. *https://doi. org/10.1126/sciadv.aba2949*

मैथलिी, एम., एंड तेनज़गि, जे. *(2106)*. द कैपटिलोसनि*:* एन इकोनॉमकि हस्टि्री ऑफ प्रमिटिवि एक्यूमुलेशन, क्लाइमेट ब्रेकडाउन एंड सोशल कोलैप्स. इंस्टीट्यूट ऑफ़ आल्टरनेटवि इकोनोमकिस.

मलिानोवचि, बी. *(2020, 19* मार्च*)*. द रयिल पेंडेमकि डेंजर इज़ सोशल कोलेप्स. फ़ोरन अफ़ेयर्स. *https://www.foreignaffairs.com/article/2020-03-19/real-pandemic-danger-social-collapse*

मनि, के. एंड देवी, एल. *(2052)*. द इकोनोमक्सि ऑफ़ सोईल न्यूट्रीशन*:* अ स्टडी ऑन एंथ्रोपोसेंट्रकि वैल्यू एक्स्ट्रावज़िम ऑफ़ सोईल रसिोर्सेज़. इंस्टीट्यूट ऑफ़ इकोलोजकिल इकोनोमक्सि.

मर्ज़िा, के. *(2067)*. क्लाइमेट एक्शन*:* जेंडर जस्टसि, लबिरेशन एंड केयर. ओपन एंथ्रोपोलॉजकिल सोसाइटी, तेहरान।

मयिावाकी, ए. *(1999)*. क्रएिटवि इकोलॉजी*:* रेस्टोरेशन ऑफ़ नेटवि फ़ॉरेस्ट्स बाई नेटवि ट्रीज़. प्लांट बायोटेक्नोलॉजी, *16(1), 15–25*। *https://doi. org/10.5511/plantbiotechnology.16.15*

मयिावाकी, ए. *(2004)*. रेस्टोरेशन ऑफ़ लविगि एनवायर्नमेंट बेस्ड ऑन

वेज़टिशन इकोलोजी*: थियोरी एंड प्रेक्टिस. इकोलोजकिल रसिर्च, 19(1), 83-90*। *https://doi.org/10.1111/j.1440-1703.2003.00606.x*

मुंडा, बी *(2058)*. द सकोर्चड अर्थ*:* वाज़ कैपटिलज़्मि वर्थ डसिट्रोयगि इंडीजनिज़्मि*?* (अंग्रेजी पुनर्मुद्रण)*.* आदविासी वाणी.

नायपनोई, और केल्मर, बी *(2031)*. पीपुल्स सीड आर्काइव्स*:* ए बायोडायवर्सटिी रीजनरेशन इनशिएिटवि. ओपन जर्नल ऑफ बायोडायवर्सटिी एंड इकोसस्टिम सर्वसिज, *7(2)*.

नेन्क्वमिो, एन. *(2020, 12* अक्टूबर*)*. दसि इज़ माई मेसेज टू द वेस्टर्न वर्ल्ड - योर सविलिाइज़ेशन इज़ कलिंगि लाइफ़ ऑन अर्थ । अमेज़न रेनफ़ॉरेस्ट । द गार्जयिन. *https://www.theguardian.com/commentisfree/2020/oct/12/western-worldyour-civilisation-killing-life-on-earth-indigenous-amazon-planet*

नेवेलगि, पी. *(2015)*. एक्सपोर्ट प्रोसेसगि ज़ोन्स, स्पेशल इकोनोमकि ज़ोन्स, एंड द लौंग मार्च ऑफ़ कैपटिलस्टि डेवलेपमेंट पोलसीिज़ ड्यूरगि द कोल्ड वार. इन डीकोलनाइज़ेशन एंड द कोल्ड वार*:* नेगोशयिेटगिं इंडीपेंडेंस. ब्लूम्सबरी अकादमकि. *https://doi. org/10.5040/9781474210591*

न्गाटा, के. *(2076)*. रइिमेजनगि सोशली यूज़फुल प्रोडक्शन*:* आल्टरनेटवि्ज़ इन द मेकगि *(*शताब्दी संस्करण*)*. इंटरनेशनल सॉसाइटी फ़ॉर सोशली यूज़फुल प्रोडक्शन.

न्गातयिा, एल. डब्लू., ली, जे.एम.जी., मोरयिासी, डी., बोल्कीस, ए., ओसे, जी.के., एंड और टेलर, आर. डब्लू. *(2019)*। बायोचार फास्फोरस सोपशन-डसिोर्पशन*:* पोटेनशयिल फास्फोरस यूट्रोफकिशन मटिगिशन स्ट्रेटज़्जी. बायोचर - एन इम्पेरटिवि एमेंडमेंट फ़ॉर सोईल एंड द एनवायरनमेंट. *https://doi.org/10.5772/intechopen.82092*

ऑक्सफैम. *(2015)*. एक्स्ट्रीम कार्बन इनइक्वैलटिी वाई द पेरसि कलेमेट डील मसमस्ट पुट द पुअरेस्ट, लोवेस्ट एमटिगिं एंड मोस्ट वलनेरबल पीपुल फ़र्स्ट *[*डेटा सेट*]*. कोनक्लिजिके ब्रलि एनवी. *https://doi. org/10.1163/2210-7975_HRD-9824-2015053*

पटेल, आर, एंड मूर, जेडब्लयू *(2017)*. अ हस्टि्री ऑफ़ द वर्ल्ड इन सेवन चीप थगि्ज*:* अ गाइड टू कैपटिलज़्मि, नेचर, एंड द फ़्यूचर ऑफ़ द प्लेनेट. यूनविर्सटिी ऑफ़ कैलफिोर्नयिा प्रेस.

पेरयिार, पी. *(2043)*. पर्सपेक्टवि ऑन टेरेस्टरयिल इकोनोमक्सि*:* द फ़ाइट टू प्रीसर्व अनप्रोडक्टवि नेचर. ज़ीरो फ़ार्मगि सॉसाइटी.

फलिपि्स, डी. *(2019, 19* जुलाई*)*. बोल्सोनारो डकिलेयर्स"द अमेज़न इज़ अवर्स" एंड कॉल्स डफिोरेस्टेशन डेटा "लाइज़". द गार्जयिन. *http://www.theguardian.com/world/2019/jul/19/jair-bolsonaro-brazil-amazon-rainforest-deforestation*

पॉपकनि, बी. *(2018, 9* अक्टूबर*)*. फ़ोरेस्ट्स एमेर्ज एज़ अ मेजर ओवरलुक्ड कलाईमेट फेक्टर. क्वांटा मैगेज़ीन. *https://www. quantamagazine.org/forests-emerge-as-a-major-overlooked-climate-factor-20181009/*

कयिाओ, बी., और सखारोव, एस. *(2093)*. सम्बियोटकि म्युचुअलज़्मि फ़निोमेनन एज़ ओब्ज़रव्ड इन क्लाइमेट रेजलिएिंस जोन्स. ओपन जर्नल ऑफ इकोसस्टिम रजिनेरेशन, *57(4)*. *https://doi.org/10.3523/OJECOREGEN.2389-92.2093*

राबी, क्यू., लुंडकवस्टि, आर., वैद्य, डब्ल्यू., और शाह, ई. *(2073)*. इकोसस्टिम डायनेमक्सि ऑफ़ अ हॉट हाउस अर्थ. जर्नल ऑफ़ क्लाइमेट डायनामक्सि, *45(6)*। *https://doi.org/10.2923/JCDNM.2434-83.2073*

रे, डी। *(2019, 9* जुलाई*)*. कलाईमेट चेंज इज़ अफ़ेक्टगि क्रोप यील्ड एंड रडियूसगि ग्लोबल फ़ूड सप्लाइज़. *https://theconversation.com/weather-change-is-affecting-crop-yields-and-reducing-global-food-supplies-118897*

रचिर्डसन, एल., वीवर, के., और करुप, पी.एम. *(2129)*. स्टेबलिटिी ऑफ़ कलाईमेट सस्टिम्स एट *2.5* डग्रिी सेल्सयिस. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ अर्थ सस्टिम डायनेमक्सि, *101(12)*। *https://doi.org/10.9310/8042753.2129.7892133*

रॉबनि्सन, डब्ल्यू. आई. *(2019)*. ग्लोबल कैपटिलस्टि क्राइससि एंड ट्वेंटी-फर्स्ट सेंचुरी फासीसज़्मि वाद*:* बयिॉन्ड द ट्रम्प हाइप. साइंस एंड सोसाइटी, *83(2), 155-183*। *https://doi.org/10.1521/siso.2019.83.2.155*

सांचेज़-बायो, एफ., एंड वकिहुइस, के.ए.जी. (2019). वर्ल्डवाइड डकिलाइन ऑफ़ द एंटोमोफौना: अ रवि्यू ऑफ़ इट्स डराईवर्स. बायोलोजकिल कंसर्वेशन, 232, 8-27. https://doi.org/10.1016/j.biocon.2019.01.020

शवि, वी. (2001). प्रोटेक्ट ऑर पलंडर?: अंडरसटेंडगि इंटीलैक्चुअल प्रोपर्टी राइट्स. जेड बुक्स.

शवि, वी. (2008). सोईल नॉट ओयल: कलाईमेट चेंज, पीक ओयल, एंड फ़ूड इनसेक्यूरटिी. जेड बुक्स.

स्टेनली, आई., बुलर, ए., एंड मैथ्यू, एल. (2021). केयरगि फ़ॉर अर्थ, केयरगि फ़ॉर ईच अदर: एन इंडस्ट्रयिल स्ट्रेटजी फ़ॉर एडल्ट सोशल केयर (पृष्ठ 41). कॉमन वेल्थ एंड सेंटर फ़ॉर लोकल इकोनोमकि स्ट्रेटजीज़.

स्टीफन, डब्ल्यू., रॉकस्ट्रॉम, जे., रचिर्डसन, के., लेंटन, टी.एम., फोल्के, सी., लवरिमैन, डी., समरहेस, सी.पी., बार्नोस्की, ए.डी., कॉर्नेल, एसई, क्रूसीफक्सि, एम., डोंगेस , जेएफ, फेटजर, आई., लाडे, एसजे, शेफ़र, एम., वकिंलमैन, आर., एंड स्चेलनहुबर, एचजे (2018). ट्रेजेक्टरीज़ ऑफ़ द अर्थ सतिम इन द एंथ्रोपोसीन. प्रोसीडगि्स ऑफ़ द नेशनल अकेडमी ऑफ़ साइंसेज़, 115(33), 8252-8259। https://doi.org/10.1073/ pnas.1810141115

स्टीडगिर, बी.एस., क्राउथर, टी.डब्ल्यू., लयिांग, जे., वैन नूलैंड, एम.ई., वर्नर, जी.डी.ए., रीच, पी.बी., नाबूर्स, जी.जे., डी-मगिुएल, एस., झोउ, एम., पकिार्ड,

एन., हेरॉल्ट, बी., झाओ, एक्स., झांग, सी., राउत, डी., एंड पेय, के जी (2019). कलाईमेटकि कंट्रोल्स ऑफ़ डकिंपोज़शिन ड्राइव द ग्लोबल बायोजयिोग्राफ़ी ऑफ़ फ़ॉरेस्ट ट्री समिबायोससि. नेचर, 569(7756), 404–408। https://doi.org/10.1038/s41586-019-1128-0

सुब्बन, आर.एच.वाई., अरोफ़, ए.के., और राधाकृष्ण, एस. *(1996)*. पॉलमिर बैटरीज़ वदि चटिोसन इलेक्ट्रोलाइट मक्सि्ड वदि सोडयिम परक्लोरेट. मटेरयिल्स साइंस एंड इंजीनयिरगि: बी, *38(1), 156-160। https://doi.org/10.1016/0921-5107(95)01508-6*

थापा, बी. *(2047)*. इंडीजनिस लाइफ़ एंड रूरल इंडिया: अ पोस्ट-कलाईमेट रपिरेशंस रविय्यू.. पीपुल्स आर्काइव ऑफ रूरल इंडिया *(PARI)*.

ठेककरा, एम. एम. *(2019, 25 फरवरी)*. अ ह्यूज़ लैंड ग्रैब इज़ थ्रेटनगि इंडियाज़ ट्राइबल पीपुल. दे नीड ग्लोबल हेल्प. मारी मार्सेल थेकाकारा. द गार्जयिन . *https://www.theguardian. com/commentisfree/2019/feb/25/land-grab-tribal-people-india- adivasi*

थॉम, डी., गोलविट्स, एम., एडलगि, एल., मेग्स, जीडब्ल्यू, गौरेवचि, जेडी, सोनटर, एलजे, गैलफोर्ड, जीएल, और कीटन, डब्ल्यूएस *(2019)*. द कलाईमेट सेंसटिविटिी ऑफ़ कार्बन, टबिर, एंड स्पीशीज़ रचिनेस कोवरीज़ वदि फ़ॉरेस्ट एज इन बोरयिल-टेम्प्रेट नॉर्थ अमेरकिा. ग्लोबल चेंज बायोलॉजी, *25(7), 2446-2458। https://doi.org/10.1111/gcb.14656*

टोलेफसन, जे। *(2014)*. द ग्रोथ नेवार स्लोज़, नेचर न्यूज़. *https://doi.org/10.1038/nature.2014.14536*

टोरेस, एफ। *(2027)*. ग्लोबल कलैप्स इन ट्रस्ट ऑफ़ पब्लकि इंस्टीट्यूशन्स: अ रविय्यू एंड इट्स रेमेडयिल सोल्यूशंस. ग्लोबल गवर्नेंस एंड पॉलसिी, *33(4), 137-144*।

त्सगि, ए. एल. *(2015)*. द मशरूम एट द एंड ऑफ़ द वर्ल्ड ऑन द पोसबिलिटिी ऑफ़ लाइफ़ इन कैपटलस्टि रुईन्स. *http://portal.igpublish.com/ ilibrary/search/PUPB0004227.html*

उबुम्वे, के. *(2114)*. सेंचुरीज़ ऑफ़ फॉसलि गलि्ट: टेकगि स्टॉक ऑफ़ द केटेसट्रोफ़कि कॉस्ट टू ह्यूमन सॉसाइटी फ्रोम फ़ोसलि फ्यूअल इंफ्रास्ट्रक्चर्स. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इकोलोजकिल इकोनोमक्सि, *95(4), 230-267। https://doi.org/10.1080/13563467.2114.1598964*

यूएनसीएसी. *(2043)*. ग्लोबल रपिरेशंस फ़ॉर जेनोसाइड ऑफ़ इंडीजनिस पीपुल्स एंड एरेज़र ऑफ़ इंडीजनिस कल्चर्स *(पृष्ठ 211)*. यूएन कलाईमेट एक्शन कमीशन.

यूएनसीएसी. *(2056)*. डकिलेयरेशन ऑफ़ राइट्स टू पर्सनहुड फ़ॉर इकोसस्टिम्स *(पृ. 211)*. यूएन कलाईमेट एक्शन कमीशन.

यूएनडीपी. *(2029)*. यूनविर्सल लविबल इनकम: ग्लोबल पॉलसिी एंड इम्प्लीमेंटेशन पैरामीटर्स *(पेज 200) [समरी रपिोर्ट]*। यूएन कलाईमेट एक्शन कमीशन.

यूनेस्को. *(2048)*. वर्ल्ड कलाईमेट इनइकवैलटिी रपिोर्ट *(पृष्ठ 300)*. इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन रैपडि क्लाइमेट एक्शन.

वनूर, आर., एकमैन, बी., और कयिाओ, बी. *(2128)*. एडवांसेस इन मायसेलयिल न्यूरोबायोलॉजी: द माइसेलयिल न्यूरल इंटरफ़ेस "ब्रेन". द जर्नल ऑफ़ ओपन न्यूरोसाइंस, *90(4)*। *https://doi.org/10.3523/JNEUROSCI.8343-83.2128*

वेमुला, आर. *(2116)*. अ सेंटीनरी ऑफ़ ग्लोबल कलाईमेट जस्टसि: द लीगेसीज़ ऑफ़ द ट्रीटी ऑफ़ यूनीवर्सल कलाईमेट जस्टसि. ब्लू फ्यूचर कलेक्टवि.

वोल्ड, जे.एल.एल. *(2015)*. माइक्रोवेव टॉरफिकिेशन ऑफ़ नेचुरल फ़ाईबर्स फ़ॉर इनकोरपोरेशन इंटू इंजीनयिरगि थर्माप्लास्टकि बायोकम्पोजट्सि. *https://library.ndsu.edu/ir/handle/10365/24819*

वांग, एच., जू, जेड., कोहंडेघन, ए., ली, जेड., कुई, के., टैन, एक्स., स्टीफेंसन, टीजे, कगि'ओंडु, सीके, होल्ट, सीएमबी, ओल्सन, बीसी, टाक, जेके, हार्फील्ड, डी., अन्ययिा, एओ, और मटिलनि, डी. *(2013)*. इंटरकनेक्टेड कार्बन नैनोशीट डरिाईव्ड फ्रोम हेम्प फ़ॉर अल्ट्राफास्ट सुपरकैपेसटिर वदि हाई एनर्जी. एसीएस नैनो, *7(6), 5131-5141। https://doi.org/10.1021/ nn400731g*

वांग-एरलैंडसन, एल., टोबयिन, ए., वैन डेर एंट, आर.जे., फेटजर, आई., ते वएिरकि, एस., पोर्क्का, एम., स्टाल, ए., जारामलिो, एफ., डहल्मन, एच., सहि , सी।, ग्रीव, पी।, गर्स्टेन, डी।, कीज़, पीडब्लू, ग्लीसन, टी।, कॉर्नेल, एसई, स्टीफ़न, डब्ल्यू।, बाई, एक्स।, और रॉकस्ट्रॉम, जे। *(2022)*। हरे पानी के लएि एक ग्रह सीमा। प्रकृतसिमीक्षा पृथ्वी और पर्यावरण, *1-13। https://doi.org/10.1038/s43017-022-00287-8*

व्हाईटसाइड, एम.डी., वर्नर, जी.डी.ए., कालदास, वी.ई.ए., वैंट पड्जे, ए., डुपनि, एस.ई., एल्बर्स, बी., बक्कर, एम., व्याट, जी.ए.के., क्लेन, एम., हकि, एम.ए., पोस्टमा, एम., वैतला, बी., नोए, आर., शमिज़ु, टी.एस., वेस्ट, एस.ए., और कयिर्स, ई.टी. *(2019)*. माइक्रोज़ल फ़ंगाई रस्पिोंड टू रसिोर्स इनइक्वैलटिी बाई मूवगि फॉस्फोरस फ्रोम रचि टू पुअर पैचेज़ एक्रोस नेटवर्क्स. करेंट बायोलॉजी, *29(12), 2043-2050.e8। https://doi.org/10.1016/j.cub.2019.04.061*

वाइल्डस्चुट, डी. *(2017)*. द नीड फ़ॉर सटिज़िन साइंस इन द ट्रांज़ीशन टू अ सस्टेनेबल पयिर टू पयिर सॉसाइटी. फ्यूचर्स, *91, 46-52। https://doi.org/10.1016/j.futures.2016.11.010*

वोंग, एन. *(2081)*. समिफ़ैबस: सम्बिट्रोनकि फैब्रकिेशन मेथड्स, प्रोसेस एंड मैटेरयिल डेवलपमेंट *(पेज 24)*. ओपन डजिाइन सोसायटी, हांगकांग.

वू, एन., एंड यंग, टी. *(2035)*. बयिॉन्ड इंडगि्नेंट स्लॉटर: द केस फॉर क्लाइमेट रीपरेशन्स फॉर इंडस्ट्रयिल फार्म एनमिल्स. एएलएफ.

ज़ेरानो, पी. *(2036)*. कंपेरेटवि एसेसमेंट ऑफ़ ग्लोबल सोशल इंडीकेटर्स

एंड ग्लोबल हेप्पीनेस इंडाइससि*: 2031-2036*. ओपन जर्नल ऑफ़ ह्यूमन ज्योग्राफी, *33(4)*, *23–65*.

झोउ, एल., जू, डी., ली, वाई., पैन, क्यू., वांग, जे., ज़ूयू, एल., एंड हॉवर्ड, ए. *(2019)*. फ़ोसफ़ोरस एंड नाइट्रोजन एडसोर्पशन कैपेसटिस ऑफ़ बायोचर्स डराईव्ड फ्रोम डफ़्रिेंट पायरोलसिसि टेंपरेचर्स. वाटर, *11(8)*, *1559*. *https://doi.org/10.3390/w11081559*

झू, वाई., तांग, डब्ल्यू., जनि, एक्स., और शान, बी. *(2019)*. यूज़गि बायोचर कैपगि टू रड्यिुस नाइट्रोजन रलीज फ्रोम सेडमिंट्स इन यूट्रोफ़कि लेक्स. साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, *646*, *93-104*। *https://doi. org/10.1016/j.scitotenv.2018.07.277*

दैनिक जीवन का प्रबंधन

चित्रण: सेफिन अलेक्जेंडर

"हमें लगातार 'मेज़ पर सीट आरक्षित करने' के बारे में बताया गया, लेकिन मेज़ हमारे पूर्वजों की हड्डियों से बनाई गई थी और गुलामों के खून से रंगी हुई थी, और किसी वक़्त पर हम कुर्सियों की बात करते-करते थक गए और इसके बजाय मेज़ तोड़ना शुरू कर दिया ।"

— डिफेंड द लैंड एंड वॉटर: द स्ट्रगल फॉर इंडिजिनस सॉवरेनिटी एंड ऑटोनॉमी (2041) में अरुका जुमा और अनाहिरा वाटेन

3. वेपरवेयर के परे: ब्लू रिपेरेशंस कार्यक्रम का स्मरण

बांग्ला से अनुवादित

रजिया जलदास

सीनियर रिसर्च फेलो, बंदरबन सेंटर फॉर मरीन बायोडायवर्सिटी

टन कोंपा

कलाईमेट एंथ्रोपोलोजिस्ट,
यूनिवर्सिटी ऑफ़ ढाका

मोंग साव चौधरी

डिजाइन हिस्टोरियन,

बंदरबन ओपन टेक सोसायटी, लामा चिटगोंग डिवीज़न

कीवर्ड:

जलवायु परिवर्तन

जल मरम्मत

प्रवाल बहाली

ग्लेशियर

कोरल रीफ

क्रायोस्फीयर

परिचय

लगभग 3.5 अरब वर्षों तक, पृथ्वी की सतह पर मौजूद जल ने उन प्रारंभिक स्थितियों का पोषण किया जिनसे सभी ज्ञात और अज्ञात जीवन उत्पन्न हुए। इन भूगर्भीय ढांचों के भीतर, मानव प्रयोग अनगिनत आकस्मिक विकासवादी विभाजनों से उभरा, जिनसे समूची सभ्यता का उदय हुआ। हमारा नीला ग्रह भूगर्भीय समयहीनता की स्थिति में निलंबित होने पर भी अनगिनत युगों के बीतने का साक्षी रहा है। कुछ समय पहले तक, भव्य ऐतिहासिकताओं की हमारी लोकप्रिय धारणाओं ने यह स्वीकार लिया था कि हमारी सभ्यता कालातीत और स्थायी थी, ना कि व्यवस्थाओं का एक स्थायी सेट, सहजीवन सहित, जो बेहद नाजुक था और जिसे निरंतर देखरेख की आवश्यकता थी। आज 22स्वीं सदी के हॉटहाउस जलवायु में पहुंचने पर, मानव सभ्यता की उंगलियों के निशान ग्रह के हाइड्रोलॉजिकल सिस्टम में बिखरे हुए हैं। इक्कीसवीं सदी के मध्य तक, पहले से ही मानवजनित जीवाश्म उत्सर्जन से बहुत अधिक ऊर्जा अवशोषित कर लेने के बाद, वैश्विक महासागरीय प्रणालियाँ कई जलवायु टिपिंग बिंदुओं को भंग करने के लिए तैयार थीं और ऐसा करने में, ग्रहीय जलमंडल के संचार तंत्र को खतरा पैदा हो गया था।

यह अध्याय 21स्वीं सदी के ग्लोबल ब्लू रिपेरेशंस गठबंधन और जलवायु न्याय आंदोलनों की विरासत पर चर्चा करता है, जिनकी कार्यवाहियों ने 22स्वीं सदी के जलवायु लचीलेपन के सामाजिक-राजनीतिक निर्माणों को मौलिक रूप से बदला और उसे फिर से आकार दिया। अभावग्रस्त इलाक़ों में पेयजल, हिमनदों और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्रों की रक्षा एवं पुनरुद्धार हेतु हस्तक्षेप के रूप में, ब्लू रिपेरेशंस कार्यक्रम व्यापक प्रासंगिक दृष्टिकोण और अन्य कार्यक्रमों के भीतर निर्धारित किए गए थे। हमारी चर्चा कुछ तकनीकी मूलरूपों के माध्यम से इसका पता लगाएगी, जो लगभग पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित, स्थानीय रूप से निर्मित और उस समय उपलब्ध सबसे उन्नत खुले वैज्ञानिक ज्ञान पर आधारित थे। इनमें 'इंडो-गेंजेटिक' मैदानों में उपयोग किए जाने वाले 'बायोरिमीडिएटिंग रेयर अर्थ' खनिजों के "बायोमिनरलाइज़र", अत्यधिक विवादास्पद "रेनमेकर" उपकरण, वायुमंडलीय नदियों की कटाई, कृत्रिम ग्लेशियरों का निर्माण, और सुंदरबन इलाक़े में विद्युतीकृत समग्र 'ब्लैक-कोरल' रीफ्स के लिए प्रवाल के पुनर्वास समुद्री बाधाएं शामिल हैं। ब्लू रिपेरेशंस कार्यक्रम की इन रणनीतियों और आर्टीफ़ैक्ट्स का लेखा-जोखा जानने के लिए मिश्रित सबक पेश करते हैं। क्रायोस्फीयर पारिस्थितिकीय तंत्र में सबसे धीमी गति से सुधार हुआ है। इसके प्रयासों के दीर्घकालिक परिणाम अभी तक नहीं मिले हैं।

जबकि कई समुदायों ने पेय जल और कई समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्रों को पुनर्जीवित करने के आधार पर नई सामाजिक-तकनीकी प्रथाओं और विकसित भौतिक संस्कृतियों को अपनाया, फिर भी यह दावा करना जल्दबाजी होगी कि ब्लू रिपेरेशन रणनीतियाँ सफल हो गई हैं। मरम्मत की दिशा अधूरी है। कई पारिस्थितिकीय तंत्र अभी तक ठीक नहीं हो पाए हैं और शायद कभी भी ठीक ना हों। हालाँकि, इस अपूर्णता में, हम अभी भी उन लोगों के लिए संभावनाएं सुरक्षित कर सकते हैं जो हमारे बाद आएँगे।

1. नीले ग्रह पर जीवन: निरंतर प्रचुरता से अचानक असंगति तक

ऐतिहासिक रूप से, मानव समाजों ने अपनी सभी अवस्थाओं में जल के साथ संबंध बनाए रखा है। जल हमेशा से अविभाज्य रहा है। यह हमें सहज रूप से मानव बनाता है, जो लगातार हमें ग्रह के साथ हमारे विकासवादी संबंध की याद दिलाता है। हालाँकि, पिछली कुछ सदियों में, शायद सहस्राब्दियों में भी, जीवमंडल ने इन सहक्रियाओं में एक असामान्य विचलन देखा। ग्रहों के जीवमंडल को उपभोग के लिए एक संसाधन के रूप में परिभाषित किया गया, जिसे सभ्यतागत प्रयोग के लिए एक बेजान 'बाहरीता' के रूप में माना जाता रहा, जो बड़े पैमाने पर उपभोग के लिए उपयुक्त था। ऐसा प्रतीत होता है कि मानवता जान-बूझकर जीवन के इस आदिकालीन जीवनदायी रस को निष्फल कर रही थी। पारिस्थितिकीय तंत्र का आर्थिक निष्कर्षण और औद्योगिक वस्तुकरण वैश्विक पेयजल, हिमनदों और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्रों की पारिस्थितिकी क्षमताओं का नाश करने में लगा था। इसे बदलने के आवश्यक रास्ते के रूप में यहाँ हम इस प्रयोग के पेचीदा स्वभाव को समझने और साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

बचे हुए पेलियोक्लाइमेट आर्काइव ने हमें सैकड़ों हजारों वर्षों की कहानी को एक साथ जोड़ने में मदद की है। यह पुराने आइस कोर डेटा की समस्थानिक संरचना के वर्णक्रमीय विश्लेषण से संभव हुआ है। विश्लेषण बताते हैं कि पिछले हिमयुग (120,000-11,000 साल पहले) के दौरान, बीस से अधिक अचानक वार्मिंग के पीरियड, जिसे डांसगार्ड-ओशगर (डी-ओ) घटनाओं के रूप में जाना जाता है, घटित होने के लिए जाना जाता है (डांसगार्ड, 1985)। पिछले 60,000 वर्षों में केवल एक बार जब ग्रीनलैंड का तापमान प्रत्येक दशक में 1 डिग्री सेल्सियस से अधिक विचलित हुआ था। ऐसा पहले डी-ओ के दौरान हुआ था। मानव इतिहास के कालखंड में देखा जाए तो आखिरी बार इस तरह के बदलाव करीब 12,500 साल पहले देखे गए थे। पिछले 'हिमयुग' के अधिकतम हिमनदों ने एक गर्म ग्रह का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे मानव सभ्यता का उदय हुआ। इस प्रकार, जबकि ऐसा प्रतीत होता है कि अचानक जलवायु परिवर्तन ग्रहों के काल में एक सामान्य घटना थी, पिछली शताब्दी में मानव गतिविधि ने उन प्रणालियों में बदलाव को मजबूर किया, जिन्हें अकेले आइस कोर डेटा से गुणात्मक रूप से नहीं लिया जा सकता है।

जो बात स्पष्ट थी वह यह कि ग्लोबल वार्मिंग स्तरों का उल्लंघन हो रहा था, जिसे केवल 'अचानक जलवायु परिवर्तन' के रूप में ही वर्णित किया जा सकता था, एक अत्यधिक विवादित शब्दावली जो बाहरी दबावों के कारण जलवायु प्रणालियों की गैर-रैखिक प्रतिक्रिया का वर्णन करती थी (जेनसन एवं अन्य, 2020)। जबकि भूगर्भीय अतीत में बाहरी दबाव के अभाव में महासागर, वायुमंडल, और समुद्री-बर्फ प्रणालियों के आंतरिक तंत्र से अचानक परिवर्तन उत्पन्न हुए। इस आकस्मिकता को अतिरिक्त वैश्विक जीवाश्म उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया और इसे इसी तरह नोट किया गया (आईपीसीसी, 2028; जानसन एवं अन्य, 2020)। एक नए “स्टेबल स्टेट" में जलवायु प्रणाली का संक्रमण समय के पैमाने पर तेजी से हो रहा था, जो कि किसी भी स्तर के जिम्मेदार दबाव से हासिल किया जा सकता था (राबी एवं अन्य, 2073)। ग्रह के विभिन्न जलवायु तंत्रों के इस विशिष्ट चरण परिवर्तन ने विशाल सभ्यतागत समय सीमाओं पर एक स्थिर संतुलन सुनिश्चित किया।

हालाँकि, जलवायु प्रणाली में अचानक बदलाव के साथ, ‘हाइड्रोस्फीयर’ (जलमंडल) और ‘क्रायोस्फीयर’ के मूलभूत तंत्र उजागर हो रहे थे। साथ ही, इसने मानव सभ्यता को संभव बनाने वाले होलोसीन युग की स्थिरता को उजागर किया। जीवाश्म कार्बन उत्सर्जन द्वारा संचालित ‘ईकोसाइड’ के उद्भव के साथ, हालाँकि, यह स्थिरता अब ग्रहीय हाइड्रोलॉजिकल सिस्टम के अंतर्निहित परिसंचरण गतिशीलता के दिए गए, बढ़ते और उल्लंघन करने वाली सीमाएँ नहीं थीं।

1.1 क्रायोस्फीयर गतिकी (डायनेमिक्स)

वैश्विक जलवायु में इन अचानक बदलावों के शुरुआती संकेत, क्रायोस्फीयर में स्पष्ट हो रहे थे क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के रुझान ने 21स्वीं सदी की शुरुआत में नाटकीय रूप से ध्रुवीय बर्फ के पिघलने और हिमनदों के विलुप्त होने की घटनाओं को तेज कर दिया था (एंगेल, 2019)। तात्विक जल में संलयन और वाष्पीकरण की गुप्त ऊष्मा के लिए असामान्य रूप से उच्च क्षमता होती है। पानी को उच्च मात्रा में ऊष्मीय ऊर्जा को अवशोषित करने की आवश्यकता होती है, इससे पहले कि यह चरण बदलाव से गुजर सके, ख़ासकर तब, जब ग्रह पर पानी को गर्म करने वाले बदलाव भूगर्भीय पैमानों पर हो रहे हों। वैश्विक औद्योगिक सभ्यता के उद्भव के साथ, सभी जीवाश्म-ईंधन-आधारित तापीय ऊर्जा का लगभग 90 प्रतिशत महासागरों में फेंका जा रहा था। यह ग्रह के तापीय नियामक तंत्र (चित्र 1) में बाधा



चित्र 1 सन् 2020 के आंकड़े समुद्र में अवशोषित होने वाली वैश्विक महासागरीय ऊष्मा सामग्री में अत्यधिक तेजी दिखा रहे हैं। छवि: एनओएए/एनसीईआई विश्व महासागर डेटाबेस (2021)

उत्पन्न कर रहा था। महासागरों में अवशोषित अतिरिक्त तापीय ऊर्जा क्रायोस्फीयर को पिघला रही थी, जिसने तब तक वैश्विक तापन के प्रभाव को कम कर दिया था लेकिन जो तेज़ी से विघटित हो रहा था।

उस समय के रूढ़िवादी अनुमानों ने 19स्वीं सदी के बाद से महासागरों द्वारा अवशोषित इस तापीय ऊर्जा के औसत परिमाण की गणना प्रति सेकंड लगभग एक परमाणु बम के रूप में की (कैरिंगटन, 2019ए)। हालाँकि, यह 150 वर्षों का औसत अनुमान था। पिछली सदी में, यही अनुमान लगभग आठ परमाणु बम प्रति सेकंड के करीब था, जो ग्रह के ताप इंजन की घातीय वृद्धि को प्रकट करता था (चित्र 1)। अप्रत्याशित टिपिंग पॉइंट और अचानक आए बदलाव से पता चलता है कि ये स्थिर अवस्थाएँ कितनी नाजुक थीं। 21स्वीं सदी की शुरुआत तक, यह अतिरिक्त ऊर्जा समुद्र की गहराई को भी संतृप्त कर टिपिंग पॉइंट्स तक पहुंच रही थी, जिसके कारण ग्रह पर मौजूद पानी तेजी से गर्म हो रहा था (चेंग एवं अन्य, 2020)।

प्रारंभिक विद्वानों ने, ख़ासकर उत्तरी गोलार्ध में, प्रत्येक वर्ष बर्फ के नाटकीय रूप से घटने की चेतावनी दी थी (फाउंटेन, 2020; गिल्बर्ट और किटेल, 2021; मैलेट एवं अन्य, 2021)। ध्रुवीय बर्फ की चौंका देने वाली पिघलने की दर ने, बर्फ के आवरण की मात्रा, विविधता और विस्तार में एक अभूतपूर्व और व्यापक कमी को अंजाम दिया, जिससे जलवायु प्रणाली के भीतर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका प्रभावित हुई। ध्रुवों की तबाही एक महत्वपूर्ण टिपिंग पॉइंट था जो गर्मी, पोषक तत्वों और तलछट संचलन को बाधित कर सकता था (मैलेट एवं अन्य, 2021)। उनके विशाल क्षेत्रफल लेकिन अपेक्षाकृत कम मात्रा के कारण, सौर परावर्तकता एवं महासागर थर्मल प्रबंधन प्रणालियों सहित वैश्विक पैमाने पर उनकी परस्पर क्रिया और प्रतिक्रिया संकट में थी। गर्म महासागरों ने 21स्वीं सदी की शुरुआत में ध्रुवों पर बर्फ बनाने के पैटर्न को काफी हद तक अस्थिर बना दिया (चित्र 2 ए, बी)। अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड की दो-महाद्वीपीय बर्फ की चादरें दुनिया भर में उच्च ऊंचाई वाले पर्वतीय ग्लेशियर, पारिस्थितिकीय तंत्रों के साथ सहस्राब्दियों से लेकर लाखों वर्षों तक भूगर्भीय पैमानों पर वैश्विक जलवायु प्रणालियों को प्रभावित करती हैं।

बीसवीं शताब्दी की शुरुआत तक, अकल्पनीय आर्कटिक 'बर्फ मुक्त ग्रीष्मकाल' संभव हो रहा था। सौर विकिरण को प्रतिबिंबित करने के लिए अपर्याप्त बर्फ के साथ, अल्बेडो प्रभाव ने महासागरों के अपरिवर्तनीय वार्मिंग को टिपिंग पॉइंट्स तक पहुँचाने की चेतावनी दी (वाधम्स, 2017)। दक्षिणी ध्रुवों पर, अंटार्कटिक बर्फ के खानों को टूट का सामना करना पड़ा। बढ़ती हिमनद निकासी ने "हाइड्रोफ्रैक्चरिंग" के लिए उनकी भेद्यता को बढ़ा दिया था, जिससे बर्फ के खाने टूट और बिखर जाते हैं। इसके अलावा, एक गर्म ग्रह का मतलब था कि आर्कटिक आइस-शीट की पुनर्जनन दर, पिघलने की दर से कम हो सकती थी, जो लगातार पतन का कारण बन सकता था (गिल्बर्ट और किटेल, 2021)।

परमाफ्रॉस्ट, उत्तरी उच्च अक्षांशों में देखी गई इस निरंतर होती वार्मिंग की एक और दुर्घटना थी। परमाफ्रॉस्ट महाद्वीपीय पैमाने के उत्तरी क्षेत्रों में मिट्टी की जल सामग्री और वनस्पति को प्रभावित करने वाले क्रायोस्फीयर घटकों में से एक रहा है, जो वार्मिंग के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है। इसमें आई कमी और पिघलने से मिट्टी में जमे हुए कार्बनिक पदार्थ, धीरे-धीरे उजागर हो रहे थे और ग्रीनहाउस गैसों को वातावरण में छोड़ने और ग्लोबल वार्मिंग की दर में वृद्धि के कारक थे (वाट्स, 2020)। इस क्रमिक पर्माफ्रॉस्ट पिघलन से कार्बन उत्सर्जन का अनुमान कम उत्सर्जन परिदृश्य के



चित्र 2 ए) आइसीएसऐट (2003-2009) और आइसीएसऐट-2 (2018-) उपग्रहों द्वारा मापी गई अंटार्कटिक भूमि की बर्फ की मोटाई में परिवर्तन। बी) आइसीएसऐट (2003-2009) और आइसीएसऐट-2 (2018-) उपग्रहों द्वारा मापी गई ग्रीनलैंड भूमि की बर्फ की मोटाई में परिवर्तन। छवियाँ: नासा के वैज्ञानिक विज़ुअलाइज़ेशन स्टूडियो अभिलेखागार (2020)

अंतर्गत लगभग 22 गीगा टन से 432 गीगा टन कार्बन डायआयक्साईड तक था, जो अचानक पिघलन और जंगल की आग के लिए जिम्मेदार नहीं था (नताली, एवं अन्य, 2021)। उस समय के संदर्भ में, अकेले वार्मिंग से उत्सर्जन की तुलना में जंगल की आग एक मध्यम उत्सर्जन परिदृश्य के तहत्, मिट्टी और पर्माफ्रॉस्ट से कार्बन उत्सर्जन सदी के अंत तक 30 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद थी। अगर जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन को कम नहीं किया गया होता तो इस अचानक पिघलन से कार्बन उत्सर्जन 40 प्रतिशत होता (नताली, एवं अन्य, 2021)। सौभाग्य से, शीतलहर की गतिशीलता, जीवाश्म उत्सर्जन को समाप्त करने वाले कठोर उपायों और कृत्रिम ग्लेशियरों के साथ मानवीय हस्तक्षेपों ने अचानक पिघलन की घटनाओं को रोक दिया। उत्सर्जन अनुमानों ने लंबे समय तक मानवजनित उत्सर्जन बजट को जकड़ने वाले सामाजिक परिवर्तनों को कम करके आंका (तोश और वर्की, 2110)।

जैसा कि हम बाद के पन्नों में चर्चा करेंगे, एक सदी बाद भी, कृत्रिम ग्लेशियरों के साथ बर्फ की पट्टी ढहने की संवेदनशीलता को कम करने के वैश्विक प्रयास पहले की तुलना में अधिक कठिन साबित हुए हैं। आशा अनुरूप परिणामों के बावजूद, समुद्र स्तर को नाममात्र के स्तर तक सीमित रखने का संघर्ष अनिश्चित बना हुआ है। जैसे-जैसे वार्मिंग का चलन जारी रहा, आइस कोर जिसने लाखों, यहाँ तक कि अरबों वर्षों में अचानक परिवर्तन की ऐतिहासिक अवधि को दर्ज किया, हमेशा के लिए खो गया। हालाँकि, आज भी, क्रायोस्फीयर की सेहत, या इसके जो कुछ भी अवशेष बचे हैं, उन्हें अभी भी सार्वभौमिक रूप से पृथ्वी की जलवायु प्रणाली का एक महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है, जो विशेष रूप से ग्रीनहाउस वार्मिंग के प्रति संवेदनशील रहा है।

1.2 हाइड्रोडायनेमिक्स

इन बदलावों के निहितार्थों को समझने की ख़ातिर जिन्होंने हमारे ग्रह को अप्रत्याशित अस्थिर अवस्थाओं की ओर धकेल दिया, वे स्थिर अवस्थाओं को बनाए रखने वाले इस हाइड्रोडायनेमिक सिस्टम को समझ सकते हैं। इनमें से एक प्रणाली, समुद्री पानी के नीचे थर्मोहेलिन सर्कुलेशन प्रणाली (टीएचसी) थी, जो बिल्कुल 'हीट पंप' की तरह ग्रह के लिए हीट सर्कुलेशन सिस्टम के रूप में काम करती थी (चित्र 3)। समुद्र के पानी के नीचे इस ऊष्मा पम्प ने भूमध्य रेखा और दो ध्रुवों के बीच ऊष्मा ऊर्जा का संचार किया, जो ऊष्मा और लवणता के नाजुक अंतर पर निर्भर करती है। इस ऊष्मा नियमन प्रणाली के विघटन से ग्रह के गतिशील नियामक और हाइड्रोलॉजिकल परिसंचरण तंत्र खतरे में पड़ रहे थे। पानी के समुद्र द्वारा अवशोषित अतिरिक्त तापीय ऊर्जा और ग्रीनलैंड की बर्फ की चादरों से अभूतपूर्व पेयजल के पिघलने के साथ, (रेसनिक, 2017) समुद्र के तापमान और लवणता के बीच नाजुक संतुलन अनियंत्रित हो रहा था (स्टीफन, एवं अन्य, 2018)। ग्रह की थर्मोडायनेमिक स्थिरता को बनाए रखने के लिए आवश्यक स्थिर थर्मोहेलिन संचलन प्रणाली के लिए ये स्थितियाँ अनुपयुक्त थीं। महासागर के जलवायु नियमन कार्य के बिना, मानव सभ्यता के लिए स्थिर स्थिति बनाए रखना असंभव है (ज़न्ना एवं अन्य, 2019)।

हालाँकि कई टिपिंग पॉइंट्स के बीच छिपे हुए इंटरैक्शन का अध्ययन शुरू होने के बावजूद, वार्मिंग के रुझान समझ



चित्र 3 थर्मोहलाइन परिसंचरण वायुमंडल में समुद्र की गर्मी को जारी करके वैश्विक जलवायु को नियंत्रित करता है। चित्र: मैपोटो/रिकार्डो प्रवेटोनी यूएनईपी/जीआरआइडी-अरेंडल, 2007

से बाहर के पैमाने पर जारी रहे। जीवाश्म तापीय ऊर्जा और उत्सर्जन से संतृप्त वायुमंडलीय प्रणालियों ने बादल निर्माण प्रक्रियाओं को खतरे में डाल दिया। अनियंत्रित छोड़ दिए जाने के कारण, वे विशिष्ट क्षेत्रों में स्ट्रैटोक्यूम्यलस बादलों के गठन को बाधित और ग्रह को ठंडा करने वाले सौर विकिरण को प्रतिबिंबित करने की उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकते थे (श्नाइडर एवं अन्य, 2019)। यदि इस टिपिंग पॉइंट का उल्लंघन किया गया होता, तो पृथ्वी का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता। इसके अलावा, कार्बन डायआक्साईड के कारण 4 डिग्री वार्मिंग और होती (श्नाइडर, एवं अन्य, 2019)। जिस कारण पहले पहल यह अस्थिरता "बिज़नेस-एज़-यूज़ुअल" उत्सर्जन परिदृश्य कहलाया, उसमें कार्बन डायआक्साईड सांद्रता अपने स्तर से काफी नीचे गिर गई थी। परंतु सदी के एक मोड़ पर आकर, ये स्ट्रैटोक्यूम्यलस डेक हाल ही में फिर से बने हैं (वोल्कोवर, 2019)। इसके अलावा, उच्च सतह वाष्पीकरण दर वाले गर्म महासागरों ने वातावरण में अधिक नमी सुनिश्चित की, जिससे वैश्विक वर्षा पैटर्न असामान्य रुप से बदल गया। गर्म महासागरों और जल निकायों से अतिरिक्त जल वाष्प ने "वायुमंडलीय नदियों" के बढ़ने का मार्ग बनाया (चित्र 4ए, बी)।

वायुमंडल के ऊपरी इलाकों में ये "नदियां" अब अतिरिक्त जल वाष्प तूफान को और अधिक तीव्र बनाने वाले बाधित वातावरण की गतिशीलता बना रही थीं, जो पहले से कहीं अधिक ऊर्जा लिए थे। इसके कारण आने वाले तटीय तूफान और तीव्र बाढ़ की घटनाओं ने समुदायों को तबाह किया (स्मिथ, 2018)। सौ साल में एक बार होने वाली चरम जलवायु घटनाएँ, जैसे तूफान और सूखा कहीं अधिक सामान्य हो गए। इस वैश्विक जलवायु पैटर्न ने अनिश्चितता का जीवन जीने वाले लोगों की संख्या में इज़ाफ़ा किया। तीव्र बाढ़ और सूखे के साथ, वर्षा-आधारित खाद्य प्रणालियों पर दबाव ने कई क्षेत्रों में जलवायु-जनित, भू-राजनीतिक टकरावों को जन्म दिया। भूवैज्ञानिक अतीत में अचानक आए जलवायु परिवर्तन का अध्ययन किया जा सकता है कि कैसे उन्होंने गहरे समुद्री थर्मोहेलिन परिसंचरण से वायुमंडलीय नदियों से स्ट्रैटोक्यूम्यलस क्लाउड संरचनाओं तक इन गहन हाइड्रोडायनामिक परिसंचरणों को प्रभावित किया। इन प्रणालियों की मानव-जनित तोड़फोड़ ने पूर्व-औद्योगिक राज्यों को 21स्वीं सदी के मध्य तक दी गई स्थिरता के लिए जिम्मेदार जटिल अंतःक्रियाओं का खुलासा किया।



चित्र 4 ए) सन् 2009 में अत्यधिक वर्षा से जुड़ी एक वायुमंडलीय नदी (एआर) जिसने यूनाइटेड किंगडम (यूके) को प्रभावित किया। बी) छवि एआर (लाल आकृति) की घटना के क्षेत्रों का एक सामान्य वितरण दिखाती है। सफेद आकृति ने महाद्वीपीय क्षेत्रों को दिखाया जहाँ एआर अत्यधिक वर्षा और बाढ़ से जुड़े थे। छवियां: (गिमेनो एवं अन्य, 2014)

1.3 समुद्री जैव विविधता

कार्बन डायआक्साईड उत्सर्जन को अवशोषित करने वाले महासागरों के साथ, पृथ्वी पर समुद्र के पानी के मौलिक रसायन विज्ञान में भारी बदलाव की सूचना दर्ज की जा रही थी — सन् 2020 में सतह के समुद्री पानी का पीएच स्तर, 0.1 पीएच तक गिर गया। एक लघुगणकीय पैमाने पर अम्लता में 30 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई (एनओएए, 2020)। शायद किसी और जगह की बनिस्पत, समुद्री जीवन पर, जिसने खुद को एक गहन रूप से अलग-थलग करने वाले पारिस्थितिकीय तंत्र में पाया, इसका सबसे ज़्यादा और नाटकीय प्रभाव पड़ा। कभी जीवन से भरपूर, समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र मानव सभ्यता की बाह्यताओं के लिए एक निर्जीव विचारधारा और एक मृत पात्र बन गया (ज़िया, 2020)। एक सदी बाद, हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, यह अम्लता समुद्र में "मृत क्षेत्रों" में बनी अभी भी हुई है, जहाँ पीएच मान दोगुने अम्लीय हैं। इनमें से कुछ क्षेत्रों में, एकमात्र जीवित प्राणी सायनोबैक्टीरियम प्रोक्लोरोकोकस हैं, जो बढ़ती अम्लता और ताप के लिए उल्लेखनीय रूप से लचीले हैं (चित्र 5)।

